RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 226 ■ मुंबई, शनिवार 14 मार्च 2026 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह

एक नजर Short News

## अनिल अंबानी के बेटे से CBI की पूछताछ

**मुंबई।** रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में जांच एजेंसी सीबीआई का दायरा बढ़ने लगा है। इस मामले में सीबीआई ने अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी से इस मामले में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि जय आज सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में जांच अधिकारी के सामने पेश हुए और उनसे लगभग साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की गई।

## कांग्रेस के आठ विधायक बेंगलुरु के लिए रवाना

**भुवनेश्वर।** राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले ओडिशा कांग्रेस के आठ विधायक बेंगलुरु रवाना हो गए, जबकि पार्टी की ओर से जारी व्हिप में सभी विधायकों को भुवनेश्वर में ही रहने का निर्देश दिया गया था। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर सभी कांग्रेस विधायकों को 13 मार्च से 16 मार्च तक भुवनेश्वर में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। यह व्हिप कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेन एक्का ने जारी किया था। बताया जा रहा है कि राजेन एक्का भी विधायकों के साथ बेंगलुरु गए हैं। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को सख्त निर्देश दिया था कि राज्यसभा चुनाव तक वे भुवनेश्वर में ही रहें। पार्टी ने 13 मार्च से 16 मार्च तक राजधानी में उपस्थित रहने को कहा था, ताकि चुनाव के दौरान सभी विधायक मौजूद रहें।

### असम से प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# 'कांग्रेस झूठे वादों की दुकान'

महानगर नेटवर्क

गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के कोकराझार जिले में 4,570 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की डिजिटल रूप से शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाएं, यह स्पष्ट संदेश दें कि घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।



इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के उद्देश्य से तीन नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। जिनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करती है, गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, जो असम और पश्चिम बंगाल के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाती है, और नारंगी-अगरतला एक्सप्रेस, जो असम और त्रिपुरा के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाती है और यात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों के लिए राज्यों के बीच यात्रा को और अधिक सुगम बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जहां भी मेरी नजर पहुंच रही है, मुझे लोग ही लोग नजर आ रहे हैं और इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आशीर्वाद देने आई हैं। आपका ये प्यार मुझ पर कर्ज की तरह है और मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि इस कर्ज को मैं आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र का विकास करके चुकाऊं।

### हमने जो भी कहा उसको सच करने की कोशिश की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपने दिखाए। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-एनडीए को अवसर दिया, तो हमने ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। कांग्रेस जहां अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए अलग-अलग समुदायों में फूट डाल देती थी, वहां भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है और एक झूठे वादे के साथ चार सुपर झूठ गिफ्ट में देती है। क्योंकि उन वादों को पूरा करने का कांग्रेस का इरादा ही नहीं होता। वहीं आपके सामने भाजपा-एनडीए का मॉडल है। हमारी डबल इंजन सरकार ने जो भी कहा, उसको सच करने की ईमानदार कोशिश की है।

### पीएम किसान निधि पर मोदी की सौगात

पीएम मोदी ने गुवाहाटी, असम में एक कार्यक्रम के दौरान किसानों के खातों में 22वीं किस्त के 2000 रुपये को ट्रांसफर किए। इसका लाभ 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को मिलेगा। बता दें कि पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में 2.15 करोड़ से अधिक महिला किसान हैं। इस योजना के तहत, पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है। जिसे 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण' (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाता है।

### पंडित नेहरू का जिक्र कर तीखा कटाक्ष

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कई खाद के कारखानों पर ताले लग गए थे, जिसे एनडीए के कार्यकाल में दोबारा शुरू कराया गया। पीएम ने कहा, एक तरफ भाजपा-एनडीए सरकार किसानों को लेकर काम कर रही है, देश को आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं। तो दूसरी तरफ आज कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वो किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध से बने संकटों के बीच भी कांग्रेस अफवाहें फैलाने और दुष्प्रचार करने में जुटी है।

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दो एलपीजी टैंकर भारत के लिए निकले

### जल्द दूर होगी एलपीजी गैस की किल्लत

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच भारत के लिए गुड न्यूज सामने आई है। होर्मुज़ स्ट्रेट से टैंकर क्रॉसिंग पर ईरान से बातचीत पॉजिटिव रही है और इसके बाद ईरान के राजदूत ने कहा-जल्द ही देंगे ख़ुशख़बरी। तो वो खुशखबरी सामने आ गई है और 4,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत के टैंकर शिवालिक ने होर्मुज़ स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। टैंकर शिवालिक पर 40 हज़ार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है और ये टैंकर अगले कुछ दिनों में भारत पहुंच जाएगा।





भारत में ईरान के एंबेसडर डॉक्टर मुहम्मद फतहली ने भी कन्फर्म किया कि प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियां के बीच अच्छी बातचीत हुई है और जल्दी ही गुड न्यूज़ मिलेगी। ईरान के राजदूत बता रहे थे कि भारत और ईरान के उच्च अधिकारियों के बीच अहम बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि अभी कुछ मसलों पर मतभेद है, लेकिन, वो उम्मीद करते हैं कि ये मतभेद जल्दी ही सुलझा लिए जाएंगे और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ से भारत के जहाज़ सुरक्षित गुज़र सकेंगे।

### पीएम मोदी ने की थी बात

बीते गुरुवार को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियां से फोन पर बात की थी और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराग़ची से फ़ोन पर बात की थी। युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान के विदेश मंत्री के साथ एस जयशंकर ने ये चौथी बार बात की थी। ईरान के दोनों नेताओं के साथ भारत के टैंकर्स की सुरक्षित निकासी को लेकर चर्चा हुई थी।

# महाराष्ट्र में जबरन धर्मांतरण पर कड़ा शिकंजा

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जबरन धर्मांतरण और तथाकथित 'लव जिहाद' पर रोक लगाने के उद्देश्य से भाजपा-प्रणीत महायुति सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में 'धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026' पेश किया। यह विधेयक गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने सदन में प्रस्तुत किया। प्रस्तावित कानून के अनुसार लालच, दबाव, धोखाधड़ी या प्रलोभन देकर कराए गए धर्मांतरण को दंडनीय अपराध माना जाएगा। सामान्य मामलों में



- विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पेश
- लालच या धोखे से धर्मांतरण पर सजा का प्रावधान
- धर्म परिवर्तन से 60 दिन पहले देना होगा लिखित नोटिस

इसके लिए 3 से 7 साल तक की सजा और 5 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। वहीं यदि मामला महिलाओं, नाबालिगों या अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों से जुड़ा हो, तो सजा सीधे 10 साल तक हो सकती है। विधेयक में यह भी व्यवस्था की गई है कि धर्म परिवर्तन से 60 दिन पहले संबंधित व्यक्ति को जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को लिखित सूचना देनी होगी। इसके बाद प्रशासन पुलिस के माध्यम से मामले की जांच करेगा और संभावित आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। इस विधेयक में प्रलोभन और जबरदस्ती शब्दों की परिभाषा को काफी व्यापक बनाया गया है। किसी को नौकरी का लालच देना, मुफ्त शिक्षा देने का वादा करना, विवाह का आश्वासन देना या यहां तक कि दैवी प्रकोप का डर दिखाना भी अब कानून के तहत अपराध माना जाएगा। कानून के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति विवाह का झांसा देकर या शादी के उद्देश्य से धर्मांतरण करवाता है, तो ऐसे विवाह को अदालत द्वारा शून्य (अमान्य) घोषित किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि इस कानून से धोखे, दबाव या लालच के जरिए कराए जाने वाले धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगेगी और पीड़ितों को न्याय मिलने में मदद मिलेगी।

शेष पेज 7 पर



# प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी योजनाएं लागू की जाएं

**स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर का निर्देश**

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई सहित एमएमआर क्षेत्र के नागरिकों को आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री जन आरोग्य और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं मिल रहा है इसे लेकर सरकार ने नामी प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने स्वास्थ्य को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के इलाज के लिए शुरू केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को नागरिकों को लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। मंत्री आबिटकर ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य




सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। इसी दिशा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना को एकीकृत रूप से प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ आधिकारिक मरीजों तक पहुंचाने के लिए बड़े और प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों को भी इसमें अधिक संख्या में सहभागी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मुंबई जैसे महानगर में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लाभ गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों तक पहुंचाने के लिए निजी अस्पतालों की भागीदारी बढ़ना आवश्यक है। इससे सामान्य मरीजों को अत्याधुनिक उपचार आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही निजी और धर्मार्थ अस्पतालों से भी सामाजिक दायित्व को ध्यान में रखते हुए आगे आने का आग्रह किया गया। मंत्री आबिटकर ने आगे बताया कि राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत उपचारों की संख्या 1356 से बढ़ाकर 2399 कर दी है और उपचारों के दरों में भी वृद्धि की गई है। अस्पतालों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन, पारदर्शी और निर्धारित समयसीमा में पूरी की जा रही है। गुणवत्ता संबंधी मानकों को पूरा करने वाले अस्पतालों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के दावों का भुगतान कम से कम समय में और नियमित रूप से किया जा रहा है। पिछले लगभग एक वर्ष में किए गए सुधारात्मक निर्णयों के कारण मरीजों की संख्या, उपचारों की संख्या तथा इस पर होने वाले व्यय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राज्य सरकार महाराष्ट्र के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अधिक से अधिक निजी अस्पतालों से योजना में शामिल होने का आग्रह किया गया है. सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री मेघना बोर्डीकर ने कहा कि राज्य के नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में दिए गए आश्वासन के अनुसार ही आज की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी निजी अस्पतालों से सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए योजना में सहभागी होने का आग्रह किया।

**ऐरोली में दर्दनाक सड़क हादसा**

# जेसीबी से टकराई बाइक दो युवकों की मौके पर मौत

महानगर संवाददाता
नवी मुंबई

नवी मुंबई के ऐरोली इलाके में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। ऐरोली सेक्टर-14 स्थित न्यू होराइजन स्कूल के सामने जेसीबी मशीन और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ऐरोली सेक्टर-14 में न्यू होराइजन स्कूल के सामने यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि जेसीबी मशीन सड़क पर काम कर रही थी,उसी दौरान सामने से आ रही बजाज एवेंजर



मोटरसाइकिल अचानक जेसीबी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय नागरिकों ने तुरंत दोनों युवकों को बचाने की कोशिश की और उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी की, लेकिन गंभीर सिर और शरीर पर चोट लगने के कारण दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे से आसपास के लोगों में दहशत और शोक का माहौल फैल गया। मृतकों की पहचान दिग्विजय बाबासाहेब दिंदे (17 वर्ष, निवासी सेक्टर-4, ऐरोली) और हर्षद सावरदेकर (18 वर्ष, निवासी सेक्टर-8, ऐरोली) के रूप में हुई है। दोनों युवक ऐरोली क्षेत्र के रहने वाले थे और बताया जा रहा है कि वे किसी काम से मोटरसाइकिल पर जा रहे थे। अचानक हुए इस हादसे से उनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त राहुल धास, राबले पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालकृष्ण सावंत और पुलिस निरीक्षक श्याम बंसोडे सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# भिवंडी में 23 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**भिवंडी।** भिवंडी शहर के गोपालनगर इलाके से क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस 110 ग्राम मादक प्रदार्थ बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 23.01 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नशे के सौदागर स्थानीय गोपाल नगर इलाके में मादक प्रदार्थ की बिक्री करने वाले है। जिसके बाद उक्त पुलिस ने 11 मार्च की रात करीब 9:05 बजे दादासाहेब दांडेकर विद्यालय के सामने जाल बिछाकर दो आरोपियों को शक के आधार पर हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 110 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) पाउडर बरामद हुआ जिसकी बाजार कीमत करीब 23.01 लाख रुपए बताई गई है। क्राइम ब्रांच यूनिट-2 के पुलिस हेड कांस्टेबल नितीन नंदीवाले की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 22(ब) और 29 के तहत मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जिनका नाम वसीम सलीम शेख (42), निवासी कल्याण और सारीम शब्बीर मोमीन (23), निवासी बंदर मोहल्ला, भिवंडी है।

# बीएमसी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की ओर बच्चों का बढ़ा रुझान

**48 प्रतिशत छात्र ही दसवीं तक पहुंच रहे स्कूल**

**प्रजा फाउंडेशन की रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

**मुंबई।** प्रजा फाउंडेशन ने बीएमसी में पढ़ने बच्चो को लेकर अपनी एक रिपोर्ट प्रकशित की है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्चो का झुकाव अंग्रेजी स्कूलों की ओर बढ़ा है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले 100 बच्चों में मात्र 48 बच्चे दसवीं तक पहुंच पारहे हैं। प्रजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में महामारी से पहले बीएमसी स्कूलों में प्रवेश लेने का अनुपात 36 प्रतिशत (2,98,215) था। यह आंकड़ा 2021-22 में बढ़कर 42 प्रतिशत (3,18,002) हो गया और 2024-25 में 44 प्रतिशत (3,10,085) पर स्थिर रहा। स्कूल में प्रवेश की वृद्धि हुई है लेकिन दसवीं पहुंचते पहुंचते 100 छात्रों में से केवल 48 छात्र ही 2024-25 तक कक्षा 10 तक पढ़ाई जारी रख पाए।



**अंग्रेजी माध्यम की ओर बढ़ती प्राथमिकता**

रिपोर्ट में माध्यम के आधार पर छात्रों के रुझान में बड़ा बदलाव सामने आया है। पिछले एक दशक में बीएमसी के मराठी माध्यम स्कूलों में छात्रों की संख्या में 34 प्रतिशत और हिंदी माध्यम स्कूलों में 39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके विपरीत अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में नामांकन में 54 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि बड़ी संख्या में अभिभावक अब अपने बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**शिक्षकों के विकास और तकनीक पर जोर अतिरिक्त आयुक्त**

बीएमसी के अतिरिक्त नगर आयुक्त अविनाश ढाकने ने कहा, "शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्हें प्रौद्योगिकी-समेकित कक्षाओं का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल और आधुनिक दृष्टिकोण प्रदान किया जा रहा है। शिक्षकों के विकास में यह निरंतर निवेश नगरपालिका विद्यालयों में एक समग्र और बहुआयामी शिक्षण वातावरण को

**शिक्षा सुधार के लिए संरचनात्मक बदलाव जरूरी**

प्रजा फाउंडेशन के सलाहकार तथा महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्य सचिव सीताराम कुंटे ने कहा मनपा शिक्षा में सुधार केवल खर्च बढ़ाने से संभव नहीं है, बल्कि शासन व्यवस्था को परिणामोन्मुखी बनाने के लिए उसका पुनर्गठन करना होगा। घटते नामांकन को रोकने और गुणवत्ता के अंतर को पाटने के लिए डिजिटल शासन को संस्थागत रूप देना, सेवा-स्तरीय मानकों को लागू करना और वार्ड स्तर पर प्रशासन को मजबूत करना आवश्यक है।"

# ट्रैफिक पुलिस से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

**मीरारोड।** अहमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग पर काशीमीरा क्षेत्र में यातायात नियंत्रित कर रहे एक ट्रैफिक पुलिस जवान के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में काशीमीरा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार काशीमीरा स्थित अमर पैलेस फ्लाईओवर ब्रिज के पास दो दोपहिया वाहन चालकों के बीच वाहन टकराने को लेकर विवाद हो गया। मामूली टक्कर के बाद शुरू हुआ यह विवाद जल्द ही झगड़े और मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि झगड़ा करने वालों में एक युवक डिलीवरी का काम करता है, जबकि



दूसरा युवक पास ही स्थित मुंशी कंपाउंड का निवासी है।

दोनों के बीच चल रही मारपीट के कारण फ्लाईओवर के पास यातायात बाधित हो गया और सड़क पर ट्रैफिक जाम लग गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस जवान मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत कराने का प्रयास किया।

# स्वाभिमान मिशन के तहत प्रीति अदाणी के नेतृत्व में 10 लाख महिलाएं बनेंगी 'बिजनेस वुमन'




**मुंबई।** अदाणी ग्रुप की सामाजिक सेवा और विकास से संबंधित इकाई, अदाणी फाउंडेशन 11 अगस्त को अपने 30 साल पूरे करने जा रही है। इस मौके से पहले फाउंडेशन ने अपने प्रमुख महिला सशक्तिकरण मिशन 'स्वाभिमान' को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की घोषणा की है। इस पहल का लक्ष्य देशभर में 10 लाख महिला उद्यमियों को सक्षम बनाना है। ये घोषणा गुरुवार को मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में आयोजित 'स्वाभिमान- द राइज़ ऑफ शी' कार्यक्रम के दौरान की गई। इस अवसर पर महिलाओं की आजीविका, व्यापार और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर इस पहल के बढ़ते प्रभाव को प्रमुखता से उजागर किया गया। विस्तार के पहले फेज में ध्यान महाराष्ट्र पर रहेगा, जहां इस पहल के तहत पहले वर्ष में एक लाख महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे छोटे बिजनेस और जमीनी स्तर की व्यापार के लिए नए अवसर तैयार किए जाएंगे। यह कार्यक्रम महिला आर्थिक विकास महामंडल (माविम) के साथ मिलकर शुरू किया गया है। माविम महाराष्ट्र सरकार की वह संस्था है,जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूहों के विकास के लिए काम करती है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत चल रहे स्वाभिमान कार्यक्रम के जरिए अब तक मुंबई के वंचित समुदायों की 4,500 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता से जुड़ी जानकारी और वित्तीय व डिजिटल साक्षरता के माध्यम से स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिली है।

# डोंबिवली में गैस, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं

**अफवाहों से बचें, राशन वितरण विभाग**



**डोंबिवली।** डोंबिवली इलाके में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच राशन वितरण विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। विभाग के अनुसार क्षेत्र में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। राशन वितरण अधिकारी दीपक डोलस ने बताया कि नागरिक बेवजह गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की पहली बुकिंग के बाद दूसरा सिलेंडर कम से कम 25 दिन बाद ही बुक किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अफवाहों के कारण कुछ स्थानों पर अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है, जिससे व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। इसलिए नागरिक संयम रखें और नियमों के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। इसके साथ ही ठाणे जिले में कहीं भी गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर नागरिक राशन वितरण विभाग की हेल्पलाइन पर सूचना दे सकते हैं।

# भांदिर्गे स्वास्थ्य समिति तो गाला बनी बाजार उद्यान की अध्यक्ष

महानगर संवाददाता
मुंबई

बीएमसी की सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति और बाजार व उद्यान समिति के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के हरीश भांदिर्गे का एकमात्र नामांकन प्राप्त होने से उन्हें निर्विरोध चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए शिवसेना के रितेश राय का एकमात्र नामांकन आने के कारण निर्विरोध चुनाव हुआ। इसी प्रकार बाजार व उद्यान समिति के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की हेतल गाला और उपाध्यक्ष पद के लिए शिवसेना के भास्कर शेट्टी निर्विरोध चुने गए। सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति और बाजार व उद्यान समिति के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में महापौर रितू तावडे और उपमहापौर संजय घाडी ने कार्यवाही संचालित की। इस अवसर



पर सह आयुक्त संजोग कबरे, उपायुक्त अजितकुमार आंबी, उपायुक्त शरद उघडे, सहायक आयुक्त (बाजार) अलका ससाणे, संचालक डॉ. शैलेश मोहिते, केईएम की डीन संगीता रावत, सायन अस्पताल के डीन डॉ. प्रमोद इंगळे, कूपर अस्पताल के डीन डॉ. देव शेट्टी, नायर अस्पताल के डीन. माला दीक्षित, कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शहा उपस्थित थे।

# पांच हजार की रिश्वत मांगने वाला एजेंट गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे में लर्निंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले एक निजी एजेंट को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी कुशन कुमार सत्यनारायण मिश्रा (44), निवासी कलहेर, भिवंडी, ने शिकायतकर्ता से दोपहिया वाहन का लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए 5,000 रुपए की मांग की थी। जबकि वास्तविक सरकारी शुल्क लगभग 200 रुपए है। अधिक रकम की मांग पर संदेह होने पर शिकायतकर्ता ने 10 मार्च को एसीबी ठाणे में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सत्यापन के दौरान एसीबी को शिकायत सही मिली। जांच में सामने आया कि आरोपी ने 700 रुपए सरकारी फीस के नाम पर पहले ही ले लिए थे और बाकी 4,300 रुपये अगले दिन देने को कहा था। इसके बाद 12 मार्च को जाल बिछाया गया।


**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सादर सेवा

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आयआरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से पात्र इन-ट्रेन वेंडिंग ठेकेदारों से कोंकण रेलवे पर चलने वाली ट्रेनों में पनवेल से मैंगलोर सेक्शन के बीच चाय/नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात्रि भोजन की आपूर्ति हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए खुली निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.: सीओ-16031/23/2016-सीओएमएम, दिनांक 13/03/2026**, ऑनलाइन प्रस्ताव/ बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 13/04/2026 को 15:00 बजे तक। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।



**महावितरण**
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता,म.रा.वि.वि.कं.मर्या.नाशिक ग्रामीण विभाग यांनी महावितरण द्वारे नाशिक ग्रामीण विभागांतर्गत येणारे उपविभाग म्हणजेच पेठ, सिन्नर, इगतपुरी, ओझर येथे उपविभागाच्या दैनंदिन कामासाठी लागणारे काम करण्याकरिता भाडेतत्वावर गाडीचे 3 वर्षासाठी (2026-27 ते 2028-29) नामिकाप्रविष्ट करणेकरिता चार **ई-निविदा EE/NSKRD/T-14/2026-27 ते EE/NSKRD/T-18/2026-27** अन्वये मागविण्यात आलेल्या आहेत. सदरच्या निविदा कंपनीच्या संकेत-स्थळावर भरण्याचा कालावधी **20.03.2026 रोजी 11:00 वाजेपर्यंत** आहे. निविदेबद्दल पूर्ण माहितीसाठी कंपनीच्या **https://etender.mahadiscom.in/eatApp/** या संकेतस्थळाला भेट द्यावी.

**कार्यकारी अभियंता,**
(Pro No: 86) **म.रा.वि.वि. कंपनी, नाशिक ग्रामीण विभाग**


# मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

**भिवंडी।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। सजा पाने वाले आरोपी की पहचान संदेश गणपत खरपडे (19) के रूप में हुई है, जो पालघर जिला के वाडा तालुका के तिलसा गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार 5 अगस्त 2018 को आरोपी ने वाडा तालुका के एक गांव में छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद वाडा पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद इस प्रकरण की सुनवाई भिवंडी की अदालत में चल रही थी। सरकारी वकील विजय मुंढे ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान कुल 12 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। प्रस्तुत सबूतों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया।

# पश्चिम रेलवे ने 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार किया

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 12 मार्च को प्रारंभिक माल लदान में 100 मिलियन टन का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही पश्चिम रेलवे ने लगातार चौथे वर्ष 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार किया है, जो माल परिवहन के क्षेत्र में उसके सुदृढ़ और निरंतर प्रदर्शन तथा देश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को सशक्त बनाने में पश्चिम रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में कई वस्तुओं के लदान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कंटेनर लदान 33.66 मिलियन टन रहा, जिसमें 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। उर्वरक लदान 18.92 मिलियन टन रहा, जिसमें लगभग 22 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। खाद्यान्न लदान 1 मिलियन टन रहा, जिसमें 28 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लौह एवं इस्पात का लदान 0.69 मिलियन टन रहा, जिसमें लगभग 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीमेंट लदान 14.53 मिलियन टन रहा, जिसमें 3 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य वस्तुओं का लदान भी मजबूत रहा और यह 15.94 मिलियन टन दर्ज किया गया, जिसमें लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल 2025 से 12 मार्च 2026 की अवधि के दौरान वस्तुवार माल लदान में कोयला, उर्वरक, कंटेनर, पीओएल, सीमेंट, खाद्यान्न, लौह एवं इस्पात तथा अन्य वस्तुएं शामिल हैं, जिससे कुल माल लदान 100.02 मिलियन टन तक पहुंच गया। वर्ष के दौरान पश्चिम रेलवे ने सनोसरा, भीमासर, वरतेज, वडोदरा मार्शलिंग यार्ड, कड़ी, गांधीधाम आदि विभिन्न स्थानों से औद्योगिक नमक, प्याज, ऑटोमोबाइल आदि जैसी वस्तुओं में माल परिवहन के नए स्रोत भी विकसित किए गए। इससे पश्चिम रेलवे के माल परिवहन पोर्टफोलियो को और अधिक मजबूती मिली है।

# मध्य रेल में यात्री यातायात में वृद्धि के साथ आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज

**मुंबई।** मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 (फरवरी 2026 तक) के दौरान यात्री यातायात में वृद्धि के साथ मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। इस अवधि में उत्पन्न यात्री एवं वाणिज्यिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**यात्री यातायात:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान मध्य रेल ने कुल 1503.50 मिलियन यात्रियों को परिवहन किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में परिवहन किए गए 1476.61 मिलियन यात्रियों की तुलना में 1.82% अधिक है।

**इसमें शामिल हैं:** 1314.91 मिलियन उपनगरीय यात्री (पिछले वर्ष 1300.32 मिलियन)188.58 मिलियन मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर एवं अन्य गैर-उपनगरीय यात्री (पिछले वर्ष 176.28 मिलियन) फरवरी 2026 माह में मध्य रेल ने कुल 130.10 मिलियन यात्रियों को परिवहन किया, जिसमें 112.98 मिलियन उपनगरीय तथा 17.13 मिलियन गैर-उपनगरीय यात्री शामिल हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में 128.27 मिलियन यात्री परिवहन किए गए थे।

**यात्री राजस्व:** वित्तीय वर्ष 2025-26 (फरवरी 2026 तक) मध्य रेल ने कुल 16055.10 करोड़ की उत्पन्न यात्री एवं वाणिज्यिक आय अर्जित की। इसमें शामिल हैं, यात्री आय – 7,296.73 करोड़, माल आय–7,487.45 करोड़, अन्य कोचिंग आय – 703.41 करोड़, विविध आय – 567.51 करोड़ अन्य कोचिंग आय में 118.89 करोड़ गैर-किराया (Non-Fare) पहलों से, 231.02 करोड़ पार्सल परिवहन से

**फरवरी 2026 के दौरान:** फरवरी 2026 के माह में, मध्य रेल ने कुल यात्री और वाणिज्यिक आय 1613.87 करोड़ रुपए दर्ज की। इसमें 735.35 करोड़ रुपये यात्री आय, 746.16 करोड़ रुपये माल परिवहन आय, 62.61 करोड़ रुपए अन्य कोचिंग आय और 69.75 करोड़ रुपए विविध आय शामिल हैं। अन्य कोचिंग आय में गैर-किराया पहलों से 10.31 करोड़ रुपये और पार्सल परिवहन से 21.05 करोड़ रुपये की आय शामिल है।

फरवरी 2026 के दौरान, नॉन-फेयर राजस्व पहलों के अंतर्गत ई-नीलामी के माध्यम से कुल 36 वाणिज्यिक अनुबंध प्रदान किए गए, जिनसे 1246.60 लाख का वार्षिक लाइसेंस शुल्क प्राप्त हुआ। मुंबई मंडल में कई महत्वपूर्ण विज्ञापन अनुबंध अंतिम रूप से दिए गए। इनमें उपनगरीय ट्रेनों के डिब्बों के अंदर विज्ञापन, माथेरान–नेरल के बीच चलने वाली टॉय ट्रेन पर विज्ञापन, तथा कुर्ला और सानपाडा कार शेड में अनुरक्षित रेकों के अंदरूनी और बाहरी माध्यमों के जरिए विज्ञापन शामिल हैं।


**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**e-TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (e-Tender) from reputed and registered contractors on Mahatransco e-Tendering Website **https://srmetender.mahatransco.in/** for the following Tender specification.

| RFX | Description | Esti. Cost |
|---|---|---|
| Tend-25/25-26 **RFX 7000038594 ...3rd call** | SITC, 22kV feeder for M/s. JTL plant at 220kV Kandalgaon S/stn under EHV (O&M) Circle, Panvel | **Rs. 35.14 Lakhs** |

EMD 1% of estimated cost. **Tender Fee: Rs. 500/- + GST. Submission of bids from 12.03.2026 to 23.03.2026 up to 11:00 hrs, Opening date: 23.03.2026 @ 11:30 Hrs.** For further details visit our website

**https://srmetender.mahatransco.in/**

**Contact Person :** The Executive Engineer (Adm) Mob. No. 8412050202. E-mail ID **se7200@mahatransco.in**

**Sd/-**
**SUPERINTENDING ENGINEER**
**EHV (O&M) CIRCLE, PANVEL**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. DEE-GSU-R-EL-T-07-25-26 दिनांक- 10.03.2026**

**कार्य का नाम** : बिलासपुर-दुर्ग सेक्शन में समपार संख्या 380,382,386,395 और 399 पर आरयूबी के निर्माण के लिए विद्युत (सामान्य) भाग का कार्य निष्पादन।

**निविदा मूल्य** : रु. 44,42,662.00 /- **ई एम डी** : रु. 88,900.00 /- **निविदा प्रस्तुत करने कि तिथि**: 10/04/2026 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरण / निविदा दस्तावेज कि खरीद पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया मंडल विद्युत अभियंता (गति शक्ति इकाई)/ रायपुर के कार्यालय से सम्पर्क करे अथवा हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**मंडल विद्युत् अभियंता गति शक्ति इकाई, रायपुर**

PR/R/DEE/GSU/AAA/356

South East Central Railway @secrail


# बोरीवली–भायंदर के बीच ब्लॉक तथा प्रभादेवी स्टेशन पर मेजर ब्लॉक

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा परिचालन कार्यों को सुचारु रूप से सम्पन्न करने के लिए बोरीवली एवं भायंदर स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर जम्बो ब्लॉक तथा प्रभादेवी स्टेशन पर शनिवार/रविवार, 14/15 मार्च की मध्यरात्रि में प्रभादेवी रोड ओवर ब्रिज (ROB) के गर्डर के डी–लॉन्चिंग कार्य हेतु सभी लाइनों पर मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बोरीवली एवं भायंदर स्टेशनों के बीच 00:15 बजे से 03:45 बजे तक लिया ब्लॉक जाएगा, जबकि प्रभादेवी स्टेशन पर 01:30 बजे से 06:00 बजे तक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। बोरीवली–भायंदर ब्लॉक के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें विरार/वसई रोड और बोरीवली के बीच स्लो लाइन पर चलाई जाएंगी। प्रभादेवी स्टेशन पर ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय सेवाएं निरस्त



रहेंगी तथा कुछ सेवाओं को दादर और बांद्रा से शॉर्ट टर्मिनेट कर वहीं से रिर्टन किया जाएगा। ब्लॉक अवधि के दौरान चर्चगेट और प्रभादेवी स्टेशनों के बीच तथा माटुंगा रोड और माहिम स्टेशनों पर कोई उपनगरीय ट्रेन सेवा परिचालित नहीं होगी। इन ब्लॉकों के कारण कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को सूरत और विरार के बीच रेगुलेट किया जाएगा अथवा रिशेड्युल किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

1.13 मार्च को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को 2 घंटा रेगुलेट किया जाएगा।

2. 14 मार्च को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22946 ओखा–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को 1 घंटा 45 मिनट रेगुलेट किया जाएगा।

3. 14 मार्च को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12928 एकता नगर–दादर एक्सप्रेस को 1 घंटा रेगुलेट किया जाएगा।

4. 14 मार्च को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12902 अहमदाबाद–दादर एक्सप्रेस को 1 घंटा रेगुलेट किया जाएगा।

5. 14 मार्च को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09052 भुसावल–दादर एक्सप्रेस को 45 मिनट रेगुलेट किया जाएगा।

6. 15 मार्च को मुंबई सेंट्रल 05:40 बजे यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22953 मुंबई सेंट्रल–अहमदाबाद एक्सप्रेस 06:10 बजे प्रस्थान करेगी, अर्थात यह ट्रेन 30 मिनट रिशेड्युल किया जाएगा।

एट्रोसिटी कानून में बदलाव

# एफआईआर होने पर तुरंत गिरफ्तारी नहीं

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि महाराष्ट्र में एट्रोसिटी कानून में बदलाव किया गया है। इस कानून के तहत एफआईआर दर्ज होने पर तुरंत गिरफ्तारी नहीं होगी। वहीं मामले में झूठे आरोप लगाने पर दर्ज एफआईआर रद्द होगी। शुक्रवार को विधान परिषद में एट्रोसिटी कानून का हो रहे दुरुपयोग का मुद्दा सदन में उठा था,इसके जवाब में मंत्री शिरसाट बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि एट्रोसिटी कानून के तहत एफआईआर होने पर पहले कमेटी द्वारा जांच होगी जांच में दोषी पाए जाने पर केस आगे बढ़ाया जाएगा नहीं तो एफआईआर रद्द होगी। शिरसाट ने कहा कि पहले इस कानून का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग हुआ है। इसलिए सरकार ने इस कानून में बदलाव किया है। इसका मकसद किसी के साथ बिना कारण के अन्याय नहीं होना चाहिए। सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि पहले एट्रोसिटी एक्ट में सीधे एफआईआर दर्ज कर लिया जाता था। कई मामलों में अपशब्द कहने पर भी पुलिस स्टेशन में जाकर लोग एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करा देते थे। नियम के मुताबिक केस दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करना होता था। कई लोग ऐसे मामलों में गिरफ्तार भी हुए हैं। इस संबंध में मंत्री शिरसाट ने कहा कि यदि कोई शिकायत करता है तो पुलिस स्टेशन में आइओ एफआईआर दर्ज करेगा,लेकिन गिरफ्तार करने से पहले आरोपों की जांच की जाएगी। जांच में यदि आरोप गलत पाए गए तो समरी बनाया जाएगा और कोर्ट की पहली सुनवाई में समरी को जोड़ा जाएगा और केस को वापस लिया जाएगा।



# नेशनल पार्क की सीमाएं तय कर निवासियों का जल्द किया जाए पुनर्वसन

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने संबंधित विभाग को दिया निर्देश




महानगर संवाददाता
मुंबई

पिछले कई सालों से बोरीवली स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में बसे रही वासियों के पुनर्वसन की मांग हो रही है। इस बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुनर्वास के लिए संबंधित एजेंसियों को एक स्थायी समाधान निकालने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमाएं एक तय समय में तय की जानी चाहिए और सीमाओं पर रहने वाले नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्वास किया जाना चाहिए, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पार्क में कब्जा करने वालों को पुनर्वास होने तक मानवीय दृष्टिकोण से बुनियादी नागरिक सुविधाएं दी जानी चाहिए। मुलुंड और ठाणे की तरफ के कब्जा करने वालों को भी उस तरफ की जगहों को ढूंढ़कर और प्लान करके पुनर्वास किया जाना चाहिए, मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिया। बैठक में वन मंत्री गणेश नाईक, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार,लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले , विधायक राजहंस सिंह, प्रवीण दरेकर , प्रकाश सर्वे, राजेंद्र गावित, मिहिर कोटेचा मौजूद थे। फडणवीस ने कहा कि हाउसिंग डिपार्टमेंट अगले एक महीने में मौजूद जमीन में से सबसे आसान और तेज ऑप्शन का इस्तेमाल करके रिहैबिलिटेशन का प्लान पेश करे। बाउंड्री तय होने के



बाद, आस-पास की मौजूदा जमीन का इस्तेमाल करके, बाउंड्री और कोर एरिया के 5 हजार नागरिकों को नियमों के हिसाब से प्रायोरिटी पर तुरंत रिहैबिलिटेट किया जाए। इस बारे में हाई कोर्ट के दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करके,कब्जा करने वालों को बेदखल करने और रिहैबिलिटेशन का मुद्दा हमेशा के लिए हल किया जाना चाहिए। कब्जा करने वालों का रिहैबिलिटेशन करते समय, ठाणे, मीरा-भायंदर, मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, हाउसिंग और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट संजय गांधी नेशनल पार्क में कोऑर्डिनेशन से काम करें। संबंधित डिपार्टमेंट यह पक्का करें कि भविष्य में संजय गांधी पार्क के आसपास कोई नया कब्जा न हो। रिहैबिलिटेशन के दौरान, इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि किसी के साथ कोई अन्याय न हो। साथ ही, कब्जा करने वालों की संख्या भी तय की जाए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस पार्क में कब्जा करने वालों को पास की जगह पर रिहैबिलिटेट करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) मनीषा म्हैसकर, पुलिस महानिदेशक सदानंद दाते, मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) मिलिंद म्हैसकर, पुलिस आयुक्त देवेन भारती, म्हाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक श्रीमती पाटिल आदि उपस्थित थे।

# राज्य में ई-रिक्शा और ई-बाइक के लिए परमिट अनिवार्य

## प्रताप सरनाईक ने की घोषणा

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य में अब यात्रियों को ढोने वाले इलेक्ट्रिक रिक्शा और इलेक्ट्रिक बाइक चालकों के लिए परमिट लेना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। मंत्री ने बताया कि यात्रियों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल होने वाले ई-रिक्शा और ई-बाइक को अब मोटर परिवहन विभाग में पंजीकरण कराना और आवश्यक परमिट प्राप्त करना होगा। अभी तक इलेक्ट्रिक रिक्शा को यात्री परिवहन के लिए अलग से परमिट लेने की बाध्यता नहीं थी, लेकिन राज्य में इन वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार यात्री परिवहन से जुड़े सभी वाहनों के लिए एक समान नियम लागू किए जा रहे हैं। इसी के तहत इलेक्ट्रिक रिक्शा और इलेक्ट्रिक बाइक को भी परमिट व्यवस्था के दायरे में लाया गया है। इससे पारंपरिक ऑटो रिक्शा, टैक्सी और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए समान नियम लागू होंगे। सरनाईक के मुताबिक इस कदम का उद्देश्य यात्री परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता लाना और अनियमितताओं को रोकना है। उन्होंने बताया कि चालकों को परमिट प्राप्त करने में आसानी हो,



इसके लिए परिवहन विभाग सिंगल विंडो प्रणाली शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस व्यवस्था के तहत आवेदन स्वीकार करने, दस्तावेजों की जांच और परमिट की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर सरल तरीके से पूरी की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि इस फैसले से यात्री परिवहन प्रणाली में अनुशासन बढ़ेगा और यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस का बोझ होगा कम : पाटील

## छात्राओं को 100% और छात्रों को 50% ट्यूशन फीस माफी, छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया आसान, दस्तावेज और जानकारी कम की गई

**मुंबई।** राज्य में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का आर्थिक बोझ कम करने के लिए सरकार ने छात्रवृत्ति और शुल्क माफी से जुड़ी प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला किया है। छात्राओं को 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफी और छात्रों को 50 प्रतिशत फीस माफी का लाभ दिया जा रहा है। यदि कोई महाविद्यालय इस निर्णय के बावजूद छात्रों से शुल्क वसूलता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने शुक्रवार को विधानसभा में दी। विधानसभा सदस्य रईस शेख द्वारा लंबित शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति वितरण से जुड़ी समस्याओं पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मंत्री पाटील ने बताया कि छात्रों को होने वाली कई जटिल प्रक्रियाओं को अब आसान बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति आवेदन में मांगी जाने वाली जानकारी 138 से घटाकर 66 कर दी गई है,जबकि आवश्यक दस्तावेजों की संख्या 17 से घटाकर 8 कर दी गई है। अब सीईटी का डेटा सीधे उपयोग किया जाएगा,जिससे छात्रों को बार-बार जाति प्रमाणपत्र या अन्य कागजात जमा नहीं करने पड़ेंगे। मंत्री पाटील ने बताया कि महाविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए छात्रवृत्ति की पहली किस्त जल्द जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति वितरण को वेतन से भी अधिक प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं और यह व्यवस्था जून से लागू होगी। उन्होंने यह भी



बताया कि सरकार 'अर्न एंड लर्न' जैसी नई योजना पर काम कर रही है। इसके तहत लगभग 5 लाख छात्रों को हर महीने 2,000 रुपए अतिरिक्त मानधन देने की योजना है। हालांकि इसकी अभी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। इस योजना के अंतर्गत छात्र विश्वविद्यालय या महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण, पुस्तकालय प्रबंधन और सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे। इसके लिए सरकार,महाविद्यालय और सामाजिक संस्थाएं मिलकर निधि जुटाएंगी। इसके अलावा शहरों की श्रेणी के अनुसार छात्रों को 10 महीनों के लिए छात्रावास भत्ता भी दिया जा रहा है। मुंबई और पुणे जैसे शहरों में 6,000 रुपए प्रति माह (कुल 60,000 रुपए), राजस्व विभाग मुख्यालय वाले शहरों में 5,100 रुपये और तालुका स्तर पर 4,800 रुपए प्रति माह दिए जाते हैं। मंत्री पाटील ने बताया कि लंबित भुगतान समय पर करने के लिए कुछ वित्तीय संस्थाओं, जैसे फेडरल बैंक, से भी चर्चा चल रही है। सरकार ब्याज का भुगतान करेगी और ये संस्थाएं सीधे छात्रों या महाविद्यालयों की फीस जमा करेंगी, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# महाराष्ट्र की अलग 'टावर पॉलिसी' बनाने पर विचार

## अनधिकृत मोबाइल टावरों का सर्वे होगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मोबाइल टावरों से जुड़ी समस्याओं और नियमन को लेकर राज्य सरकार नई 'टावर पॉलिसी' बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में बताया कि राज्य की जरूरतों और केंद्र सरकार की नीति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र की स्वतंत्र टावर नीति तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जल्द ही सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए मंत्री सामंत ने कहा कि राज्य में अनधिकृत मोबाइल टावरों का सर्वेक्षण भी कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मोबाइल टावर पर जप्ती, बिजली आपूर्ति बंद करने या संपत्ति



कर से जुड़ी कठोर कार्रवाई करने से पहले आईटी विभाग के प्रधान सचिव की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन को इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं। मंत्री सामंत ने बताया कि जिन स्थानों पर स्ट्रक्चरल ऑडिट पूरा होने के बावजूद टावरों को लेकर समस्याएं सामने आ रही हैं, उन मामलों की विस्तृत रिपोर्ट आईटी विभाग को भेजी जाएगी, ताकि तकनीकी और कानूनी पहलुओं की जांच कर उचित समाधान निकाला जा सके।

# वसंत विहार में फास्ट फूड सेंटर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**ठाणे।** ठाणे के वसंत विहार इलाके में शुक्रवार दोपहर एक फास्ट फूड सेंटर के किचन में आग लगने से हड़कंप मच गया। आपदा प्रबंधन कक्ष को दोपहर 12:24 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दमकल, पुलिस और महावितरण की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग "बाबा पावभाजी एंड फास्ट फूड सेंटर" में लगी थी, जो वसंत विहार सर्कल के पास स्थित है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग किचन में लगी, जिसमें इलेक्ट्रिक वायरिंग, प्लास्टिक सामान और चिमनी जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। उस समय सेंटर में आठ कर्मचारी काम कर रहे थे, लेकिन आग लगते ही सभी सुरक्षित बाहर निकल आए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांकः- झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/46 — दिनांकः 12.03.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-ई-2026-46, **कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़नः- कंस्ट्रक्शन ऑफ़ इन्टेक वेल एट केन रिवर एंड लायिंग ऑफ़ पाइप लाइन एंड फ़िल्टर प्लांट एट बांदा।

**अनुमानित लागत** : ₹ 3,52,31,227.78 | **अमानत राशिः** ₹ 3,26,200.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 06.04.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 18 माह।

• निविदा दिनांक **06.04.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। **567/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला स्तरीय समितियों का गठन

**मुंबई।** ईरान-इजराइल के बीच शुरू युद्ध को लेकर घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न उपाय शुरू किए हैं। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और संभावित कमी की स्थिति में बेहतर समन्वय हो सके,इसके लिए राज्य सरकार ने जिला स्तर पर विशेष समितियां गठित करने का निर्णय लिया है।

खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अपर मुख्य सचिव अनिल डिग्गीकर ने संबंधित सभी एजेंसियों को राज्यभर में एलपीजी आपूर्ति सुचारु रखने तथा वितरण पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से जारी रहेगी और किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है।

मार्च महीने में पिछले छह महीनों की तुलना में अधिक मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। युद्ध की पृष्ठभूमि में घरेलू गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों को आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा न आए और संभावित कमी की स्थिति में समन्वय सुनिश्चित हो सके, इसके लिए जिला स्तर पर विशेष समितियां गठित की जाएंगी। इन समितियों में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा सभी सरकारी गैस कंपनियों के अधिकारी शामिल होंगे।

# सभी स्कूलों में मराठी पढ़ाना अनिवार्य : दादाजी भुसे

## सभी बोर्ड और माध्यम के स्कूलों पर लागू होगा नियम, उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर होगी कड़ी कार्रवाई

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र में सभी माध्यमों और सभी बोर्डों से जुड़े स्कूलों में मराठी भाषा को अनिवार्य विषय बनाया गया है। जो स्कूल इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधानसभा में दी।

विधानसभा सदस्य हारून खान की तरफ से उठाए प्रश्न के उत्तर में मंत्री भुसे ने बताया कि 1 मार्च 2020 की अधिसूचना के अनुसार राज्य के सभी माध्यमों और सभी प्रबंधन वाले स्कूलों में मराठी पढ़ाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बोर्डों के स्कूलों में भी मराठी को दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाना जरूरी है और किसी भी स्थिति में इसे



हटाया नहीं जा सकता। मंत्री भुसे ने कहा कि जिस स्कूल के बारे में विधायक हारून खान ने शिकायत की है, उसकी शिक्षा विभाग द्वारा तुरंत जांच कराई जाएगी। यदि वहां मराठी नहीं पढ़ाई जा रही होगी, तो संबंधित स्कूल को नियमों की जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियम केवल सरकारी स्कूलों तक सीमित नहीं है, बल्कि निजी, गैर-अनुदानित और विदेशी बोर्ड से जुड़े स्कूलों पर भी लागू होता है। मराठी राज्य की आधिकारिक भाषा है, इसलिए इसका संरक्षण और नई पीढ़ी को इसका अध्ययन कराना जरूरी है और इस मुद्दे पर सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।

मंत्री भुसे ने कहा कि जिन स्कूलों में मराठी नहीं पढ़ाई जा रही है, उन्हें पहले चेतावनी देकर नियम लागू कराया जाएगा। इसके बाद भी आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। इस विषय पर हुई चर्चा में विधानसभा सदस्य अतुल भातखलकर और अमित देशमुख ने भी भाग लिया।

### निजी प्री-स्कूलों के नियमन के लिए नया कानून जल्द

स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधानसभा में कहा कि महाराष्ट्र में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार निजी प्री-स्कूलों की अनिवार्य पंजीकरण, नियमन और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नया अधिनियम लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 2025 के सरकारी परिपत्र के अनुसार सभी निजी प्री-स्कूलों को प्री-स्कूल रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। अब तक राज्य में 12,733 निजी प्री-स्कूलों का पंजीकरण हो चुका है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, परियोजना इकाई, आगरा उत्तर मध्य रेलवे द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्याः** AGCPU202603 | **अनुमानित लागतः** रु. 28640535

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में मथुरा-पलवल खंड पर मौजूदा नई दिल्ली-मुंबई मार्ग पर गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में एसपी, एसएसपी और टीएसएस के लिए ऑटो ट्रांसफार्मर न्यूट्रल करंट अनुपात पर आधारित 2x25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए स्वचालित फॉल्ट लोकेटर (एएफएल) की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।

**धरोहर राशिः** रु. 293200/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. **02.04.2026** को **16:00 Hrs.** तक भरा जा सकता है। **571/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/624** — **दिनांकः 12.03.2026**

**ई-निविदा सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज,** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

**निविदा संः** 230-क.वि.-कार्य ठेका-1013-2026

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के चुनार स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य (चरण-1) के कारण 25 केवी ओएचई में संशोधन का कार्य।

**अनुमानित लागत :** ₹ 4,79,36,636.68 | **बिड सुरक्षा राशि :** ₹ 3,89,700.00

**कार्य अवधिः 12** Months | **बोली प्रणालीः** एक पैकेट

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 02.04.2026, 14.00 बजे

**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 02.04.2026, 15.00 बजे

**नोटः- 1.** उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **578/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# नाशिक कुंभ के लिए 22,181 करोड़ के कार्य मंजूर

**मुंबई।** वर्ष 2027 में होने वाले नाशिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले को विश्वस्तरीय बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कुंभ मेले में आने वाला हर श्रद्धालु भारत और महाराष्ट्र की छवि अपने साथ लेकर जाएगा, इसलिए इसका आयोजन ऐसा होना चाहिए जो दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने। विधान भवन में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कुंभ मेला शिखर समिति की बैठक में त्र्यंबकेश्वर-नाशिक कुंभ मेले की तैयारियों के लिए 22,181 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें पहले चरण के 5,140 करोड़ और दूसरे चरण के 17,041



करोड़ रुपए के प्रकल्प शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि कुंभ से जुड़े कामों में कोई जानबूझकर बाधा डालता है या देरी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई और आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण में किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही नाशिक रिंग रोड के काम को गति देने, शहर में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और श्रद्धालुओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शौचालय उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कुंभ मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालु शिर्डी और शनि शिंगणापुर भी जाते हैं, इसलिए शिर्डी-नाशिक सड़क का काम जल्द पूरा किया जाए। साथ ही श्रद्धालुओं को संचार में परेशानी न हो, इसके लिए मोबाइल नेटवर्क व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कालाराम मंदिर परिसर के विकास, राम काल पथ परियोजना को गति देने, शहर में ऑप्टिकल फाइबर और सीसीटीवी नेटवर्क सुधारने तथा अमृत स्नान के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल, जलसंपदा मंत्री गिरीश महाजन, सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्र सिंह राजे भोसले, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक सीमा हिरे, देवयानी फरांदे, सरोज अहिरे, पंकज भुजबल, माणिकराव कोकाटे, दिलीप बनकर, हिरामण खोसकर और राहुल ढिकले सहित नाशिक की महापौर हिमगौरी आहेर भी उपस्थित थीं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांक-उप मु0वि0अभि0/परि0/कानपुर/टेन्डर-02ए/25-26 — दिनांकः 11.03.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विधुत अभियन्ता/परि0/कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है

**ई-निविदा सूचना संख्याः** उप मुख्य विधुत अभियन्ता/परि0/कानपुर टेन्डर-02ए/25-26

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए किए गए संशोधन के संबंध में साइडिंग को बिजली आपूर्ति हेतु सीबी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू कराने का कार्य।

**अनुमानित लागत रु.:** 134272254.48 | **अमानत राशि रु.:** 821400.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 00 | **वैलिडिटि पीरियडः** 90 दिन

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 02.04.2026, 15:00 बजे

निविदा दिनांक **02.04.2026** को **15:00** बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। **554/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**

सादर सेवा

**निविदा सूचना**

क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड कारवार की ओर से उप मुख्य अभियंता/कार्य/कारवार द्वारा निम्नलिखित खुली निविदाएँ ireps.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है।

**क्र. सं. 1, कार्य का नाम** – कर्नाटक राज्य में एसएसई/डब्ल्यू/मुरुडेश्वर सेक्शन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए छोटे-मोटे कार्य, रखरखाव, मरम्मत कार्य एवं सामग्री आपूर्ति हेतु वार्षिक सेक्शनल अनुबंध। **ई-निविदा संख्याः केआर/केडब्ल्यू/डब्ल्यू/2026/02/आरबी, कार्य की लागतः** ₹ 55.08 लाख (जीएसटी छोड़कर), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 03/04/2026 दोपहर 15:00 बजे तक।

**क्र. सं. 2, कार्य का नाम** – गोवा राज्य में मडगांव रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में संशोधन एवं अन्य विविध कार्य तथा प्लेटफॉर्म सं. 1, 2 एवं 3 पर जंग लगी जीआय कोच वॉटरिंग पाइपलाइन का प्रतिस्थापन। **ई-निविदा संख्याः केआर/केडब्ल्यू/डब्ल्यू/2026/03/आरबी, कार्य की लागतः** ₹ 9.10 लाख (जीएसटी छोड़कर), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 03/04/2026 दोपहर 15:00 बजे तक।

**क्र. सं. 3, कार्य का नाम** – कर्नाटक राज्य में जेई/डब्ल्यू/उडुपी सेक्शन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए छोटे-मोटे कार्य, रखरखाव, मरम्मत कार्य एवं सामग्री आपूर्ति हेतु वार्षिक सेक्शनल अनुबंध। **ई-निविदा संख्याः केआर/केडब्ल्यू/डब्ल्यू/2026/04/आरबी, कार्य की लागतः** ₹ 61.30 लाख (जीएसटी छोड़कर), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 03/04/2026 दोपहर 15:00 बजे तक।

**क्र. सं. 4, कार्य का नाम** – गोवा राज्य में जेई/डब्ल्यू/मडगांव सेक्शन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए छोटे-मोटे कार्य, रखरखाव, मरम्मत कार्य एवं सामग्री आपूर्ति हेतु वार्षिक सेक्शनल अनुबंध। **ई-निविदा संख्याः केआर/केडब्ल्यू/डब्ल्यू/2026/05/आरबी, कार्य की लागतः** ₹ 150.86 लाख (जीएसटी छोड़कर), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 03/04/2026 दोपहर 15:00 बजे तक।

**क्र. सं. 5, कार्य का नाम** – गोवा राज्य में मडगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 की सतह में सुधार कार्य। **ई-निविदा संख्याः केआर/केडब्ल्यू/डब्ल्यू/2026/06/आरबी, कार्य की लागतः** ₹ 15.36 लाख (जीएसटी छोड़कर), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 03/04/2026 दोपहर 15:00 बजे तक।

अधिक जानकारी के लिए उप मुख अभियंता, कार्य, कोकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार से संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.ireps.gov.in वेबसाईट देखें।


# एसटी चालकों के लिए ब्रेथलाइजर टेस्ट अनिवार्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब, सभी एसटी चालकों के लिए सेवा के दौरान शराब पीने पर रोक लगाने के लिए ब्रेथलाइजर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। गोंदिया में हाल ही में हुई एक घटना के बाद, जिसमें कुछ चालक शराब के प्रभाव में पाए गए थे, एसटी प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। डिपो में काम पर आने वाले चालकों को हर दिन ब्रेथलाइजर मशीन से अल्कोहल टेस्ट करवाना होगा। इस निर्णय के तहत, केवल सही टेस्ट रिकॉर्डिंग के बाद ही चालकों को ड्यूटी पर भेजा जाएगा।


MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E Tender) from registered contractors/ agencies on Mahatransco SRM-E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in for following works.**

**Tender No:- EE/EHV/O&M/DN-I/T/SRM/E-Tender-60 /2025-26 RFX No: 7000039292 Work:-**SRM E Tender No.60 First call for Supply, installation, testing & commissioning of microprocessor based Multi Function Meters (MFM) for various EHV S/Stns under EHV O&M Division-1, Pune. **Tender Amount:-** Rs.30,90,785/- (Excluding GST) **EMD:-** Rs. 30,908/-, **Tender Fees:-** Rs. 500/-+GST=Rs.590/-. **Download of tender documents:-** From dtd. 13.03.2026 to at 11:00, 30.03.2026. **Bid Opening:-** dtd.30.03.2026.after 11:05 hrs (Tech Bid), dtd 01.04.2026.after11:00 hrs (Price Bid). For further details visit our website **https://srmetender.mahatransco.in** and open above RFX for downloading tender document, schedules, and annexures.

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**EHV (O&M) Division I, Pune**



MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors/agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in for following works under EHV O&M Division, Kalwa,**

| Sr. No. | Tender No. | Estimated Amount in Rs. | Nature of Work | Download of tender documents Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/EHV/ (O&M)/ Dn./KLW/ TENDER/ 17/2026-27 | **2,04,49,804.51** | Providing services of 51 Nos. of skilled labours at various substations, 220 kV line maintenance S/Dn., Kalwa, 400kV lines S/Dn. Kalwa and Substation maintenance S/Dn., Kalwa under EHV (O&M) Dn., Kalwa FY 2026-27. **(RFx. No.7000039309)** | Tender Downloading Dates & time. From **Dt. 14.03.2026 To Dt: 28.03.2026 up to 10:00 Hrs.** Technical Opening: - **Dt 28.03.2026 at 11:00 hrs** (Onwards if possible) Commercial Opening:- **Dt 28.03.2026 at 14:00 hrs** (Onwards if possible) |

**Tender fee:-** Rs. 5,000 + GST

**Contact Person : The Executive Engineer, Mob. No. 9930496231.**

For further details visit our Mahatransco E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in**

**Note:-** All eligible interested contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tender portal (New) - **https://srmetender.mahatransco.in.**

**Sd/-**
**EE, EHV (O&M) Dn., Kalwa**

# संविधान के प्रति अटूट श्रद्धा जरूरी

भारत विविधताओं का देश है। यहाँ धर्म, भाषा, जाति और संस्कृतियों की असंख्य धाराएं एक साथ प्रवाहित होती हैं। इस बहुलता को बनाए रखना केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि भारतीय संविधान की मूल भावना है। दिलचस्प बात यह है कि यही विचार इस्लाम की मूल शिक्षाओं में भी गहराई से निहित है। जब हम इस्लामी सिद्धांतों और भारतीय संवैधानिक मूल्यों को साथ पढ़ते हैं तो स्पष्ट होता है कि साम्प्रदायिक सौहार्द केवल नागरिक कर्तव्य नहीं बल्कि मुसलमानों के लिए एक धार्मिक जिम्मेदारी भी है। भारतीय गणराज्य की शुरुआत "हम, भारत के लोग" जैसे शब्दों से होती है। यह वाक्य केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नैतिक घोषणा हैकृकि भारत की पहचान किसी एक धर्म, भाषा या समुदाय से नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की साझी भागीदारी से बनती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। यह सिद्धांत इस विचार को खारिज करता है कि जन्म, धर्म या पहचान के आधार पर किसी व्यक्ति की गरिमा कम या अधिक हो सकती है। यह अवधारणा क़ुरआन के उस मूल संदेश से मेल खाती है जिसमें कहा गया है कि ईश्वर ने "आदम की संतान को सम्मानित किया"। इस्लाम में मानव गरिमा केवल मुसलमानों तक सीमित नहीं बल्कि समस्त मानवता के लिए है। साम्प्रदायिक हिंसा केवल सामाजिक शांति को ही नहीं, बल्कि मानव जीवन की मूल गरिमा को भी नष्ट करती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 हर व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसी भावना को क़ुरआन की एक अत्यंत प्रसिद्ध आयत और भी स्पष्ट करती है-"जिसने किसी एक निर्दोष की हत्या की, उसने मानो पूरी मानवता की हत्या की।" यह संदेश बताता है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर हिंसा करना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध अपराध है। इसलिए साम्प्रदायिक हिंसा न केवल संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि इस्लामी नैतिकता के भी प्रतिकूल है। भारतीय संविधान अनुच्छेद 25 से 28 के माध्यम से धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने, प्रचार करने और अपनी धार्मिक पहचान बनाए रखने का अधिकार है। इस्लाम भी विविधता को प्राकृतिक और ईश्वरीय व्यवस्था का हिस्सा मानता है। पवित्र क़ुरआन कहता है कि मानव समाज को विभिन्न जातियों और समुदायों में इसलिए बनाया गया ताकि वे "एक-दूसरे को पहचानें"। इस आयत का संदेश स्पष्ट है-भिन्नता संघर्ष का कारण नहीं, बल्कि संवाद और समझ का अवसर है। भारत की बहुलतावादी संस्कृति भी इसी सिद्धांत पर आधारित है। साम्प्रदायिक तनाव अक्सर तब पैदा होता है जब लोग अपने समुदाय के प्रति अंध निष्ठा को न्याय से ऊपर रख देते हैं। इस्लाम इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। क़ुरआन आदेश देता है कि न्याय पर दृढ़ रहो, चाहे वह अपने ही परिवार या समुदाय के विरुद्ध क्यों न हो। यह सिद्धांत भारतीय संविधान के "विधि के शासन" के विचार से मेल खाता है, जहाँ न्याय किसी व्यक्ति की पहचान नहीं देखता। न्याय का आधार केवल सत्य और निष्पक्षता है। इस्लामी इतिहास में सहअस्तित्व का एक महत्वपूर्ण उदाहरण मदीना नगर-राज्य की स्थापना के समय देखने को मिलता है। वहाँ विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच एक सामाजिक अनुबंध बनाया गया जिसे "मदीना का संविधान" कहा जाता है। इस दस्तावेज़ ने मुसलमानों, यहूदियों और अन्य क़बीलों को समान सुरक्षा और अधिकारों के साथ एक राजनीतिक समुदाय के रूप में मान्यता दी। धार्मिक स्वतंत्रता और पारस्परिक जिम्मेदारी इस व्यवस्था के मूल तत्व थे। यह मॉडल हमें याद दिलाता है कि बहुधार्मिक समाज में न्याय और सहअस्तित्व इस्लामी परंपरा का भी हिस्सा रहा है। साम्प्रदायिक सौहार्द केवल कानूनों से नहीं बनता; वह रोज़मर्रा के व्यवहार से मजबूत होता है। इस्लाम पड़ोसियों के प्रति विशेष दया और सम्मान की शिक्षा देता है। पैग़म्बर मुहम्मद ने कहा कि सच्चा ईमान वाला वह नहीं जिससे उसका पड़ोसी सुरक्षित न हो। इसी प्रकार भारतीय संविधान की प्रस्तावना "बंधुता" यानी भाईचारे को राष्ट्रीय जीवन का मूल मूल्य मानती है। यह भावना समाज में पारस्परिक विश्वास और सम्मान को बढ़ाती है। घृणास्पद भाषण और धार्मिक अपमान साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाते हैं। क़ुरआन इस विषय पर स्पष्ट निर्देश देता है कि दूसरे समुदायों के पूजनीय प्रतीकों का अपमान न किया जाए। यह सिद्धांत केवल धार्मिक सहिष्णुता का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी है। भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ लगाए गए युक्तिसंगत प्रतिबंध भी इसी संतुलन को बनाए रखने का प्रयास हैं। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द केवल एक समुदाय का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। फिर भी मुसलमानों के लिए इसका विशेष महत्व है, क्योंकि इस्लाम अपने अनुयायियों को न्याय, दया और शांति का संरक्षक बनने की शिक्षा देता है। भारतीय संविधान एक ऐसा कानूनी ढाँचा प्रदान करता है जो विविधता की रक्षा करता है। इस्लाम उस ढाँचे को नैतिक दिशा देता है। जब दोनों के मूल्यों को साथ समझा जाता है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि साम्प्रदायिक सौहार्द केवल एक सामाजिक आदर्श नहीं बल्कि आस्था और नागरिकता दोनों का साझा आह्वान है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

गर्मी बढ़ती जा रही, कहां करें फरियाद
यूजीसी पर भानु भी,दिला रहा है याद
दिला रहा है याद, अरे वो खल के जाए
ऊर्जा और प्रकाश,बराबर ही सब पाए
कह सुरेश कविराय छोड़ दो ये बेशर्मी
वरना उन्तिस में उतार देंगे सब गर्मी

# भारतीय सभ्यता में 'इच्छामृत्यु' सदैव अस्वीकार !

> भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रुकती लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है। समूचे विश्व में भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता? लेकिन हरीश राणा का मामला सबसे इतर है।




इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरानी में होंगी लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था पर उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था जिसका उन्होंने कानूनी मर्यादयों में रहकर अपना फर्ज निभाया। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने 'मेडिकल बोर्ड' को गठित' करने का आदेश दिया। बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी। गौरतलब है, इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु? कानून में जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रूकती लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है। समूचे विश्व में भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता? लेकिन हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा। बेशक ये निर्णय पहला है पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने का इंतजार है। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे। इस मसले पर केंद्र सरकार को कोई समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनाना होगा। हालांकि, इस फैसले को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये केस रियर और दुर्लभ श्रेणी का है। फैसले के बाद पूरा हिंदुस्तान हरीश राणा के माता-पिता के जिगरे को भी सलाम कर रहा है। हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त-2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई। तब से लेकर आज तक तमाम चिकित्सीय सुविधाएं दी गईं लेकिन सभी बेअसर साबित हुईं। पिछले साढ़े 13 सालों से वह अचैत अवस्था में बिस्तर पर है। सारे डॉक्टर हार गए, कोई दवा काम नहीं आई। हार कर माता-पिता उसे घर ले आए और लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कर दिया। इस दरम्यान माता-पिता की समूची जिंदगी आर्थिक और मानसिक रूप से बेटे के स्वस्थ होने की चाह में तबाह हो गई। झूठी आस में बेटे की सेवा करते रहे लेकिन उसकी भी एक सीमा होती है। आखिर कब तक वह बेटे को जिंदा रखते। माता पिता शारीरिक रूप से भी जब कमजोर होने लगे तो उन्होंने हाईकोर्ट में इच्छामृत्यु की गुहार लगाई जो अब कहीं जाकर मंजूर हुई है। अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा मंगाई गई 'एम्स अस्पताल' की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक करने की कोई उम्मीद नहीं? तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया। दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छामृत्यु की इजाजत देकर पूर्णकार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। मुश्किल फैसला है लेकिन करना पड़ेगा। चिंता और चिता में बिंदी का फर्क है। चिता मृत शरीर को जलाती है पर चिंता जिंदगी को जलाती रहती है। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके नश्वर शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।

**■ डॉ. रमेश ठाकुर**

# लौट रहे किताबों की ओर

दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म और इंटरनेट ने जीवन के लगभग हर क्षेत्र को बदल दिया है। शिक्षा भी इससे अछूती नहीं रही। गत डेढ़ दशक में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में टैबलेट, लैपटॉप, स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन कंटेंट को आधुनिक शिक्षा का पर्याय मान लिया गया। यह माना गया कि अगर बच्चों को बचपन से ही डिजिटल माध्यमों से पढ़ाया जाएगा तो वे भविष्य की टेक्नोलॉजी आधारित दुनिया के लिए बेहतर तैयार होंगे। लेकिन अब एक दिलचस्प मोड़ सामने आ रहा है। जिस डिजिटल शिक्षा मॉडल को दुनिया भविष्य मान रही थी, वही मॉडल अब कई देशों में पुनर्मूल्यांकन के दौर से गुजर रहा है। दुनिया की सबसे अधिक डिजिटल शिक्षा प्रणालियों में गिने जाने वाले स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश फिर से किताब, कागज और पेन की ओर लौट रहे हैं। कई देशों में स्कूलों के भीतर मोबाइल फोन और टैबलेट के उपयोग को सीमित या प्रतिबंधित किया जा रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में सामने आए शोध, अनुभव और सीखने के परिणामों ने शिक्षा नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर किया है। करीब 15 साल पहले दुनिया के कई विकसित देशों ने शिक्षा के डिजिटल भविष्य की परिकल्पना की। इस सोच के पीछे कई तर्क थे। पहला, तकनीक से पढ़ाई को अधिक रोचक और इंटरैक्टिव बनाया जा सकता है। दूसरा, इंटरनेट के माध्यम से बच्चों को वैश्विक ज्ञान तक तुरंत पहुंच मिल सकती है। तीसरा, डिजिटल


वायरल तस्वीर

उपकरणों के जरिए शिक्षा को अधिक व्यक्तिगत यानी पर्सनलाइज लर्निंग बनाया जा सकता है। स्वीडन उन देशों में था जिसने सबसे पहले स्कूलों में डिजिटल माध्यमों को बड़े पैमाने पर अपनाया। 2009 के आसपास वहां के स्कूलों में टैबलेट और कंप्यूटर को पाठ्यपुस्तकों का विकल्प बनाने की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे कई स्कूलों में किताबों की जगह डिजिटल उपकरणों ने ले ली। स्मार्ट बोर्ड, ऑनलाइन सामग्री और डिजिटल असाइनमेंट को आधुनिक शिक्षा का प्रतीक माना जाने लगा। फिनलैंड, जो अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए दुनिया में सबसे अधिक प्रशंसित देशों में से एक है, वहां भी स्कूलों में डिजिटल उपकरणों को बड़े उत्साह के साथ अपनाया गया। कई जगह छात्रों को मुफ्त लैपटॉप दिए गए और पढ़ाई का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया गया। उस समय यह मॉडल इतना आकर्षक लगा कि दुनिया के कई देशों ने इसे अपनाने की कोशिश की। भारत में भी डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट एजुकेशन जैसे शब्द शिक्षा सुधार के प्रमुख नारे बन गए। लगभग एक दशक तक डिजिटल शिक्षा के प्रयोग के बाद कुछ समस्याएं धीरे-धीरे सामने आने लगीं। शिक्षकों, अभिभावकों और शोधकर्ताओं ने पाया कि तकनीक ने पढ़ाई को आसान तो बनाया है लेकिन कई बुनियादी कौशल कमजोर भी कर दिए हैं। स्वीडन में किए गए अध्ययनों में पाया गया कि स्क्रीन पर पढ़ने वाले छात्रों की एकाग्रता और गहराई से समझने की क्षमता कम हो रही है। चौथी कक्षा के छात्रों की पढ़ने की क्षमता का आकलन करने वाले अंतरराष्ट्रीय अध्ययन प्रोग्रेस इन इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी में 2016 और 2021 के बीच स्वीडन के बच्चों के पढ़ने के स्कोर में गिरावट दर्ज की गई। शिक्षाविदों ने देखा कि जब बच्चे टैबलेट या लैपटॉप पर पढ़ते हैं तो उनका ध्यान जल्दी भटकता है। एक क्लिक में गेम, सोशल मीडिया या अन्य वेबसाइटों तक पहुंच उन्हें पढ़ाई से दूर कर देती है। डिजिटल उपकरण पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी माध्यम हैं, इसलिए उनमें विचलन की संभावना अधिक होती है। फिनलैंड के शिक्षकों ने भी यही अनुभव साझा किया। कई शिक्षकों ने बताया कि डिजिटल उपकरणों के कारण छात्रों का ध्यान बार-बार भटक जाता है। बच्चे असाइनमेंट जल्दी खत्म कर लेते हैं ताकि वे गेम खेल सकें या सोशल मीडिया पर जा सकें। डिजिटल शिक्षा पर सवाल उठने के पीछे सबसे बड़ा कारण बच्चों के मस्तिष्क और व्यवहार पर स्क्रीन के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंता है। नॉर्वे और अमेरिका के कई शोध बताते हैं कि जब बच्चे हाथ से लिखते हैं तो उनके मस्तिष्क के कई हिस्से एक साथ सक्रिय होते हैं। अक्षर बनाने की प्रक्रिया, उंगलियों का दबाव और लिखावट की संरचना दिमाग में मजबूत स्मृति चिन्ह (मेमोरी ट्रेस) बनाते हैं। इसके विपरीत, कीबोर्ड पर टाइपिंग अपेक्षाकृत एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इसमें मस्तिष्क जानकारी को उतनी गहराई से प्रोसेस नहीं करता। यही कारण है कि हाथ से नोट्स लिखने वाले छात्र विषयों को अधिक गहराई से समझते हैं। इसके अलावा लगातार स्क्रीन देखने से आंखों पर तनाव, नींद की समस्या और मानसिक बेचैनी भी बढ़ने की आशंका रहती है। फिनलैंड के कुछ अध्ययन बताते हैं कि किशोर औसतन प्रतिदिन लगभग छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए चिंताजनक है। डिजिटल शिक्षा का एक अनपेक्षित परिणाम स्क्रीन एडिक्शन के रूप में सामने आया है। जब बच्चे बहुत कम उम्र से ही टैबलेट और स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लगते हैं तो वे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। कई शिक्षकों का कहना है कि डिजिटल उपकरणों के कारण बच्चे निष्क्रिय उपभोक्ता बनते जा रहे हैं। वे जानकारी को तेजी से स्क्रॉल करते हैं, लेकिन उसे गहराई से समझने की क्षमता कम हो रही है। किताब पढ़ना एक धीमी और ध्यान केंद्रित करने वाली प्रक्रिया है।

**■ राजेश जैन**

## हाय रे रसिया मोबाईल !

यह जो मुलाकात है न ,यह है बड़ा रसिया यानी "प्ले-बॉय"का बाप! एपस्टीन फाइल में इसका नाम कैसे नहीं आया, बड़ा ताज्जुब है! साला रात-दिन जवान छोकरियों के गालों से चिपका रहता है! मुंह से मुंह, होंठ से होंठ मिला कर बाते करते और सुनते रहता है! ऐसे लफंगे को तो जेल में होना चाहिए जबकि आज भी सरेआम यह अपनी कारगुजारी बदस्तूर जारी रखे हुए है! ऐसे नंगे बंदे के लिये कोई सेंसर बोर्ड क्यों नहीं है? सांसद-विधायक, संसद और विधान-सभाओं में इस पर प्रश्न क्यों नहीं उठाते? हमारा समाज आज इतना दिशाहीन भटका हुआ क्यों हो गया है? कहीं कोई विरोध नहीं,कोई इसके खिलाफ चूं भी नही करता! क्या इस पर "नग्नता-एक्ट" नहीं लगना चाहिए? एफ.आई.आर दर्ज क्यों नहीं किया जाता, उल्टे पुलिसवाले इसका साथ देते हुए चौबीस घंटे इसको अपने पॉकेट में घुसाए घुमते रहते हैं! थोड़ी–बहुत कहीं नैतिकता बची है कि नहीं? आम पब्लिक को तो छोड़िये, यहाँ तक कि हमारे अबोध बच्चे तक इस मस्तीजादे के शिकार हो चुके हैं और इसके फंदे में फंसकर अस्पताल तक पहुँच रहे हैं! इस चरित्रहीन आवारा का हाल इतना बिगड़ चुका है कि रात ये बन्दे -बंदियों के मखमली बिस्तरे में सीने से चिपका पड़ा रहता है! यानी हर रात सुहागरात! सुबह होते ही फिर नये चार्ज के साथ इसका साज-सिंगार,प्रेमालाप शुरू इसकी प्रेमिका के अलावा और इसको कोई छू दे तो महा-गृह-युद्ध की शुरुआत! थोड़ी देर के लिए न मिले,गुम हो जाए तो प्रेमिका की हार्ट अटैक की पंचानबे प्रतिशत संभावना! ऐसा आत्मिक प्रेम! शीरी-फरहाद,लैला-मजनू सारे आशिक मात! ओ मेरे देश के कर्णधारों,जागो! अब नहीं तो कब ध्यान दोगे? जब चिड़िया खेत चुक जायेगी तब ?अब तक कोई एक्शन क्यों नहीं? समझ क्यों नहीं रहे हो? देश के लिए ये चीन और पाकिस्तान से भी ज्यादा खतरनाक है! मैं भी कैसी बेवकूफी की बातें कर रहा हूँ! किनको कर्णधार-कर्णधार कहकर जगा रहा हूँ! अरे ये तो खुद इस मोबाइल सुन्दरी के इश्क के बीमार हैं! जब संसद और विधान-सभाओं में राष्ट्रीय महत्व के विषय पर चर्चा होती रहती है तब ये खुद पीछे की सीट पर बैठकर चुपके–चुपके इससे इश्क लड़ाते रहते हैं! उस दिन मैं अपने एक मित्र के यहाँ मुलाकात के लिए अपने दो-तीन दोस्तों के साथ गया । शिष्टाचार निभाते हुए मित्र, मेहमान कमरे से पांच कदम दूर रसोई में काम करती अपनी श्रीमती जी को फोन लगाते हुए बोले—"सुनिए जी, मित्र आये हुए हैं,जरा चार कप चाय भेज दीजिये...!" कौन जानता था कि इस नासपीटे मोबाइल के आने से आदमी इतना नकारा और आलसी हो जाएगा ! अब कोई आशिक यदि अपनी माशूक से यह कहता है कि मैं तुम्हारे लिए जान भी दे सकता हूँ तो मुझे हंसी आती है !" ग़ालिब,दिल को बहलाने को ख्याल अच्छा है...! हाँ,यह बात और है कि आज के दौर में कोई भी बंदी या बंदा अपने मोबाइल के लिए जान दे भी सकता है और ले भी सकता है! झूठ बोल रहा हूँ तो कौवा काट ले मुझे!



**■ कस्तूरी दिनेश**

आज का कार्टून




साभार

# आखिर उत्तराखण्ड की राजधानी है कहां?

चमोली जिले में स्थित भराड़ीसैण (गैरसैण) में जब भी दो - तीन दिनों के लिये उत्तराखण्ड विधानसभा का सत्र चलता है तो सीमान्त हिमालयी प्रदेश उत्तराखण्ड की स्थाई राजधानी का मुद्दा फिर गरमा जाता है। नवम्बर 2000 से लेकर अब तक राज्य गठन के 25 साल हो गये लेकिन राज्य की राजधानी का मुद्दा अभी तक न तो सुलझ पाया और न ही निकट भविष्य में सुलझने के आसार नजर आ रहे हैं। भाजपा की सरकार ने राजधानी के विवाद को सुलझाने के लिये भराड़ीसैण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित तो कर दिया मगर विपक्षी राजनीतिक दल तो रहे दूर यह घोषणा राज्य की मांग को लेकर एक अभूतपूर्व आन्दोलन चलाने वाले लागों के गले भी नहीं उतरी। उतरती भी कैसे ? किसी एक स्थान पर महज कुछ दिन विधानसभा सत्र आहूत करने से वह स्थान राजधानी नहीं हो जाता! अगर लोग भराड़ीसैण को ग्रीष्मकालीन राजधानी मान भी लें तो शीतकालीन या स्थाई राजधानी का जवाब अनुत्तरित है। जिस भराड़ीसैण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया है वहां छह साल में केवल एक बार ग्रीष्मकालीन सत्र हुआ और वह भी बहुत संक्षिप्त। नवम्बर 2000 में बने तीन नये राज्यों में से उत्तराखण्ड अकेला राज्य है जिसकी राजधानी आज तक तय नहीं हो पायी। इसके लिये कोई और नहीं बल्कि उत्तराखण्ड का अपना राजनीतिक तंत्र जिम्मेदार रहा है जो कि राज्य गठन से लेकर अब तक राजधानी को लेकर एक राय नहीं हो सका। जब संसद में उत्तर प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पास हो गया था तो उसी समय से राजधानी की तलाश शुरू हो गयी थी लेकिन उस समय जब विधायकों और सांसदों में राजधानी को लेकर गढ़वाल और कुमाऊं के बीच रस्साकस्सी होने लगी तो तत्कालीन बाजपेयी सरकार ने यह मुद्दा उत्तराखण्ड के लागों पर ही छोड़ दिया और तात्कालिक ढांचागत सुविधाओं को देखते हुये देहरादून को अस्थाई राजधानी घोषित करने के साथ ही कुमाऊं के लोगों को संतुष्ट करने के लिये नैनीताल को हाइकोर्ट दे दिया। आज ये दोनों शहर अपनी सीमित धारण क्षमता के कारण राजधानी और हाइकोर्ट के बोझ तले कुचले जा रहे हैं। दोनों ही भूगर्भीय दृष्टि से अति संवेदनशील है। नैनीताल की विकट स्थिति को देखते हुये स्वयं हाइकोर्ट को अपने लिये कोई नयी जगह तलाशने के आदेश देने पड़े। चूंकि केन्द्र सरकार ने राजधानी के चयन की जिम्मेदारी स्वयं उत्तराखण्ड (उत्तरांचल) सरकार पर छोड़ी हुयी थी इसलिये पहली नित्यानन्द स्वामी सरकार ने इसके लिये दीक्षित आयोग का गठन कर डाला जिसे 6 माह के अन्दर अपनी सिफारिश देनी थी लेकिन आयोग उत्तराखण्ड की राजनीति से अपरिचित नहीं था, इसलिये उसने मामला 8 साल तक लटकाये रखा। सरकारें आती रहीं-जाती भी रहीं मगर दीक्षित आयोग कायम रहा। 11 जनवरी 2001 को गठित इस आयोग ने भारी जन दबाव के बाद 17 अगस्त 2008 को अपनी रिपोर्ट दाखिल की जो कि दिसम्बर 2008 में विधानसभा में रखी गयी। रिपोर्ट भी खोदा पहाड़ निली चुहिया जैसी ही थी। दीक्षित आयोग की यह रिपोर्ट भी उत्तराखण्ड की क्षेत्रवादी राजनीति की पोल खोलने के लिये काफी है। आयोग के समक्ष 70 विधायकों में से एक और पांच सांसदों में से भी एक ने अपनी राय दी। दिलचस्प बात यह है कि सर्वेक्षणों में जनता का भारी बहुमत गैरसैण के पक्ष में था लेकिन आयोग के समक्ष लिखित राय देने वाले मात्र 4-5 लोग ही इसके पक्ष में खड़े दिखे। आयोग में राय देने वाले अधिकांश लोगों ने राज्य हित के बजाय अपने क्षेत्रीय हित को प्राथमिकता दी। गढ़वाल के लोगों ने ऋषिकेश या देहरादून और कुमाऊं के लोगों ने रामनगर या काशीपुर को वरीयता दी। ऐसी स्थिति में आयोग ने देहरादून के रायपुर क्षेत्र को ही अपनी वरीयता दे डाली। राजधानी को लेकर सबसे बड़ा मजाक तो तब हुआ जब भराड़ीसैण में आयोजित बजट सत्र के दौरान 4 मार्च 2020 को ग्रीष्मकालीन राजधानी की घोषण हो गयी। इस घोषणा की पुष्टि के लिये 8 जून 2020 को अधिकारिक अधिसूचना भी जारी हो गयी। इसकी वास्तविकता भी जानिये ! भराड़ीसैण के 'ग्रीष्मकालीन राजधानी' बनने के बाद पिछले छह वर्षों में केवल जून 2022 में ही वहां वास्तविक ग्रीष्मकालीन सत्र हुआ। शेष वर्षों में कोरोना, चुनाव, चारधाम यात्रा या ठंड के बहानों के बीच ग्रीष्मकालीन राजधानी में गर्मियों के सत्र सिरे ही नहीं चढ़े। एक दो सत्र शीतकाल में चले भी तो आधे अधूरे! राजधानी वह होती है जहां से शासन प्रशासन चलता है।

**■ जयसिंह रावत**

# पटना के 3000 हॉस्टल बंद होने की कगार पर

## गैस क्राइसिस- 2 .5 लाख बच्चों को जाना पड़ सकता है घर

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

'बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अभी तो स्टॉक में रखा गैस इस्तेमाल कर रही हूं। आगे क्या होगा? कैसे होगा? कह नहीं सकती। होटल-हॉस्टल बंद हो रहे हैं। लड़कियों को सुबह, दोपहर, रात 3 टाइम खाना देना होता है। उसे तो बंद या कम नहीं कर सकती।'




गर्ल्स हॉस्टल की मालकिन पल्लवी इतना कहकर कुछ पलों के लिए ठहरती हैं। फिर बोलती हैं, 'मैंने गैस के लिए कुछ लोगों से बात की, लेकिन कोई पक्के तौर पर नहीं कह रहा है कि सिलेंडर मिल जाएगा।'

यह परेशानी सिर्फ पल्लवी की नहीं। गैस संकट के चलते पटना के हजारों होटल और हॉस्टल मालिक परेशान हैं। स्थिति यह है कि करीब 3000 हॉस्टल बंद होने की कगार पर हैं। खाना नहीं मिलने के चलते 2.5 लाख से ज्यादा बच्चों को पढ़ाई छोड़कर घर लौटना पड़ सकता है। पनाश और मौर्या जैसे बड़े होटलों के पास भी 2 से 3 दिन खाना बनाने लायक ही गैस बची है। गैस संकट से पटना के हॉस्टल किस तरह प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनकी क्या तैयारी है। यह जानने के लिए हम गांधी नगर, बोरिंग रोड और अन्य इलाकों के हॉस्टलों में गए। उनके संचालकों से बात की।

सबसे पहले हम पटना के गांधी नगर स्थित इंपीरियल बॉयज हॉस्टल पहुंचे। हॉस्टल के मेस इंचार्ज बली कुमार से बात की। उन्होंने कहा, 'गैस नहीं मिलने से बड़ी परेशानी हो रही है। बुकिंग नहीं हो रही है। सिलेंडर ब्लैक में बेचा जा रहा है। एक कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए 2300 रुपए तक देना पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर 1500 रुपए में मिल रहा है। मेरे यहां 50 बच्चे हैं। इन्हें खाना खिलाना जरूरी है। हमलोग किसी तरह गैस सिलेंडर का इंतजाम कर रहे हैं, नहीं तो बच्चों को खाना कैसे खिलाएंगे।'

हमने बोरिंग रोड स्थित कोजी इन बॉयज हॉस्टल के मेस इंचार्ज आर्यन कुमार देव से बात की। उन्होंने कहा, 'गैस की किल्लत तो है, लेकिन इसके लिए सरकार को दोष नहीं दे सकते। ईरान के पास के समुद्री रास्ते से गैस नहीं आ रहा है। सरकार कोशिश कर रही है कि गैस की किल्लत न हो। कुछ दिन दिक्कत होगी।' बच्चियों को भूखा नहीं रख सकता, बाहर से व्यवस्था करनी होगी

# ये 'झोलाछाप' मार डालेंगे

## सिर फटा तो डॉक्टर ने टांके की जगह लगा दिया स्टेपलर पिन

**नवादा।** नवादा जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कथित झोलाछाप डॉक्टर ने घायल युवक के सिर के फटे घाव का इलाज करने के नाम पर ऐसा तरीका अपनाया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। युवक के सिर में टांका लगाने की बजाय डॉक्टर ने स्टेपलर की पिन लगा दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।मिली जानकारी के अनुसार यह मामला नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नरो मुरार गांव का बताया जा रहा है। यहां के रहने वाले एक युवक का 3 मार्च को किसी कारण से सिर फट गया था। घायल युवक इलाज के लिए पास के ही गणेश नगर में एक डॉक्टर के पास पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि डॉक्टर ने घाव पर टांका लगाने की जगह सामान्य स्टेपलर मशीन से सिर में पिन लगा दी। इलाज का यह तरीका देखकर लोग दंग रह गए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर



तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है और न ही कथित डॉक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है। अगर युवक के आरोप सही हैं तो यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

# सहरसा में नीतीश ने सम्राट के कंधे पर रखा हाथ

## लोगों से कहा- इन्हें बताइए काम हो रहा है, हाथ जोड़कर खड़े रहे डिप्टी CM

**सहरसा।** CM नीतीश कुमार 'समृद्धि यात्रा' के तीसरे फेज में आज सहरसा पहुंची है। CM ने यहां करीब 35 मिनट तक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के आखिर में मुख्यमंत्री ने मंच पर मौजूद नेताओं को आगे आने को कहा। CM ने लोगों से कहा कि हाथ उठाकर सभी का नमन कीजिए। इसके बाद मुख्यमंत्री खुद सम्राट चौधरी के पास पहुंचे। CM ने डिप्टी CM के कंधे पर हाथ रखा और लोगों से कहा कि इन्हें बताइए कि काम हो रहा है। इस दौरान सम्राट चौधरी हाथ जोड़े खड़े रहे।

### जीविका दीदियों से कहा- चुपचाप बैठे, कहा जा रही हो

CM के संबोधन के दौरान कुछ जीविका दीदियां उठकर जाने लगीं। इस पर CM ने कहा- 'भाग नहीं ना



रहे हैं रहिए चुपचाप। कहां जा रही है रे। पहले वाला कोई काम किया था। अब ना हम पता रहे हैं काम हो रहे हैं। वो देखो ना वो चली गई। हम देख रहे हैं 4-5 उधर भाग रही है। भागो मत। यहीं रहिए,इसलिए हम कह रहे हैं।'

### खगड़िया में जीविका दीदी बोलीं- 2 बार फॉर्म भरा, लेकिन 10 हजार रुपए नहीं मिले

खगड़िया में CM की सभा में पहुंची जीविका दीदी ने कहा- "मैंने 2-2 बार फॉर्म भरा, इसके बावजूद मुझे 10 हजार रुपए नहीं मिले। मैं बहुत गरीब परिवार से आती हूं। मुझे पैसे दिए जाएं।"

दूसरी जीविका दीदी ने कहा- "मुझे 6 बेटियां हैं। अगर सरकार मदद नहीं करेगी तो कौन करेगा। मैं अपने बच्चों की शादी कैसे करूंगी। बेटियों को कैसे विदा करूंगी।"

तीसरी महिला ने नीतीश सरकार की तारीफ करते हुए कहा- "हम महिलाओं को बहुत मदद मिली है। 10 हजार रुपए मिले। हमें सिलाई मशीन दी गई। अब इससे मैं अपना रोजगार कर घर चला रही हूं।" चौथी महिला ने कहा- "सरकारी चावल जो हम गरीबों को दी जाती है, वो क्वालिटी बहुत ही खराब है। हमें अच्छा चावल दिया जाए।"

# बिहार में निगरानी का बड़ा एक्शन : 30 हजार रुपए रिश्वत लेते डेयरी ऑफिसर रंगे हाथ गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया जिला मुख्यालय में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने छापेमारी कर एक सरकारी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। डेयरी फील्ड ऑफिसर अनुराग अभिषेक को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तारी बानुछापर के हजमा टोला स्थित एक किराए के मकान में चल रहे डेयरी ऑफिस से की गई। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने कार्यालय के दस्तावेज और फाइलों की भी जांच शुरू कर दी। कार्रवाई



के लिए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम पटना से बेतिया पहुंची थी। टीम ने पहले से ही पूरे मामले की तैयारी कर रखी थी। जैसे ही अधिकारी ने शिकायतकर्ता से पैसे लिए, टीम ने तुरंत छापेमारी कर उन्हें पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में काफी चर्चा शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार गौनाहा प्रखंड के मटियरिया सेरवा निवासी बबलू कुमार ने समग्र गव्य विकास योजना के तहत गाय की खरीदारी की थी। इस योजना की कुल लागत करीब 3 लाख 50 हजार रुपये थी। सरकार की ओर से इस योजना में 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाना था।

# दादी का आशीर्वाद लेने गांव पहुंचे ईशान किशन

**नवादा।** भारतीय क्रिकेट के स्टार प्लेयर ईशान किशन अपने पैतृक निवास नवादा पहुंचे। अपनी व्यस्त खेल दिनचर्या से समय निकालकर ईशान अपनी दादी का आशीर्वाद लेने अपने घर पहुंचे थे। जैसे ही नवादा की धरती पर ईशान ने कदम रखा, प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिले की सड़कों पर अपने चहेते क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों और स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ जमा हो गई। भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज और पॉकेट डायनामाइट



के नाम से मशहूर ईशान किशन जब अपने पैतृक जिले नवादा पहुंचे, तो वहां का नजारा किसी त्यौहार से कम नहीं था। अपनी दादी से मिलने और उनके आशीर्वाद लेने पहुंचे ईशान का स्वागत करने के लिए जनसैलाब उमड़ता रहा।

# जहरीले पेय पदार्थ से तीन की मौत, पांच लोगों की बिगड़ी हालत

**सारण।** सारण जिले के मशरक इलाके से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। जहरीले पेय पदार्थ के सेवन से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



### जहरीले पेय पदार्थ पीने के बाद बिगड़ी तबीयत

मशरक के पूरब टोला गांव में जहरीले पेय पदार्थ के सेवन से कई लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। लोगों को चक्कर आने लगा और आंखों के सामने धुंधलापन छाने लगा। इसके बाद परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ लोगों की हालत काफी गंभीर थी। इसी दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य को बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया गया।

### तीन लोगों की हुई मौत

इस घटना में अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों की पहचान पूरब टोला गांव निवासी स्वर्गीय उमेश सिंह के 40 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार और पशुराम महतो के 45 वर्षीय पुत्र रघुवर महतो के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पंकज कुमार की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के मुख्य गेट पर ही हो गई थी। वहीं रघुवर महतो की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल छपरा में हुई।

### पांच लोगों को किया गया रेफर

घटना में पांच अन्य लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें सदर अस्पताल छपरा भेजा गया है। इनमें पूरब टोला गांव के बबन महतो, मिंटू महतो, मंटू कुमार और कुंदन महतो शामिल हैं। इसके अलावा किशुनपुरा गांव के दूधनाथ शर्मा को भी इलाज के लिए रेफर किया गया है। रेफर किए गए लोगों ने डॉक्टरों को बताया कि उन्होंने पेय पदार्थ का सेवन किया था। इसके बाद उनकी आंखों के सामने धुंधलापन आने लगा और घबराहट महसूस होने लगी।

# बांका पुलिस लाइन में फूड प्वाइजनिंग से हड़कंप

**बांका।** बांका पुलिस लाइन में शुक्रवार को फूड प्वाइजनिंग की घटना से हड़कंप मच गया। दोपहर का भोजन करने के बाद 100 से अधिक पुलिस जवान अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत से बीमार पड़ गए। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा सहित अन्य पुलिस बल अस्पताल पहुंचे और बीमार जवानों का हाल जाना। चिकित्सकों ने सभी की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पुलिस लाइन में जवानों ने दोपहर में फ्राई राइस और चना का छोला का भोजन किया था। भोजन के कुछ ही देर बाद कई जवानों की तबीयत बिगड़ने लगी।

जांच में आशंका जताई जा रही है कि चना में सल्फास की टिकिया मिली होने के कारण फूड प्वाइजनिंग हुई है। फिलहाल सभी जवानों का इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# राज्यसभा चुनाव में डिनर डिप्लोमेसीः भोजन संग भरपूर 'दक्षिणा' के बाद ही होगा पांचवें यजमान का कल्याण !

**पटना।** बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होगा। चूंकि पांच सीटों पर छह उम्मीदवार हैं इसलिए मतदान होगा। मतदान होगा तो एनडीए के पांचवे उम्मीदवार के लिए 3 वोट कम पड़ जाएंगे। एनडीए का यह पांचवां उम्मीदवार तभी जीतेगा जब 3 विधायक क्रॉस वोटिंग करें या फिर पांच या इससे अधिक विधायक मतदान में गैरहाजिर हो जाएं। छठे उम्मीदवार राजद के अमरेन्द्रधारी सिंह तभी जीत सकते हैं जब एआईएमआईएम (AIMIM) के पांच और बसपा का एक विधायक



उन्हें वोट दे। इसकी तस्वीर अभी साफ नहीं है। इसलिए मतदान के दिन इधर से उधर होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्रॉस वोटिंग के लिए किसी दल के विधायक टूट सकते हैं। बिहार में 2010 और 2014 में ऐसा हो चुका है। 2010 में तो राजद के दो विधायक जानते थे कि यदि क्रॉस वोटिंग की तो दल से निकाल दिया जाएगा, फिर भी उन्होंने ऐसा किया।

अभी राज्यसभा चुनाव को लेकर पटना में गुरुवार से ही भोज-भात दौर चल रहा है। 14 मार्च को उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर भोजन का प्रबंध है। इसके बाद 15 मार्च को संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के यहां भोज है। डिनर डिप्लोमेसी में बहुत कुछ तय होता है। अगर एनडीए की तरफ से भोजन के साथ-साथ कल्याण करने वाले पुरोहितों को 'उत्तम दक्षिणा' देने का भी प्रबंध हो जाए तो पांचवां प्रत्याशी जरूर 'भवसागर' पार कर जाएगा।

# जमीन विवाद में वृद्ध दंपती की चाकू से गोदकर हत्या, इलाके में सनसनी

**बांका।** बांका-दौना मुख्य पथ पर प्रभावती नगर के पास गुरुवार रात जमीन विवाद में एक वृद्ध दंपती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान कैलाश यादव (70) और उनकी पत्नी समरी देवी (65) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों रात में अपने बासा में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने बासा में घुसकर दोनों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जांच करती पुलिस की टीम। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बांका एसडीपीओ अमर विश्वास,



टाउन थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

मृतक के इकलौते पुत्र ने जमीन विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की छानबीन करते हुए आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# 24 घंटे भी नहीं टिक सकी भोजपुर में जदयू जिलाध्यक्ष की कुर्सी

**आरा।** जनता दल यूनाइटेड (JDU) के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा को महज एक दिन बाद ही पद से हटा दिया गया है। पार्टी की ओर से अगिआंव प्रखंड के करवासिन पंचायत के पूर्व मुखिया गौरी शंकर शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन शिकायतें मिलने के बाद उनका मनोनयन निरस्त कर दिया गया। दरअसल, जदयू के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार ने 11 मार्च को मुख्यमंत्री Nitish Kumar की सहमति से भोजपुर समेत कई जिलों के लिए नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी। इसी क्रम में भोजपुर जिलाध्यक्ष के रूप में गौरी शंकर शर्मा के नाम की घोषणा की गई थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नियुक्ति के बाद उनके संबंध में पार्टी मुख्यालय को कई तरह की शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसी दिन देर शाम राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संशोधित सूची जारी कर गौरी शंकर शर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया। हालांकि, अभी तक भोजपुर जिलाध्यक्ष के पद



के लिए किसी नए नाम की घोषणा नहीं की गई है। इस घटनाक्रम के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच विभिन्न तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। बता दें कि 11 मार्च को जिलाध्यक्ष के साथ महानगर अध्यक्ष पर भी मनोनयन किया गया था। जिला अध्यक्ष के पद पर गौरी शंकर शर्मा को जबकि आरा महानगर अध्यक्ष के पद पर लगातार दूसरी बार जयप्रकाश चौधरी को मनोनीत किया गया था।

## व्यापार

# उधार लेने वालों की बेहतर भुगतान आदतों से भारत का क्रेडिट सेक्टर मजबूत : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत का क्रेडिट सेक्टर लगातार मजबूत हो रहा है। बढ़ती कर्ज की मांग और लोगों द्वारा समय पर भुगतान करने की बेहतर आदतों के कारण यह सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। Experian की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2025 तक देश में कुल बकाया कर्ज लगभग 130 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल आधार पर करीब 17% की अच्छी वृद्धि दर्शाता है। FY26 की तीसरी तिमाही (Q3) में ही लगभग 20 लाख करोड़ के नए कर्ज दिए गए। यह दिखाता है कि व्यक्तिगत उधार लेने वालों और व्यवसायों—दोनों का ही क्रेडिट




सिस्टम पर भरोसा बना हुआ है। इसी के साथ, कर्ज के भुगतान में होने वाली देरी भी कम हुई है, जो मजबूत वित्तीय अनुशासन और अधिक स्थिर क्रेडिट माहौल का संकेत देती है। रिपोर्ट में एक स्पष्ट रुझान यह भी सामने आया है कि लोग अब सिक्योर्ड लोन की ओर अधिक झुकाव दिखा रहे हैं, जैसे गोल्ड लोन, होम लोन और वाहन लोन।

# LPG की कमी से स्विगी-जोमैटो पर ऑर्डर घटे

## दिन में 30 नहीं, 5 ऑर्डर मिल रहे, रेस्टोरेंट बंद, IT कंपनियां बोलीं- घर से टिफिन लाएं

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका जंग के बीच भारत में कॉमर्शियल LPG सिलेंडर की किल्लत का असर फूड इंडस्ट्री पर भी दिखने लगा है। कई शहरों में रेस्टोरेंट और क्लाउड किचन गैस की कमी से जूझ रहे हैं। इस वजह से स्विगी और जोमैटो जैसे फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर कम हो रहे हैं। गिग वर्कर्स बताते है कि अब दिन के ऑर्डर 30 से घटकर सिर्फ 5-10 रह गए है, क्योंकि रेस्टोरेंट में मैन्यू बहुत छोटा हो गया है या रेस्टोरेंट बंद हो गए




हैं। रोटी, डोसा, और पूरी जैसे ज्यादा गैस की खपत वाले फूड को मैन्यु से हटा दिया गया है। इसलिए लोग अपने पसंद का खाना ऑर्डर नहीं कर पा रहे हैं। गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन का कहना है कि, जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफार्मों पर फूड डिलिवरी ऑर्डर 50-60% कैंसल हो रहे है।

### क्विक सर्विस रेस्टोरेंट की कुकिंग 65% LPG पर निर्भर

जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज के मुताबिक देश की प्रमुख क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (QSR) चेन में कुल कुकिंग का 60-65% हिस्सा एलपीजी पर निर्भर है। आमतौर पर इनके पास सिर्फ एक से दो हफ्ते का गैस स्टॉक होता है। रेस्टोरेंट किचन में करीब 80% खाना एलपीजी सिलेंडर से पकाया जाता है, जबकि बाकी हिस्से में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस जैसे विकल्पों का उपयोग होता है। इसलिए सप्लाई में थोड़ी भी रुकावट आने पर कुछ ही दिनों में किचन का काम प्रभावित हो जाता है।

### कॉरपोरेट कैंटीन तक पहुंचा संकट

गैस संकट की वजह से आईटी कंपनी इंफोसिस के कई कैंपस की कैंटीन सेवाओं पर असर पड़ा हैं।

# केल्टन ने फ्यूचरएज AI लैब्स के साथ की पार्टनरशिप

**मुंबई।** केल्टन ने फ्यूचरएज AI लैब्स के साथ पार्टनरशिप करके ज़ौर्नी बनाया है, जो ट्रैवल बिज़नेस के लिए एक AI-फर्स्ट B2B ट्रैवल प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म ट्रैवल बिज़नेस के लिए आसान सप्लायर ऑनबोर्डिंग, प्राइसिंग इंटेलिजेंस, बुकिंग मैनेजमेंट, सर्विसिंग वर्कफ्लो और पोस्ट-सेल्स एंगेजमेंट के लिए सिंगल सोर्स के तौर पर काम करता है। केल्टन ने ज़ौर्नी बनाया, जो एक नेटिव AI B2B ट्रैवल प्लेटफॉर्म है ताकि ट्रैवल पार्टनर के लिए स्मार्ट प्राइसिंग डिसीजन, रियल-टाइम पर्सनलाइज़ेशन, स्ट्रीमलाइन्ड सर्विसिंग और ज्यादा



जानकारी के साथ डिसीजन लेने में मदद मिल सके। इसका नतीजा यह है कि ट्रैवल पार्टनर के लिए ज़्यादा इंटेलिजेंट डिसीजन लेने के प्रोसेस के साथ इन्वेंट्री एक्सेस बढ़ गया है। ट्रैवल एजेंट आमतौर पर हर बुकिंग में 1-2 दिन बिताते हैं, जिसमें वे कई सोर्स से ग्राउंड ट्रांसपोर्ट, एक्टिविटी और इन्वेंट्री ढूंढते हैं।

# शेयर बाजार में विनाशकारी गिरावट जारी

**मुंबई।** मिडल-ईस्ट में जारी जंग के बीच घरेलू बाजार में विनाशकारी गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को, भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भयावह गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 1470.50 अंकों (1.93 प्रतिशत) की बड़ी गिरावट के साथ 74,563.92 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 488.05 अंकों (2.06 प्रतिशत) की भारी गिरावट के साथ 23,151.10 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि गुरुवार को भी बाजार में 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई



थी। कल, सेंसेक्स 829.29 अंकों (1.08 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 76,034.42 अंकों पर और निफ्टी 227.70 अंकों (0.95 प्रतिशत) के नुकसान के साथ 23,639.15 अंकों पर बंद हुआ था। शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 2 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 28 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से सिर्फ 3 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 47 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर आज सबसे ज्यादा 1.18 प्रतिशत और भारती एयरटेल का शेयर 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि एलएंडटी का शेयर आज सबसे ज्यादा 7.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# 10g सोना 1,748 गिरकर 1.58 लाख का हुआ

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में आज 13 मार्च को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10g था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 8,350 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए ।

# सैमसंग गैलेक्सी S26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ भारत में उपलब्ध

**मुंबई।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी नई गैलेक्सी S26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ की वैश्विक उपलब्धता की घोषणा कर दी है। सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई स्मार्टफोन्स के रूप में गैलेक्सी S26 अल्ट्रा, गैलेक्सी S26+ और गैलेक्सी S26 उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज और स्मार्ट एआई अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे वे कम चरणों में अधिक काम कर सकते हैं। गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के बाद से नई सीरीज़ को दुनियाभर में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। शुरुआती प्री-ऑर्डर आंकड़ों में दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें गैलेक्सी S26 अल्ट्रा सबसे लोकप्रिय मॉडल बनकर उभरा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों ने चुना। गैलेक्सी S26 अल्ट्राः उन्नत तकनीक और एआई का संगमः गैलेक्सी S26 अल्ट्रा में सैमसंग की कई उन्नत तकनीकों का समावेश है, जिसमें शक्तिशाली प्रदर्शन, इंडस्ट्री-लीडिंग कैमरा सिस्टम, बेहतर गैलेक्सी एआई अनुभव और दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले शामिल है।

# इजराइल-ईरान जंग से और बढ़ सकती है महंगाई

**नई दिल्ली।** फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। आज 12 मार्च को ये आंकड़े जारी किए गए हैं। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत महंगाई दर 2.1% रहने का अनुमान लगाया है। हालांकि, अप्रैल-जून (Q1 FY27) की तिमाही में यह बढ़कर 4% और अगली तिमाही में 4.2% तक जा सकती है। फिलहाल महंगाई आरबीआई के तय लक्ष्य (4%) के भीतर ही है, जिससे बाजार को उम्मीद है कि नीतिगत दरों में तुरंत कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ गरज चमक, बूंदाबांदी की आशंका

## बादलों की सक्रियता बढ़ने का पूर्वानुमान, कई इलाकों में बारिश-ओले की चेतावनी

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने 15 मार्च यानी रविवार के लिए प्रदेश के तराई व पश्चिमी इलाकों के 26 जिलों में गरज चमक के साथ 30से 50 किमी प्रति घंटा रफ्तार वाली हवाएं चलने की संभावन जताई है। मौसम विभाग ने 15 व 16 मार्च को तराई व पश्चिमी जिलों में बारिश और मध्यांचल में तेज हवा और बादलों की सक्रियता बढ़ने का पूर्वानुमान जारी किया है। वहीं पूर्वी तराई के कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि की भी आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि इस विक्षोभ के असर से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में पड़ेगा और लगभग 35 जिलों में गरज चमक और बूंदाबांदी की आशंका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि यूपी में नए विक्षोभ के असर से तराई व पूर्वांचल में 15 व 16 मार्च को गरज चमक और तेज हवा के झोंके के साथ हल्की से मध्यम बारिश के संकेत है।



इसके असर से दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसका प्रदेश में व्यापक असर होगा। प्रदेश में शुक्रवार को बांदा में इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। यहां सर्वाधिक 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। वहीं वाराणसी में 36.9 डिग्री और प्रयागराज व उरई और 36.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। 22.6 डिग्री के साथ बांदा में सबसे गर्म रात रही।

**मेघगर्जन, झोंकेदार हवाओं की संभावना**

देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुर, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में वज्रपात व झोंकेदार हवाओं की संभावना है।

### प्रदेश में तेज धूप और उमस भरा मौसम बना हुआ है

उत्तर प्रदेश में मार्च के दूसरे सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। 13 मार्च को प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तेज धूप और उमस भरा मौसम बना हुआ है, जबकि कुछ इलाकों में मौसम अचानक बदलने की संभावना भी जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल गर्मी सामान्य से पहले और अधिक तीव्र रूप में महसूस हो रही है।

## DM कुशीनगर की बड़ी कार्रवाई

# 17 असामाजिक तत्वों को किया 6 माह के लिए जिला बदर

**कुशीनगर।** जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों के 17 असामाजिक तत्वों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। प्रशासन के अनुसार, ये लोग कानून व्यवस्था के लिए खतरा बने हुए थे। जिन व्यक्तियों को जिला बदर किया गया है उनमें साकिर अली निवासी नवापार (अहिरौली बाजार), सत्येंद्र निवासी जमुआन (कप्तानगंज), भुआल निवासी मुंडेरा (हनुमानगंज), गुलाब जायसवाल निवासी डुम्मरभार (रविंद्रनगर धूस) शामिल है। इसके अलावा सूरज चौधरी निवासी पिपरही (अहिरौली बाजार), कल्याण सिंह उर्फ डॉक्टर निवासी लोहझार (अहिरौली बाजार), विपिन तिवारी निवासी छपिया (अहिरौली बाजार) पर कार्रवाई की गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रीन कॉरिडोर का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और लखनऊ की प्रथम नागरिक सुषमा खर्कवाल के साथ शुक्रवार को राजधानी को बड़ा तोहफा दिया। लखनऊ की महत्वाकांक्षी ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण को जनता को समर्पित किया गया। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ की लाइफ लाइन कही जाने वाली गोमती नदी के किनारे-किनारे विकसित किया गया है। दूसरा चरण गोमती नगर के समतामूलक चौराहा से निशातगंज पुल चौराहा, यहां से से हनुमान सेतु, हनुमान सेतु से डालीगंज और डालीगंज से पक्का पुल तक विकसित किया गया है। पहला चरण सात किलोमीटर और दूसरा चार किलोमीटर लंबा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण आईआईएम रोड से किसान पथ के बीच 28 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। इससे शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। द्वितीय चरण में समतामूलक चौराहे से निशातगंज के मध्य लगभग



130 करोड़ रुपये की लागत से तीन अहम विकास कार्य कराए गए। इनमें 45 करोड़ रुपये की लागत से कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबा व 24 मीटर चौड़ा छह-लेन का ब्रिज, कुकरैल से निशातगंज के मध्य 40 करोड़ रुपये की लागत से 1.10 किलोमीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा बंधा व सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है। निशातगंज में 240 मीटर लंबे और 24 मीटर चौड़े छह-लेन के ब्रिज का निर्माण 45 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ है। कॉरिडोर निर्माण में हनुमान सेतु से गोमती पुल निशातगंज मार्ग तक सड़क की चौड़ाई 10 से बढ़ाकर 18 मीटर चौड़ी की गई। सड़क चौड़ी होने पर निशातगंज व कुकरैल चौराहा भी उपयोगी होगा। इसके साथ ही नए व पुराने लखनऊ का फासला ग्रीन कॉरिडोर मिटाएगा। ग्रीन कॉरिडोर किनारे हार्टीकल्चर व सुंदरीकरण के कार्य भी हुए हैं। इसके बाद योजना के तीसरे व चौथे चरण का कार्य होता रहेगा।

**ग्रीन कॉरिडोर के चरण**

**पहला चरण :** आईआईएम रोड से पक्का पुल तक। यह काम पूरा हो चुका है।

**दूसरा चरण:** पक्का पुल से पिपराघाट तक। यह काम भी पूरा हो चुका है।

**तीसरा चरण :** पिपराघाट से शहीद पथ तक। इसको भी हरी झंडी मिल चुकी है।

**चौथा चरण :** शहीद पथ से किसान पथ तक। इसकी भी तैयारियां चल रही हैं।

## सामाजिक परिवर्तन दिवस पर बोले राहुल गांधी

# 'अगर नेहरू जी होते तो कांशीराम जी कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते'

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। जहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कांशीराम जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांशीराम जी समाज में बराबरी की बात करते थे। कांग्रेस अपना काम पूरी तरह से नहीं कर सकी। यही कारण है कि कांशीराम जी सफल हुए। अगर कांग्रेस ठीक तरह से काम करती तो कांशीराम जी कभी सफल न होते। उन्होंने कहा कि अगर जवाहर लाल नेहरू जी जिंदा होते तो कांशीराम जी कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते और अब भाजपा ने सरकार के 85 प्रतिशत हिस्से की अनदेखी की है। राहुल



गांधी ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में देख लीजिए, कार्पोरेट इंडिया में देख लीजिए, बड़ी-बड़ी कंपनियों के टॉप मैनेजमेंट की सूची निकालकर देख लीजिए आपको दलित, पिछड़ा और आदिवासी कहीं नहीं मिलेगा। किसी प्राइवेट अस्पताल में जाकर देख लीजिए। डॉक्टरों के नाम पढ़िए आपको एक दलित, पिछड़ा और आदिवासी नहीं मिलेगा। वहीं, मनरेगा मजदूरों की सूची निकाल लीजिए वहां पर 85 प्रतिशत दलित और पिछड़ा मिलेंगे।

# आयुष्मान योजना में वाराणसी के 230 अस्पताल

## 100 से ज्यादा के डिस्प्ले बोर्ड गायब

**वाराणसी।** आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों में कौन-कौन सी जांच और कौन-सी सर्जरी निशुल्क होगी, इसकी जानकारी अस्पतालों की ओर से मरीजों को देने के निर्देश तो जारी कर दिए गए हैं लेकिन अस्पतालों की ओर से इसकी कोई जानकारी मरीजों और तीमारदारों को नहीं दी जा रही है। स्थिति यह है कि जिले में 230 अस्पताल योजना में सूचीबद्ध हैं, लेकिन अभी भी 100 से अधिक अस्पतालों के गेट और रिसेप्शन पर योजना की जानकारी वाला डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा है। सीएमओ कार्यालय में हर महीने इस तरह की 10 शिकायतें आती हैं। इनमें कार्ड होने के बाद भी इलाज के नाम पर रुपये लेने, कार्ड से भुगतान न होने की शिकायतें शामिल हैं। आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड के द्वारा परिवार को पांच लाख तक का इलाज निशुल्क मिलना है। इसमें अलग-




अलग जांच और सर्जरी के लिए बजट का निर्धारण भी किया गया है। मरीज के भर्ती होने के बाद जांच और इलाज से जुड़ी जानकारी आसानी से मिल सके, इसके लिए स्थानीय स्तर पर सीएमओ कार्यालय की ओर से अस्पतालों को गेट/रिसेप्शन के पास आयुष्मान योजना का डिस्प्ले बोर्ड लगाने को कहा गया था। इसमें आयुष्मान के दायरे में कौन-कौन-सा इलाज, सर्जरी और जांच निशुल्क हो सकती है, इसकी विस्तृत जानकारी देनी है। सीएमओ कार्यालय में कार्ड होने के बाद भी पैसा लेकर इलाज करने और पूरी सुविधाओं का लाभ न दिए जाने की शिकायत रहती है।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक में हर माह आयुष्मान की समीक्षा

जिला स्वास्थ्य समिति की हर महीने होने वाली बैठक में आयुष्मान योजना की समीक्षा की जाती है। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के साथ ही इससे मिलने वाले लाभ पर भी चर्चा होती है। स्थिति यह है कि नवंबर से लेकर फरवरी तक हुई बैठकों में हर महीने कार्ड बनाने का लक्ष्य कम होने पर सीडीओ की ओर से चेतावनी जारी की जा रही है। पिछले महीने हुई बैठक में भी सीडीओ ने सभी लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ दिलाने और इसकी मॉनिटरिंग करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

# विंध्याचल में शुरू हुई गंगा घाटों की सफाई

**मिर्जापुर।** विंध्याचल में चैत्र नवरात्र मेला के लिए अमर उजाला की खबर का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका ने बृहस्पतिवार से गंगा घाटों की सफाई का काम शुरू कर दिया है। पक्काघाट व दीवानघाट में सिल्ट की सफाई कराई जा रही है। विंध्याचल में 18 मार्च की रात से चैत्र नवरात्र मेला शुरु होने वाला है। इसको देखते हुए अमर उजाला ने अपने 10 मार्च के अंक में पड़ताल करती हुई खबर प्रकाशित की थी, जिसमें घाटों व क्षेत्र की सफाई की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। इसका संज्ञान लेते हुए नगर पालिका मिर्जापुर ने बृहस्पतिवार से वहां पर सफाई अभियान शुरू कर दिया। कहा गया कि पहले घाटों की सिल्ट सफाई व गंदगी की सफाई की जाएगी।

# अखिलेश यादव बोले, 'अफवाहजीवी है भाजपा




**लखनऊ।** यूपी में रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अफवाहजीवी है। भाजपा की सरकार खुद अफवाह फैला रही है कि गैस की कहीं कोई कमी नहीं है जबकि हर जिले में कमी को देखा जा रहा है। अगर सरकार गैस की कमी को स्वीकार कर ले तो जनता खुद सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि गैस लापता हो गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी और आगरा सहित अलग-अलग जिलों में गैस के लिए लगी लाइनें सोशल मीडिया पर नजर आ रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं पा रही है। बुकिंग करने पर एरर दिखा रहा है। साफ्टवेयर से कौन खिलवाड़ कर रहा है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसे कोई कैसे छिपा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग गांव में रहते हैं वो चूल्हे पर खाना बना सकते हैं पर जो लोग अपार्टमेंट में रह रहे हैं वो क्या करेंगे। ये संकट सरकार ने पैदा किया है।

### गैस की कमी को स्वीकार कर ले तो जनता खुद सहयोग करेगी'

# विश्वविद्यालय में छात्रों का जमकर हंगामा

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय पर बड़ी संख्या में छात्रों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर और फतेहपुर सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सुबह से ही विवि गेट पर पहुंचने लगे। छात्रों ने हाथ में बैनर और तख्ती लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान विवि के सुरक्षाकर्मियों और पुलिस बल से तीखी नोकझोंक हो गई। नारेबाजी करते हुए छात्र पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की करते हुए परिसर में घुस गए। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम में बैक कर दिए जाने से नाराज छात्रों में गहरा आक्रोश है। शुक्रवार को छात्रों



**पुलिस को धक्का देकर परिसर में घुसे**

ने विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। वे बैक किए गए विद्यार्थियों को प्रमोट किए जाने की मांग कर रहे थे। स्नातक व परास्नातक का परीक्षा परीणाम बीते एक मार्च को आया था। इसके बाद से ही छात्र आंदोलित हैं। पिछले शनिवार को भी छात्रों ने प्रदर्शन किया था। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर छात्रों ने विवि प्रशासन को एक सप्ताह की मोहलत देते हुए प्रदर्शन खत्म कर दिया था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई न होने शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने फिर प्रदर्शन किया और विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

**मांग को लेकर गेट पर ही नारेबाजी की गई**

बैक आए छात्रों को प्रमोट करने की मांग को लेकर गेट पर ही नारेबाजी की गई। छात्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैक कर दिया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में छात्रों को फेल घोषित किया गया है, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान हैं। प्रदर्शन करने वालों में प्रतापगढ़, कौशांबी, मिर्जापुर, भदोही और फतेहपुर के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## मोनालिसा-फरमान की शादी पर साध्वी प्राची का विवादित बयान

# '35 टुकड़ों में मिल सकती है लाश'

**बागपत।** बागपत में हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने वायरल गर्ल मोनालिसा और फरमान की शादी को लेकर बेहद तीखा और विवादित बयान दिया है। उन्होंने इस रिश्ते को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि मोनालिसा के साथ धोखा हो सकता है। साध्वी प्राची ने कहा कि उन्हें डर है कि मोनालिसा के साथ फरेब हो सकता है और भविष्य में उसकी लाश 35 टुकड़ों में भी मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला कहीं न कहीं ऐसे मामलों की याद दिलाता है, जिनमें लड़कियों की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह मामला निकिता तोमर हत्याकांड जैसा भी हो सकता है। साध्वी प्राची ने आशंका जताते हुए



कहा कि ऐसा भी हो सकता है कि मोनालिसा की लाश फ्रिज में मिले।साध्वी प्राची ने फरमान पर 'लव जिहाद' का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि फरमान हिंदू धर्म अपनाकर मोनालिसा से शादी करता तो उनका स्वागत किया जाता, लेकिन मौजूदा स्थिति में उन्होंने इस रिश्ते को लव जिहाद बताया है। मोनालिसा और फरमान की शादी इन दिनों सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बरात से लौट रही कार स्कॉर्पियो से टकराने के बाद गड्ढे में पलटी

## दो ब्लाक कर्मचारियों की मौत

**प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के वीडीओ सुरेंद्र बहादुर सिंह के बेटे की शादी में शामिल होने गए दो ब्लॉक कर्मचारियों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक ग्राम प्रधान और एक प्रधान प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का उपचार चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडे गांव निवासी ग्राम प्रधान राजेश कुमार सरोज (50), दिलीपपुर थाना क्षेत्र के खूंझी कला गांव निवासी प्रधान




प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह (42), ब्लाक कर्मचारी दिलीपपुर थाना क्षेत्र खूंझी कला गांव निवासी सर्वेश कुमार (30) और कंधई के बिबिया करनपुर गांव निवासी राजमणि तिवारी उर्फ राजू तिवारी बुधवार की शाम छह बजे राजेश प्रधान की ब्रेजा कार से कुंडा में शादी में शामिल होने गए थे। रात 11.20 बजे वापस लौटते समय बाघराय थाना क्षेत्र के छेऊंगा गांव के पास सड़क पर टहल रहे आवारा मवेशी को बचाने में कार असंतुलित हो गई। बेकाबू कार स्कॉर्पियो में टक्कर मारते हुए 15 फीट गड्ढे में जा गिरी। हादसे में राजमणि तिवारी और सर्वेश कुमार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई और प्रधान प्रतिनिधि तथा ग्राम प्रधान बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो में सवार लोग भाग निकले। घायल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह ने किसी तरह अपने मोबाइल से अपने बड़े भाई सुधाकर सिंह को घटना की जानकारी दी।

# डेढ़ लाख लेकर थमाया अमूल डेयरी का फर्जी नियुक्ति पत्र

**जौनपुर।** अमूल डेयरी वाराणसी में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने बेरोजगार से डेढ़ लाख रुपये ठग लिया। साथ ही बदले में फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया, जिसकी जानकारी पीड़ित को तब हुई जब वह कंपनी में गया। हालांकि पीड़ित ने संबंधित नामजद ठग के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी कार्यालय में शुक्रवार को प्रार्थना पत्र दिया है। नेवढ़िया थाना क्षेत्र बनेवरा निवासी मुकेश सिंह ने एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि अपने मित्र विशाल के माध्यम से आरोपी धनेथू नेवढ़िया निवासी देवेंद्र पांडेय उर्फ मोनू से उसकी मुलाकात हुई। देवेंद्र ने धीरे-धीरे उसे विश्वास में लिया। एक दिन कहा कि अमूल कंपनी में उसकी अच्छी जान-पहचान है। वहां पर वह सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति करा सकता है। प्रति माह 28190 रुपये वेतन मिलेगा। अगर रुपयों की व्यवस्था कर दो तो नौकरी लगवा दूंगा। मुकेश सिंह के मांगने पर डेढ़ लाख रुपये भेज दिया। आरोपी ने अमूल डेयरी वाराणसी में सुपरवाइजर के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। साथ ही कहा कि कुछ दिन रुक जाइए। अमूल डेयरी में नियुक्ति हो गई है। नियुक्ति पत्र मिल गया है, जब भी वहां जाने के लिए वह कहता तब-तब आरोपी आजकल कहकर टाल देता।

# बुकिंग पर भी सिलिंडर नहीं मिला, शादी वाले घरों में ज्यादा परेशानी

**सुल्तानपुर।** रसोई गैस सिलिंडरों के लिए बृहस्पतिवार को भी कई गैस एजेंसियों व गोदामों पर उपभोक्ताओं की कतार लगी रही। इन एजेंसियों पर पहुंचे सभी उपभोक्ताओं ने एक ही समस्या बताई कि बुकिंग के बाद भी नहीं सिलिंडर नहीं मिल रहे। विभागीय अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत से छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद होने लगे हैं। हालांकि, पूर्ति विभाग पर्याप्त आपूर्ति का दावा कर रहा है। जिले में 42 गैस एजेंसियों से करीब छह



लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। सहालग और रमजान की माह की वजह से सिलिंडरों की मांग भी बढ़ी है। जिले में इस समय एक दिन में औसतन 50 से अधिक शादियां हो रही हैं। परिवार के लोग इस समस्या से परेशान हैं। कुछ लोग रिश्तेदार व पड़ोसियों से सिलिंडर लेकर काम चला रहे हैं। कुछ जगहों पर मजबूरी में लकड़ी का उपयोग होने लगा है। गैस सिलिंडर की समस्या का असर लंभुआ, बल्दीराय, कादीपुर, अखंडनगर, दोस्तपुर, कुड़वार सहित कई क्षेत्रों में देखने को मिला।

### गैस खत्म हो गई है, नहीं उठे अधिकारियों के फोन

विंदेश्वरीगंज। देहलीबाजार स्थित गैस एजेंसी पर बृहस्पतिवार को गैस खत्म हो गई की नोटिस लगी मिली। सुखबड़ेरी निवासी शिवा ने बताया कि बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिली। आरोप लगाया कि डीएसओ के नंबर पर कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। मायंग निवासी राम शरण ने बताया कि सर्वर फेल होने से बुकिंग भी नहीं हो सकी। स्थानीय पूर्ति विभाग के अधिकारियों के फोन भी नहीं उठे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के वेलाव पुल के पास बृहस्पतिवार की रात बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में जहां एक बदमाश के पैर में गोली लगी, वहीं दो अन्य बदमाश भी गिरफ्तार हुए। इस कार्रवाई में एक उपनिरीक्षक भी घायल हुए हैं। जबकि थानेदार श्रीप्रकाश शुक्ल के बुलेट प्रूफ जैकेट पर एक गोली लगी, जिसमें वे बाल- बाल बचे। क्या है पूरा मामला-बीते मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के गोसाईपुर में आरोपी ने जनसेवा केन्द्र संचालक को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस की टीम लगी हुई थी। इसी बीच पुलिस को सूचना लगी कि एक बाइक पर सवार अपराधी किस्म के तीन लोग बेलाव बाजार से कबूल पुर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस पुल के पश्चिमी तरफ जंगल के पास घेराबंदी कर दी। खुद को घिरता देख बदमाश पुलिस पर फायर झोंक दिए। एक गोली थानेदार श्रीप्रकाश शुक्ल के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी, जिसमें वे बाल- बाल बचे। जबकि एक गोली उपनिरीक्षक अरविंद के हाथ में लगी, जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश आदर्श यादव उर्फ अलगू पुत्र बेचू यादव निवासी विशुनपुर बसवत थाना गौराबादशाहपुर को दाहिने पैर में गोली लगी है।

## दो गुटों की फायरिंग मामले में एक्शन

# 8 गिरफ्तार, गैंगस्टर और NSA की होगी कार्रवाई

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में भाजयुमो नेताओं के दो गुटों में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें भाजयुमो नेता हर्षद हिन्दू समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगी हुई हैं। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि आरोपियों पर गैंगस्टर व एनएसए की भी कार्रवाई होगी। पुलिस के अनुसार यह विवाद बन्नादेवी क्षेत्र के सराय हकीम निवासी हर्षद हिंदू व सासनीगेट क्षेत्र के रहने वाले शशांक पंडित के गुटों के बीच हुआ था। कई माह से दोनों के बीच किसी न किसी बात पर वर्चस्व की लड़ाई चल रही




है। बुधवार को हर्षद ने सोशल मीडिया पर एक गाने का स्टेटस लगाया था। इस पर दूसरे गुट के मोहित शर्मा की हर्षद से गालीगलौज हो गई थी। इसमें गुरुवार को हर्षद गुट ने मोहित को पीट दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर फायरिंग हुई थी। इसमें हर्षद गुट के शानू, शशांक गुट के आयुष शर्मा के अलावा सिविल लाइन क्षेत्र निवासी शोएब को गोली लग गई।

### 10-12 अज्ञात लोगों पर भी दर्ज हुआ था मुकदमा

पुलिस की ओर से हर्षद हिंदू, यश गोयल, अमन पंडित, प्रिंस गोयल, शशांक पंडित, मोहित शर्मा, अनुराग ठाकुर, हनी शिवाजी, योगी यशनंदन, हमजा, मन्नू पंडित, प्रखर राठी व 10–12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें फायरिंग समेत सीएलए एक्ट की धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने दबिश देकर हर्षद, यश, मयंक ठाकुर, योगेंद्र, प्रफुल्ल पंडित, नमन, गौरव व आयुष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### हिस्ट्रीशीटर समेत तीन लोगों को लगी थी गोली

भाजयुमो नेताओं के दो गुटों के बीच गुरुवार की रात हुई फायरिंग में तीन लोग घायल हो ग थे। इसमें हिस्ट्रीशीटर को भी गोली लगी थी। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार यह विवाद बन्नादेवी क्षेत्र के सराय हकीम निवासी हर्षद हिंदू व सासनीगेट क्षेत्र के रहने वाले शशांक पंडित के गुटों के बीच हुआ था। बुधवार को हर्षद ने सोशल मीडिया पर एक गाने का स्टेटस लगाया था। इस पर दूसरे गुट के मोहित शर्मा ने आपत्ति जताई तो दोनों में कहासुनी हो गई।

# अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराई बाइक युवक की मौत

**भदोही।** लठिया गांव के पास बृहस्पतिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरुनहा गांव निवासी श्याम नारायण सिंह (60) बाइक से ममहर बाजार से घर जा रहे थे। वे लटिया गांव के पास पहुंचे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए। उन्हें भदोही के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम सरीख गौतम ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# यूपी में अलविदा जुमे की नमाज पर हाई अलर्ट

## कमांडो तैनात-ड्रोन से निगरानी; चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

**लखनऊ/वाराणसी/संभल।** यूपी में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट है। वाराणसी, संभल जैसे जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। रमजान के पवित्र महीने के आखिरी शुक्रवार (जुमा) यानी 'अलविदा की नमाज' कई जिलों में पूरी श्रद्धा और अकीदत के साथ अदा की गई। लखनऊ से लेकर वाराणसी और संभल की ऐतिहासिक मस्जिदों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। लखनऊ में 'अलविदा जुमे की नमाज' के मौके पर पुलिस बल की भारी तैनाती देखी गई। DCP पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी जोन में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया, "सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 अतिरिक्त SP और 30 डिप्टी SP तैनात किए




गए हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतते हुए CCTV कैमरों और मकानों की छतों से निगरानी की जा रही है। प्रमुख मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में PAC और पुलिस अधिकारियों को मुस्तैद रखा गया।" वाराणसी में भी रमजान के आखिरी जुमे की नमाज से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। वहीं, संभल की शाही जामा मस्जिद में सुरक्षा का घेरा बेहद मजबूत रहा।

गंगा सफाई मिशन पर सवाल

# नमामि गंगे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही : कैग

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार गंगा को साफ करने के उद्देश्य से एक दशक से भी अधिक समय पहले शुरू किया गया केंद्र का महत्वपूर्ण 'नमामि गंगे' कार्यक्रम उत्तराखंड की कार्यान्वयन एजेंसियों की विफलता के कारण वांछित परिणाम नहीं दे पाया। प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में जारी बजट सत्र के दौरान पेश की गई इस रिपोर्ट में सीएजी ने कहा कि 2018 से 2023 के दौरान जब कार्यक्रम का प्रदर्शन ऑडिट किया गया था, तब केंद्र ने राज्य की भाजपा सरकार के तहत नमामि गंगा परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए 1,000 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई थी।




रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार के वित्तपोषित वाली इस परियोजना में अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के दोषपूर्ण डिजाइन, अवसंरचना का खराब रखरखाव, गंगा में पानी छोड़ने वाले नालों की टैपिंग न होना, नदियों और छोटी जलधाराओं के पास कूड़ा फेंके जाने जैसी कई अनियमितताएं पाई गई हैं। कैग ने पाया कि गंगा के लिए वानिकी हस्तक्षेप (एफआईजी) संबंधी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में 885.91 करोड़ रुपयेपये का बजटीय प्रावधान और 54,855.43 हेक्टेयर वृक्षारोपण शामिल था लेकिन इसके विपरीत केवल 144.27 करोड़ रुपये यानी 16 प्रतिशत ही खर्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप भौतिक प्रगति धीमी रही और गंगा पुनरुद्धार से संबंधित विशिष्ट उद्देश्यों को पूरा करने में यह योजना विफल रही।

कैग द्वारा 2023 में निरीक्षण किए गए 44 एसटीपी में से केवल तीन से पांच ही राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के मानदंडों के अनुरूप पाए गए जबकि छह से 12 ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय(एमओईएफ) और अन्य मानदंडों के अनुरूप पाए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे व्यापक गैर-अनुपालन और निम्न स्तर के सीवेज उपचार का पता चलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसके कारण नमामि गंगे परियोजना को भारी नुकसान हुआ। निरीक्षण किए गए 44 एसटीपी में से अधिकांश में 2023 की तीनों तिमाहियों में एमओईएफ और एनजीटी, दोनों के मानदंडों का घोर गैर अनुपालन दिखा, जहां जैव रासायनिक ऑक्सीजन, टोटल सस्पेंडेड सॉलिड (टीएसएस) और 'फीकल कोलीफॉर्म' से अनुमेय सीमा से कहीं अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, यह गंभीर रूप से निम्न स्तर के सीवेज उपचार को दर्शाता है।

# हर रोज बांटे जा रहे 50 लाख सिलेंडर : पेट्रोलियम मंत्रालय

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जानकारी दी कि एलपीजी सिलेंडर गैस बुकिंग बढ़कर 75-76 लाख प्रतिदिन हो गई है, यह आम दिनों में 50 से 55 लाख के बीच रहती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया को बताया कि हर दिन 50 लाख घरेलू LPG सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है, किसी भी एलपीजी डीलर के पास एलपीजी की कमी नहीं है।



सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत के पास 258 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल की रिफाइनिंग क्षमता है। हम पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं, इसलिए भारत में इन ईंधनों का आयात करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सभी रिफाइनरियां इस समय 100% क्षमता या उससे अधिक पर काम कर रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि घरेलू उपभोक्ताओं को PNG और CNG की आपूर्ति बिना किसी रुकावट या कटौती के सुनिश्चित की जा रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वे हर जिले में ऐसे स्थान तय करें, जहां केरोसीन का वितरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने नियमित कोटे से अलग 48 हजार KL एक्स्ट्रा केरोसीन देने की मंजूरी दी है।


## नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह

(Civil Procedure Appendix 'H' Form no.)

अज अदालत श्री जिला न्यायालय मुकाम बालोतरा बइजलास श्रीमान एम. आर. सुथार साहब जिला न्यायाधीश बालोतरा

**सुरेश सिंह बनाम मंगल सिंह वगैरा**

**मुकदमा नंबर १२/२०२५**

बाबत अस्थाई निषेधाज्ञा

नाम खुशबू कंवर पुत्री भगवान सिंह पत्नी विनोद सिंह कौम राजपुरोहित साकिन हाल निवासी - पर्ल आईसलैंड, A२ कॅम्पस नं. ३०१ हरगाह कि विमाननगर, पुणे क्योंकि प्रार्थी ने आपके विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा का प्रार्थना पत्र पेश किया है जो क्यों न स्वीकार किया जावे

लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि तारीख १७ माह ०३ सन २६ बरोज ... वार ... बजे दिन के अदालत है जो में या वकालात में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह जाहिर करो वरना मजबूरन इकतरफ सुना व फैसला किया जायेगा।

बसिव्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख १७ माह ०२ सन २०२६

मोहर

**आदेशानुसार,**
**हस्ताक्षर/-**
**सिविल मुंसरिम**
**जिला एवं सेशन न्यायालय, बालोतरा**



## सूचना
## सर्वसंबंधितों के ध्यानार्थ

**सुश्री के एग्नेस मैरी राना,** फ्लैट क्रमांक 201, ए विंग, ज्यूपिटर की वास्तविक सदस्य एवं स्वामिनी हैं, जो वर्सोवा ज्यूपिटर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड नामक सोसाइटी में स्थित है, जो 4थी क्रॉस लेन, एसबीआई बैंक के सामने, लोखंडवाला, आजाद नगर, अंधेरी पश्चिम, मुंबई-400 053 पर निर्मित, स्थित एवं विद्यमान है, और वे उपरोक्त फ्लैट को **श्रीमती कमलेश ओमप्रकाश केडिया,** निवासी बी-404, वर्सोवा ज्यूपिटर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, 4थी क्रॉस लेन, एसबीआई बैंक के सामने, लोखंडवाला, आजाद नगर, अंधेरी पश्चिम, मुंबई-400 053 को बेचने का इरादा रखती हैं.

यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति अर्थात फ्लैट क्रमांक 201, ए विंग, ज्यूपिटर, वर्सोवा ज्यूपिटर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, जो 4थी क्रॉस लेन, एसबीआई बैंक के सामने, लोखंडवाला, आजाद नगर, अंधेरी पश्चिम, मुंबई-400 053 पर निर्मित, स्थित एवं विद्यमान है, के संबंध में कोई आपत्ति / दावा हो, तो वे **श्री अकरम खान,** निवासी बी/10, मोन देसिर, 2री मंजिल, न्यू कांटवाडी रोड, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई-400 050, **मोबाइल क्र.: 9820288884** से इस **सूचना** के प्रकाशन से 10 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण के साथ संपर्क करें. 10 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**हस्ता./-**
**श्री अकरम खान**
**मोबाइल क्र.: 9820288884**
स्थान: मुंबई दिनांक: 14-03-2026


ग्लोबल टेंशन में भी नहीं थमेगी भारत के विकास की रफ्तार!

# फिच रेटिंग ने बढ़ाया जीडीपी ग्रोथ का अनुमान

महानगर नेटवर्क

पटना

मुंबई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को भारत की आर्थिक वृद्धि (GDP) का अनुमान बढ़ा दिया है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए GDP ग्रोथ 7.5% और अगले साल के लिए 6.7% रहने का अनुमान लगाया है। साथ ही 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान जताया है। फिच ने दिसंबर में भारत की GDP ग्रोथ का अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 7.4% और 2026-27 के लिए 6.4% लगाया था।

फिच का कहना है कि 2026-27 के पहले छह महीनों में आर्थिक वृद्धि थोड़ी धीमी हो सकती है। इसकी वजह बढ़ती महंगाई होगी, जिससे लोगों की वास्तविक आय और खर्च करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। दिसंबर तिमाही में GDP ग्रोथ सालाना आधार पर 7.8% रही, जो सितंबर तिमाही में 8.4% थी। फिच के अनुसार 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 7.5% की दर से बढ़ सकती है। इस साल आर्थिक वृद्धि का सबसे बड़ा सहारा घरेलू मांग होगी। अनुमान



है कि उपभोक्ता खर्च 8.6% और निवेश 6.9% बढ़ सकता है। अपनी रिपोर्ट ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलेट मार्च 2026 में फिच ने कहा कि अगर ईरान से जुड़ा युद्ध ऊर्जा कीमतों में बहुत ज्यादा और लंबे समय तक बढ़ोतरी नहीं करता, तो 2026 में वैश्विक GDP ग्रोथ 2.6% रह सकती है। पिछले साल यह 2.7% थी। फिच रेटिंग्स के चीफ इकोनॉमिस्ट ब्रायन कॉल्टन ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचकर वहीं बनी रहती है, तो यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के एयरस्ट्राइक का दिया जवाब

खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**काबुल।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया। हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाक ने प्राइवेट एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था।


## सार्वजनिक सूचना

हमारे मुवक्किल क्रमशः श्रीमती रिज़वाना अब्दुल रहमान पटनी विवाहपूर्व नाम सुश्री रिज़वाना मोहम्मद जाफर मंसूरी और श्रीमती अतीका मंसूरी, मंसूरी कैटरर्स प्राइवेट लिमिटेड ("एमसीपीएल") के लाभकारी शेयरधारक हैं, जिनकी एमसीपीएल में क्रमशः 13.88% और 12.5% और संचयी रूप से एमसीपीएल में 26.38% हिस्सेदारी है.

एमसीपीएल अकेले और विशेष रूप से अंधेरी विलेज के कलेक्टर्स सं. एनए 114 पार्ट और सीटीएस सं. 432ए, 432ए/20 से 24 वाले 519.52 वर्ग गज यानी 434 वर्ग मीटर या उसके आसपास के क्षेत्रफल वाली भूमि, उस पर स्थित भवन और संरचना के साथ, जो एस वी रोड, अंधेरी पश्चिम, मुंबई 400058 पर स्थित है, का मालिक है, उस पर कब्जा रखता है और उसका हकदार है.

कुछ व्यक्तियों ने श्रीडस रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के साथ दिनांक 23.12.2025 के एक कथित विकास समझौते को अवैध रूप से क्रियान्वित किया है. हमारे मुवक्किल इसके द्वारा आम जनता को सूचित करते हैं कि उक्त कथित विकास समझौता धोखाधड़ी, अधिकार की कमी से दूषित है और कानून की नजर में शून्य है और इसलिए श्रीडस रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड या इसके तहत दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई भी अधिकार प्रदान करने में असमर्थ है.

आम जनता को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है और सख्त सूचना दी जाती है कि वे हमारे मुवक्किलों की पूर्व लिखित सहमति और स्पष्ट अधिकार के बिना, श्रीडस रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के साथ या उसके माध्यम से या उसके तहत दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ, या किसी अन्य व्यक्ति के साथ, उपरोक्त संपत्ति या उसके किसी भी हिस्से के संबंध में कोई भी सौदा, बातचीत, किसी भी समझौते, व्यवस्था या लेनदेन न करें. इस सार्वजनिक सूचना के उल्लंघन में उक्त संपत्ति का सौदा करने वाला कोई भी व्यक्ति पूरी तरह से अपने जोखिम, लागत और परिणामों पर ऐसा करेगा. हमारे मुवक्किल स्पष्ट रूप से कहते हैं कि श्रीडस रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा या उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किए गए कोई भी कार्य, विलेख, प्रतिनिधित्व, समझौते या आश्वासन, चाहे वे अतीत, वर्तमान या भविष्य के हों, अवैध, शून्य, कानून की नजर में अस्तित्वहीन हैं और हमारे मुवक्किलों को किसी भी तरह से बाध्य नहीं करेंगे, न ही किसी तीसरे पक्ष के पक्ष में कोई अधिकार, शीर्षक या हित प्रदान करेंगे.

**मेसर्स वाईएनए लीगल एडवोकेट्स,**
15वीं मंजिल, मित्तल टॉवर "सी",
नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021
दूरभाष सं. 22818886/22822501/22822510
ई-मेलः admin@ynalegal.com



## सम्मन बनाम मुद्दायलाह बनावर कायमी तनकीहात
(ऑर्डर रूल १ व ५ जाब्ता दीवानी)

अज अदालत श्रीमान जिला न्यायाधीश मुकाम बालोतरा बइजलास श्रीमान एम. आर. सुथार साहब जिला न्यायाधीश बालोतरा मुद्दई सुरेशसिंह मुदायलाह मंगलसिंह जट,

**दावा बाबत बंटवाडा एवं स्थाई निषेधाज्ञा**

**मुकदमा नंबर ०८ सन २०२५**

मुसम्मी खुशबू कंवर पुत्री स्व. भगवानसिंह की पत्नी विनोदसिंह जी कौम राजपुरोहित साकिन हाल निवासी - पर्ल आईसलैंड, A२ कॅम्पस नं. ३०१ हरगाह कि विमाननगर, पुणे ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत बंटवाड़ा एवं स्थाई निषेधाज्ञा का दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख १७ माह ०३ सन २०२६ को दिन के १०:३० बजे अदालत में हाजा असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमे से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो।

आगाह रहो कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जाएगा।

बसिव्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख १७ माह ०२ सन २०२६ को जारी किया गया।

मोहर

**आदेशानुसार,**
**हस्ताक्षर/-**
**सिविल मुंसरिम**
**जिला एवं सेशन न्यायालय, बालोतरा**


# विभाजित वैश्विक व्यवस्था में मजबूत सैन्य शक्ति जरूरी : लेफ्टिनेंट शर्मा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मजबूत सैन्य शक्ति को केंद्रीय बताते हुए शुक्रवार को कहा कि विश्वसनीय सैन्य शक्ति अब जरूरी हो गई है। क्योंकि सैन्य संघर्ष पारंपरिक युद्धक्षेत्रों से आगे बढ़कर साइबर, और सूचना क्षेत्रों तक फैलते जा रहे हैं।

उन्होंने यहां 10वें 'सिनेर्जिया कॉन्क्लेव' में 'विभाजित वैश्विक व्यवस्था में सैन्य हार्ड पावर' विषय पर विशेष संबोधन में कहा कि आधुनिक युद्ध कई क्षेत्रों में विकसित हो रहा है, जिससे वैश्विक शक्ति प्रतिस्पर्धा की प्रकृति बदल रही है। ले. जनरल शर्मा ने कहा, "संघर्ष अब केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि साइबर, सूचना क्षेत्र और प्रॉक्सी युद्ध तक फैल गया है। इस बदलाव ने पारंपरिक गठबंधनों को धुंधला कर दिया है और प्रभाव के नए बिंदु पैदा किए हैं, जिससे हार्ड पावर एक बार फिर राज्य संचालन का महत्वपूर्ण साधन बन गई है।" उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन, यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन जैसे संस्थान एकतरफा कार्रवाइयों और विवादित मानकों के कारण बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "ऐसी दुनिया में जहां कठोर गुटीय राजनीति कमजोर पड़ रही है, रणनीतिक स्वायत्तता अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन गई है, जो हमारे अस्तित्व के लिए राष्ट्रीय लचीलापन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।"

## जंग की वजह से इंडिगो ने बढ़ाया किराया

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने फ्लाइट टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। जंग की वजह से एविएशन टरबाइन फ्यूल (ATF) के दाम 85 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए। कंपनी ने ऐलान किया है कि 14 मार्च 2026 से सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल चार्ज लगाया जाएगा। यह चार्ज शुक्रवार रात 12 बजकर 1 मिनट से लागू होगा और सभी नई बुकिंग पर लागू रहेगा। फ्लाइट टिकट की कीमतों में 425 रुपये से 2300 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

# ईरानी नाविकों के शवों को श्रीलंका ने उनके वतन भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने उन 84 ईरानी नाविकों के शवों को उनके वतन भेजने का निर्णय लिया है, जिन्हें हिंद महासागर में अमेरिका ने मार डाला था, जबकि वे युद्ध में भी शामिल नहीं थे। अमेरिकी पनडुब्बी ने इस महीने की शुरुआत में ईरानी युद्धपोत पर हमला कर डूबा दिया था। यह घटना पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ इजरायल-अमेरिका के युद्ध शुरू करने के बाद की है। यह कदम कोलंबो की एक अदालत के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे अवशेषों को ईरान वापस भेजने के लिए उनके दूतावास को सौंप दें।ये नाविक ईरानी युद्धपोत 'आईरिस डेना' पर सवार थे, जिसमें चालक दल के लगभग 180 सदस्य मौजूद थे। यह युद्धपोत चार मार्च को श्रीलंका के तट



के पास अमेरिकी हमले का शिकार हुआ था, जिससे यह संघर्ष भारतीय उपमहाद्वीप के जलक्षेत्र के करीब पहुंच गया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि जहाज डूबने के बाद 84 शव बरामद किये गये थे, जबकि 60 नाविक अब भी लापता हैं। चालक दल के 32 सदस्य इस हमले में बच गये और उन्हें श्रीलंका ने अपने यहां शरण दे रखी है। अवशेषों को गाले के करापिटिया अस्पताल ले जाया गया था, जहाँ पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने शवों को ईरानी अधिकारियों को सौंपने का आदेश जारी किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने मासिक धर्म अवकाश की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सभी संस्थानों में महिलाओं के लिए सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश की मांग करने संबंधी रिट याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी हितधारकों के साथ परामर्श करके मासिक धर्म अवकाश नीति बनाने के लिए याचिकाकर्ता के प्रतिवेदन पर विचार करे। अदालत ने चिंता व्यक्त की कि कानून के माध्यम से मासिक धर्म अवकाश को अनिवार्य करने से महिलाओं के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि यह नियोक्ताओं को महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकता है, जिससे कार्यबल में उनकी भागीदारी पर बुरा असर पड़ेगा।

# सीईसी के खिलाफ विपक्ष का महाभियोग नोटिस

संसद के दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक इस नोटिस पर लोकसभा के लगभग 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली है।


## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेली. नं. – 022-66405484 ई-मेल :eecityslum@gmail.com

क्र. ईई/शहर/एमएसआईबी/ई-निविदा/लेबर सोसा./37/2025-26

कार्यकारी अभियंता (शहर) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 539, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405484 द्वारा 17 कार्यों हेतु डीडीआर, शहर जिला, मुंबई के साथ पंजीकृत लेबर को. ऑप. सोसायटीज से बी1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज, महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री दि. **17.03.2026, दोप. 01.05 बजे** से आरंभ होगी और दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि और **समय 24.03.2026, दोप. 15.00 बजे** तक है. शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि होगा, तो उसे केवल वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/194

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था



## सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री धवल महेन्द्र मोदी तथा श्रीमती प्रीति धवल मोदी, श्री अशोक वल्लभदास पारिख, भारतीय निवासी, जो फ्लैट क्रमांक 14, अपराजिता को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, दादाभाई रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई 400056 में निवास करते हैं, से नीचे अनुसूची में अधिक विशेष रूप से वर्णित संपत्ति खरीदने का इरादा रखते हैं.

उक्त संपत्ति वाणिज्यिक परिसर क्र. 1बी है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 745 वर्ग फुट है, जो प्लॉट क्रमांक 29, जे.के. इंडस्ट्रियल एस्टेट, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400093 में स्थित है, जो गांव गुंडवली, तालुका अंधेरी, मुंबई उपनगरीय जिला की सर्वे क्रमांक 82 और 88 वाली संपत्ति पर स्थित है तथा जे.के. इंडस्ट्रियल प्रिमाइसेस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का भाग है (जिसे आगे "उक्त परिसर" के तौर पर संदर्भित किया गया है).

उक्त श्री अशोक वल्लभदास पारिख का उक्त परिसर पर स्वामित्व अधिकार दिनांक 10 दिसंबर 2025 के सहमति शर्तों के अनुसार, जो माननीय बॉम्बे शहर दीवानी न्यायालय, दिंडोशी, गोरेगांव, मुंबई के समक्ष एस.सी. वाद क्रमांक 681/2024 में दायर किया गया था, द्वारा पुष्टि एवं घोषित किया गया है. उक्त वाद में निर्णय पारित किया गया है तथा श्री अशोक वल्लभदास पारिख को उक्त परिसर का पूर्ण स्वामी घोषित किया गया है और प्रतिवादी क्रमांक 1 से 4 या उनके माध्यम से दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति के सभी दावे, अधिकार, हित और आपत्तियां त्याग दी गई हैं, वापस ले ली गई हैं तथा समाप्त कर दी गई हैं और संबंधित सोसाइटी ने भी श्री अशोक वल्लभदास पारिख के नाम पर शेयर प्रमाणपत्र जारी किया है.

कोई भी व्यक्ति या व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, फर्म, कंपनियां, वारिस, उत्तराधिकारी, अधिवासी या कोई अन्य व्यक्ति जो उक्त परिसर या उसके किसी भी भाग के संबंध में किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित, दावा, मांग, ग्रहणाधिकार, भार, बंधक, पट्टा, किरायेदारी, लाइसेंस, उत्तराधिकार, उपभोगाधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का दावा किसी समझौते, दस्तावेज, लेन-देन, कब्जा, न्यायालयीन कार्यवाही या अन्य किसी आधार पर करते हों, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदह) दिनों के भीतर अपने समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण सहित लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, अन्यथा ऐसा कोई भी दावा या आपत्ति, यदि कोई हो, त्यागा हुआ और/या समाप्त माना जाएगा तथा प्रस्तावित लेन-देन श्री धवल महेन्द्र मोदी और श्रीमती प्रीति धवल मोदी के पक्ष में बिना किसी संदर्भ के पूर्ण किया जाएगा.

जिस किसी व्यक्ति के पास उक्त परिसर से संबंधित कोई मूल स्वामित्व दस्तावेज, कागजात या लेखन हो, उनसे भी अनुरोध है कि वे उपरोक्त अवधि के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें.

**मुंबई, दिनांकः 14.03.26**

**आरकेएस एसोसिएट**
**प्रस्तावित क्रेताओं के अधिवक्ता**
**पताः 17, 1ली मंजिल, जॉली मेकर चैंबर्स क्रमांक 2, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021**
**ईमेलः rakesh@rksassociate.com**


## पेज 1 का शेष

### महाराष्ट्र में जबरन धर्मांतरण पर कड़ा शिकंजा

**प्रस्तावित कानून की प्रमुख बातें**

- धर्मांतरण की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को 60 दिन पहले डीएम को लिखित नोटिस देना अनिवार्य होगा।
- प्रलोभन की परिभाषा में पैसा, मुफ्त शिक्षा, नौकरी, शादी का वादा, बेहतर जीवन शैली का आश्वासन या चमत्कारी इलाज के दावे भी शामिल किए गए हैं।
- बल की परिभाषा में सामाजिक बहिष्कार का डर, दैवीय अप्रसन्नता का भय या मनोवैज्ञानिक दबाव डालना भी शामिल होगा।
- यदि विवाह केवल धर्मांतरण के उद्देश्य से किया गया हो, तो अदालत उसे अवैध घोषित कर सकती है।
- धर्मांतरण जबरन नहीं कराया गया, यह साबित करने की जिम्मेदारी आरोपी व्यक्ति या संस्था पर होगी।

**अन्य राज्यों में भी लागू है ऐसा कानून**

धर्मांतरण से जुड़े ऐसे कानून उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, हरियाणा, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पहले से लागू हैं। हालांकि महाराष्ट्र का प्रस्तावित विधेयक अन्य राज्यों की तुलना में अधिक विस्तृत और स्पष्ट प्रावधानों वाला माना जा रहा है। इसमें विशेष रूप से चमत्कारी इलाज या दैवीय उपचार के दावों को भी प्रलोभन की श्रेणी में शामिल किया गया है, जो कई पुराने कानूनों में स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं था।

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दो एलपीजी टैंकर..

15 हजार से ज्यादा ठिकानों पर हमले

अमेरिका ने शुक्रवार को बड़ा दावा करते हुए कहा है कि जब से युद्ध शुरू हुआ है, तब से उसने और इजरायल ने मिलकर ईरान के 15 हजार से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, ''ईरान की लीडरशिप अंडरग्राउंड हो गई है।'' उन्होंने आगे कहा, "हमारी वायु सेना और इजरायल की वायु सेना ने मिलकर दुश्मन के 15,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है। यह हर दिन 1,000 से कहीं ज्यादा है।'' हेगसेथ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शुक्रवार को इस अभियान में अब तक के सबसे ज्यादा हमले किए गए। हेगसेथ का कहना है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई घायल हैं और संभवतः उनका चेहरा भी बिगड़ गया है।

**NATO के युद्ध में कूदने की आशंका**

मिडिल ईस्ट में जारी जंग अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां से विश्व युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन NATO सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों ने न केवल क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है, बल्कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है।

**मेडटेक कंपनी पर साइबर अटैक**

आधुनिक युद्ध अब सिर्फ मिसाइल, ड्रोन और हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहा है। इसके साथ साइबर हमले भी बड़े हथियार बनते जा रहे हैं। हाल ही में ईरान से जुड़े एक हैकर समूह ने अमेरिका की एक बड़ी मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनी पर बड़ा साइबर हमला करने का दावा किया है। बताया गया है कि इस हमले में करीब 2 लाख से ज्यादा कंप्यूटर, सर्वर और मोबाइल डिवाइस प्रभावित हुए। इस घटना से कंपनी के कई वैश्विक कामकाज भी कुछ समय के लिए रुक गए।


## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे
(गृहनिर्माण विभाग, महाराष्ट्र शासन)

**मुख्य कार्यालय :** चौथा मजला, काकडे बीझ आयकॉन, ई- स्क्वेअर जवळ, पुणे विद्यापीठ रोड, अशोक नगर शिवाजी नगर, पुणे ४११०१६.
दूरध्वनी क्रमांक : ०२०-६९०६७९०० / ६९०६७९१८
ई-मेल : srapune@yahoo.in | वेबसाईट : www.srapune.gov.in

**जा.क्र. झोपुप्रा/लेखा/८१७-४/२०२६** **दिनांक : १३/०३/२०२६**

### -: जाहीर प्रकटन :-

विकसक **मे.टारगेट इन्फ्रा डेव्हलपर्स,** घोरपडे पेठ, पुणे, फायनल प्लॉट क्र.१६०, (स.नं. ५३८), लोहियानगर, पुणे या योजनेतील प्रथम निष्कासन केलेल्या कात्रज लेकटाऊन येथील स्थलांतरीत केलेल्या पात्र झोपडीधारकांची यादी योजनेमध्ये बांधण्यात आलेल्या इमारत **H, I, J, K** मधील सदनिका वाटपाबाबत.

**१) घोरपडे पेठ, पुणे, फायनल प्लॉट क्र. १६०, (स.नं. ५३८), लोहियानगर, पुणे** या योजनेमध्ये बांधण्यात आलेल्या H, I, J, K इमारती असलेबाबतचा दि.१६/०४/२०२४ रोजी अंशतः भोगवटा प्रमाणपत्र निर्गमित करण्यात आले आहे. H इमारतीमध्ये ८६ निवासी सदनिका + २९ ॲमेनिटी शॉप, I इमारतीमध्ये ८६ निवासी सदनिका + १९ ॲमेनिटी शॉप, J इमारतीमध्ये ९४ निवासी सदनिका + २६ ॲमेनिटी शॉप तसेच K इमारतीमध्ये ९४ निवासी सदनिका + १९ ॲमेनिटी शॉप म्हणजेच एकूण ३६० निवासी सदनिका व ९३ ॲमेनिटी शॉप बांधण्यात आले आहेत.

**२)** इमारत एच, आय, जे, के चे श्री. गुरूदत्त सहकारी गृहरचना संस्था मर्यादित, (एसआरए) **एच** बिल्डींग, श्री. तुळजाभवानी सहकारी गृहरचना संस्था मर्यादित, (एसआरए) **जे** बिल्डींग, श्री. गणेश सहकारी गृहरचना संस्था मर्यादित, (एसआरए) **आय** बिल्डींग व श्री. बालाजी सहकारी गृहरचना संस्था मर्यादित, (एसआरए) **के** बिल्डींग या इमारतीच्या सहकारी सोसायटीचे नोंदणीप्रमाणपत्र उपलब्ध करून देण्यात आले आहे.

**३) H, I, J, K** इमारतीकरीता सहकारी संस्थेने दाखल केलेल्या झोपडीधारकांची यादी ही विकसक मे. टारगेट इन्फ्रा डेव्हलपर्स यांना समक्ष तपासणीकरीता देण्यात आली होती. त्यानुषंगाने दि.०९/०३/२०२६ रोजीच्या पत्रानुसार विकसक मे. टारगेट इन्फ्रा डेव्हलपर्स यांनी सदरची यादी तपासण्यात आली असून प्रथम निष्कासन केलेल्या या झोपडीधारकांना कात्रज येथे स्थलांतरीत केले असल्याचे नमुद केले आहे.

**४)** योजनेतील प्रथम निष्कासन केलेल्या तसेच कात्रज लेकटाऊन येथे स्थलांतरीत केलेल्या तसेच या झोपडीधारकांची **H, I, J, K इमारतीनुसार** सहकारी संस्था स्थापन केलेल्या निवासी पात्र झोपडीधारकांना कार्यालयीन परिपत्रक क्र.०२/२०२६ दि. २३/०२/२०२६ मधील मुद्दा क्र. ६ (b) च्या तरतुदीनुसार एकूण २९८ पात्र झोपडीधारकांना / सोसायटी धारकांना इमारत निहाय सोडत पद्धतीने सदनिकांचे वाटप करण्यात येणार असून त्या झोपडीधारकांची यादी व जाहिर प्रकटन मा. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, झो.पु.प्रा., पुणे यांच्या सुचनेनुसार हरकतीसाठी झोपुप्राच्या संकेतस्थळावर व योजना क्षेत्रात तसेच स.नं. १० कात्रज लेकटाऊन या संक्रमण शिबिरामध्ये प्रसिद्ध करण्यात आली आहे. सदर यादीवर सात दिवसांच्या आत हरकत नोंदवता येईल अथवा राजेंद्रनगर, धायरी, भांबुर्डा या संक्रमण व्यवस्था वगळता प्रथम निष्कासन केलेले पात्र झोपडीधारक पुनर्वसनापासुन वंचित राहत असल्यास त्या झोपडीधारकांनी पात्रतेच्या पुराव्यासह स्वतंत्र अर्ज सादर करावा, जेणेकरून पुढील उचित कार्यवाही करता येईल. सदर यादीवर कोणाचीही हरकत प्राप्त न झाल्यास २९८ झोपडीधारकांना सदनिका वाटपाबाबतची उचित कार्यवाही करण्यात येईल. तसेच नंतर प्राप्त होणाऱ्या कोणत्याही तक्रारीची दखल घेतली जाणार नाही याची नोंद घ्यावी.

शिक्का

**सही /-**
**तहसीलदार (ताबा)**
**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, पुणे व पिंपरी चिंचवड क्षेत्र, पुणे**



## E-tender notice

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors/agencies on Mahatransco ETendering website **https://srmetender.mahatransco.in** for following works under EHV O&M Division, Kalwa,

| Sr. No. | Tender No. | Estimated Amount in Rs. | Nature of Work | Download of tender documents Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **EE/EHV/(O&M)/Dn./KLW/TENDER/16/20 26-27** | 66,84,058.43 | i) Providing outsource services of 12 Nos. of Skilled labours (4 Nos. Computer Operator Cum Typist & 08 Nos. LDC/UDC at HR & F&A Section), 01 No. Skilled labour as driver and 04 Nos. of unskilled labour (Peon) at EHV O&M Division Kalwa for the period 01.04.2026 to 31.03.2027 (FY 26-27).., **(RFx. No.7000039308)** | Tender Downloading Dates & time. **From Dt. 14.03.2026 To Dt: 28.03.2026 up to 10:00 Hrs. Technical Opening :- Dt. 28.03.2026 at 11:00 hrs.** (Onwards if possible) **Commercial Opening:- Dt 28.03.2026 at 14:00 hrs.** (Onwards if possible) |

**Tender fee :-** Rs. 500 + GST

**Contact Person :** The Executive Engineer, Mob. No. 9930496231.

For further details visit our Mahatransco E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in**

**Note :-** All eligible interested contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tender portal (New) - **https://srmetender.mahatransco.in.**

**Sd/-**
**EE, EHV (O&M) Dn., Kalwa**

# नवरात्रि में क्यों बोए जाते हैं जौ? जानें ब्रह्म देव से क्या है कनेक्शन

नवरात्रि बड़ा पावन और विशेष माना जाता है। साल में चार बार नवरात्रि पड़ती है, जिसमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि बड़ी विशेष मानी जाती है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन चैत्र नवरात्रि शुरू होती है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष शुरू होता है। इस साल 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 27 मार्च को राम नवमी के पर्व के साथ होगा। पौराणिक मान्यता है कि चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन देवी दुर्गा ने अवतरित होकर दैत्य महिषासुर का अंत किया था। माना जाता है कि इस माह में माता धरती पर आकर भक्तों के दुख दूर करती हैं। नवरात्रि में विधि-विधान से माता की पूजा की जाती है। साथ ही व्रत किया जाता है। नवरात्रि में पूजा के दौरान जौ बोए जाते हैं। आइए जानते हैं क्यों किया जाता है और जौ का ब्रह्म देव से क्या कनेक्शन है?



### क्यों बोए जाते हैं जौ?

धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि के जौ बोना शुभ और मंगलकारी माना जाता है। जौ को जयंती और 'अन्नपूर्णा देवी' का स्वरूप माना जाता है। इसको 'जौ जयंती' भी कहा जाता है। कहा जाता है कि नवरात्रि में अगर जौ नहीं बोए जाते तो पूजा पूरी नहीं होती। ऐसा इसलिए क्योंकि जौ का अंकुरण घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है।

### ब्रह्मा जी से इसका क्या है संबंध?

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जौ संसार का पहला अन्न है। जौ को ब्रह्मा जी का स्वरूप भी माना गया है। जब ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना की, तो सबसे पहले जौ ही उत्पन्न हुए। यही कारण है कि इसे पूर्णसस्य अर्थात पूरी फसल कहा जाता है। जौ ऋषियों का बहुत प्रिय अनाज माना गया है। यही सारी वजहें हैं कि जौ को विशेष स्थान दिया गया है।



### जौ बोने की विधि

नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना की जाती है। इसके साथ जौ बोने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। सबसे पहले एक साफ मिट्टी का बर्तन लें, जिसका मुंह खुला हो। इसमें पावन मिट्टी को डालें और जौ के दाने बो दें। हल्के साथ से पानी छिड़कें और ध्यान रहे कि मिट्टी नम रहे। इस पात्र को मां दुर्गा की प्रतिमा के पास रखें और रोजाना थोड़ा-थोड़ा पानी दें।



# घर में कैसे रखें 'लड्डू गोपाल' की मूर्ति

भगवान कृष्ण का बाल स्वरूप यानी 'लड्डू गोपाल' घर के किसी सदस्य की तरह होते हैं। भक्त उन्हें केवल एक मूर्ति नहीं मानते, बल्कि घर का सबसे छोटा बच्चा मानकर उनकी सेवा करते हैं। अक्सर कई भक्तों के मन में यह सवाल आता है कि क्या घर में एक से ज्यादा यानी 'दो लड्डू गोपाल' रखे जा सकते हैं? और अगर रखे जाएं, तो उनके नियम क्या होंगे?अक्सर ऐसा होता है कि घर में पहले से लड्डू गोपाल विराजमान होते हैं और कोई हमें दूसरा विग्रह भेंट कर देता है, या फिर हमारा मन किसी और बाल स्वरूप पर आ जाता है। शास्त्रों और मान्यताओं की मानें तो घर में दो लड्डू गोपाल रखने में कोई मनाही नहीं है, लेकिन यहाँ 'सेवा' की जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है।

**1. भेदभाव की कोई जगह नहीं**

जैसे एक मां अपने दो बच्चों के बीच फर्क नहीं करती, वैसे ही आपको दोनों लड्डू गोपाल की सेवा बराबर भाव से करनी होगी। ऐसा नहीं होना चाहिए कि नए लड्डू गोपाल के लिए नए कपड़े आ रहे हैं और पुराने वाले को अनदेखा किया जा रहा है। दोनों का श्रृंगार, दोनों का लाड-प्यार एक जैसा होना चाहिए।

**2. भोग और स्नान का नियम**

लड्डू गोपाल की सेवा का मुख्य आधार उनका 'नित्य कर्म' है। अगर आप दो लड्डू गोपाल रखते हैं, तो दोनों को साथ में जगाना, साथ में स्नान कराना और एक साथ भोग लगाना जरूरी है। यदि आप एक को खिलाकर दूसरे को भूल जाते हैं, तो यह दोष माना जाता है।

**3. भाई-भाई का भाव**

भक्ति मार्ग में भाव प्रधान होता है। अगर आपके पास दो लड्डू गोपाल हैं, तो आप उन्हें बड़े भाई और छोटे भाई (जैसे कृष्ण और बलराम) के रूप में मानकर सेवा कर सकते हैं।

# टैनिंग हटाने के देसी नुस्खे



टैनिंग स्किन को यूवी किरणों से बचाने का एक नेचुरल प्रोसेस होता है, दरअसल जब यूवी किरणें स्किन की एपिडर्मिस लेयर्स के अंदर जाती हैं तो त्वचा मेलानोसाइट्स बनाना शुरू करती है। ये वो कोशिकाएं हैं जिससे मेलेनिन का प्रोडक्शन होता है। इससे त्वचा जलने या डैमेज से काफी हद तक बच जाती है, लेकिन रंगत गहरी हो जाती है। तो चलिए जान लेते हैं कि आप कैसे टैनिंग को रिमूव कर सकते हैं।

धूप में ज्यादा रहने से टैनिंग होना आम समस्या है। इस वजह से स्किन अनइवन दिखाई देने लगती है और चेहरे पर भी डलनेस हो जाती है। लोग टैनिंग हटाने के लिए महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं, जबकि कुछ घरेलू उपाय भी इस समस्या को कम करने में कमाल के कारगर होते हैं। आप अपनी किचन में ही मौजूद कुछ नेचुरल चीजों की मदद से टैनिंग को कम कर सकते हैं और स्किन की नेचुरल चमक वापस आ जाती है। कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे हैं जो टैनिंग हटाने में कारगर होते हैं और एक ही बार में बढ़िया रिजल्ट मिलता है।

टैनिंग रिमूव करने के लिए आप घर पर डी-टैन स्क्रब बना सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ बेसिक इनग्रेडिएंट्स चाहिए होंगे। जैसे चीनी,चंदन, हल्दी, कॉफी पाउडर, शहद, नारियल तेल और बॉडी वॉश। सबसे पहले हल्दी को हल्का सा भून लें, अब इसमें कॉफी पाउडर और चीनी मिलाएं, इसके बाद शहद और नारियल तेल डालकर अच्छी तरह मिलाना है। इसमें सबसे लास्ट में बॉडी वॉश मिलना है। तैयार किए गए मिश्रण को नहाने से कुछ मिनट पहले शरीर के टैन वाले हिस्सों पर लगाएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। लगभग 45 मिनट के बाद नहा लें। इससे टैनिंग हटेगी और डेड स्किन भी निकल जाएगी। फेस पर इसे लगाना है तो चीनी और बॉडी वॉश न डालें। इसे पैक की तरह इस्तेमाल करें।



टैनिंग रिमूव करने के लिए आप सिंपल इनग्रेडिएंट्स के साथ फेस पैक बना सकते हैं जो एक ही बार में बढ़िया रिजल्ट देता है। इसके लिए 1 चम्मच बेसन में एक टमाटर का रस, एलोवेरा जेल, हल्दी और 1 चम्मच दही मिलाकर लगाएं। 20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर फेस वॉश कर लें। स्किन ज्यादा ऑयली है तो 3-4 बूंद नींबू का रस भी इसमें एड किया जा सकता है।

# सोने से पहले खा लें ये फल

अगर आप अनिद्रा से पीड़ित हैं और आपके मस्तिष्क के सांसारिक विचारों से घिरे रहने के कारण पूरी रात करवटें बदलते रहने से आपका सो पाना मुश्किल लगता है तो रात के आहार में कुछ फलों को शामिल करने से बेहतर नींद में मदद मिल सकती है। ज्यादातर डॉक्टरों का मानना है कि हर दिन सात या आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए, हालांकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद अक्सर पीछे छूट जाती है, वहीं अपनी नींद को नजरअंदाज करने से मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

सोने से पहले करें इन फलों का सेवन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि सोने से पहले अपने रात्रिकालीन आहार में कुछ फलों को शामिल करने से उनके सूजनरोधी गुणों, मेलाटोनिन और पोटेशियम के कारण बेहतर नींद में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने ऐसे शीर्ष पांच फलों के नाम गिनाये हैं जिनमें सेब ,चेरी , कीवी, केला और अनानास शामिल है।



खाने के बाद शरीर में मेलाटोनिन मार्कर बढ़ जाते हैं जो आपको रात में जल्दी सो जाने में सक्षम बनाते हैं।

### अनानास के फायदे

इसी प्रकार अनानास में मेलाटोनिन, विटामिन सी, मैग्नीशियम और फाइबर की प्रचुरता होती है। ये सभी सोने और जागने के चक्र को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि अनानास में ब्रोमेलैन भी होता है, जो अपने सूजनरोधी गुणों के कारण मांसपेशियों को आराम देने में मदद करता है और इस प्रकार आपकी नींद में सुधार करता है।



### सेब के फायदे

विशेषज्ञों के मुताबिक सेब पोषक तत्वों का बड़ा स्रोत है जो रात की अच्छी नींद में योगदान दे सकता है। यह फल विटामिन और मेलाटोनिन से भरपूर है जो रात में जागने से रोकने में मदद कर सकता है। स्टार प्लेयर्स में से एक विटामिन बी -6 है, जो सेब में मौजूद है और अनिद्रा को कम कर सकता है। इसमें रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने और किसी व्यक्ति के सामान्य मूड के साथ-साथ समग्र कल्याण में सुधार करने में मदद मिलती है।

### चेरी के फायदे

चेरी शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट मेलाटोनिन के स्तर को बढ़ा सकती है जो विश्राम और सोने में सहायक होती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि चेरी से भी अधिक तीखा चेरी का रस, जो एक वायरल चलन का हिस्सा बन गया है, रात को अच्छी नींद लाने के लिए एक अछ्वुत पेय है।

# आज का राशिफल



**मेष राशि -** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। शासन-सत्ता या वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलेगा। नौकरी और व्यापार में आपके बुद्धि कौशल से किए गए कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि -** आज मन में किसी अज्ञात कारण से चिंता या भय रह सकता है। फिर भी सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बनी रहेगी। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन किसी कार्य के पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। धन संबंधी मामलों में स्थिति सामान्य रहेगी, खर्चों पर नियंत्रण रखें। रिश्तों में मधुरता आएगी और परिवार का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव से बचने के लिए ध्यान और योग करें।

**मिथुन राशि -** आज किसी रिश्तेदार या परिचित से मतभेद हो सकता है। हालांकि आपके प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत मिलेंगे।कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, अनावश्यक खर्चों से बचें। जीवनसाथी का सहयोग और सान्निध्य मिलेगा। सेहत में सुधार होगा, दिनचर्या संतुलित रखें।

**कर्क राशि -** आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, ऊर्जा बनी रहेगी।

**सिंह राशि -** आज आपको सम्मान या उपहार मिलने की संभावना है। महिला अधिकारी या घर की महिला मुखिया का सहयोग मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में उम्मीद से अधिक लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या राशि -** आज भाग्य का साथ मिलेगा और कोई सुखद समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला राशि-**आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में व्यस्त रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृश्चिक राशि** - आज घर के लिए उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी हो सकती है। ससुराल पक्ष से सहयोग मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**धनु राशि-** आज आपके रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मकर राशि -** आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। परिवार में सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रह सकता है। घर-परिवार से जुड़े कार्यों में अधिक समय देना पड़ सकता है। सामाजिक गतिविधियों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे और मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और अपनों का सहयोग मिलेगा। सेहत सामान्य रहेगी, थकान से बचने के लिए आराम भी करें।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ सकता है। व्यावसायिक प्रयास सफल होंगे और कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। नौकरी और व्यापार में किए गए प्रयास सफल होंगे और नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन दिनचर्या संतुलित रखें।

**- ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री**

# परफेक्ट ग्रेवी बनाने का तरीका



**भारतीय रसोई में दही का इस्तेमाल कई तरह की स जियों और ग्रेवी में किया जाता है। दही से बनी ग्रेवी का स्वाद हल्का खट्टा, क्रीमी और बेहद स्वादिष्ट होता है, इसलिए कढ़ी, दही वाली आलू की स जी, शाही ग्रेवी या कई दूसरी डिशेज में इसका खास महत्व होता है। दही न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह ग्रेवी को गाढ़ापन और अलग ही फ्लेवर भी देता है।लेकिन अक्सर खाना बनाते समय एक आम समस्या सामने आती है।ग्रेवी में दही डालते ही वह फट जाता है। कई बार ऐसा मेहनत से बनी स जी का स्वाद और टेक्सचर बिगड़ जाता है। दही के फटने से ग्रेवी अलग-अलग हिस्सों में बंट जाती है और वह उतनी स्मूद या क्रीमी नहीं रह पाती, जितनी हम चाहते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि ग्रेवी में दही मिलाने का सही तरीका क्या है?**

### क्यों फट जाता है दही ?

दही फटने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे अगर अगर आप बहुत गर्म या उबलती हुई ग्रेवी में सीधे दही डाल देते हैं तो तापमान ज्यादा होने की वजह से ये फट जाता है। इसके अलावा अगर आप दही को बिना फेंटे सीधे ग्रेवी में मिला दिया जाए तो भी ग्रेवी फटी-फटी रह सकती है और दही भी फट सकता है। साथ ही अगर बहुत ज्यादा खट्टा दही गर्म ग्रेवी में मिला दिया जाए तो भी इसके फटने की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए हमेशा फ्रेश दही का ही इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं अगर ही बहुत पतला हो या उसमें पानी ज्यादा हो, तो गर्म ग्रेवी में डालने पर वह अलग हो सकता है।

### ग्रेवी में दही डालते समय करें ये काम

ग्रेवी में डालने से पहले दही को अच्छे से फेंट लें, ताकि उसमें कोई गांठ न रहे और वह स्मूद हो जाए।इससके अलावा म्मच बेसन या थोड़ा सा आटा मिलाकर फेंटने से दही फटने की संभावना कम हो जाती है।दही डालते समय गैस की आंच धीमी कर दें और फिर धीरे-धीरे ग्रेवी में मिलाएं। दही डालते समय सब्जी को लगातार चलाते रहें, इससे दही अच्छी तरह मिल जाता है और फटता नहीं। साथ ही दही में पहले एक-दो चम्मच गर्म ग्रेवी मिलाकर उसे थोड़ा गर्म कर लें, फिर उसे कड़ाही में डालें।इससे टेमप्रेचर बैलेंस में रहता है और दही फटता नहीं है।

# आरे कॉलोनी का होगा कायापलट

मुंबई के गोरेगांव स्थित हरे-भरे जंगलों के लिए मशहूर आरे मिल्क कॉलोनी अब एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ी है। राज्य सरकार ने आरे क्षेत्र के व्यापक सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है. इस मास्टर प्लान के तहत पूरे आरे क्षेत्र का कायापलट किया जाएगा। राज्य के दुग्ध विकास मंत्री अतुल सावे ने यह जानकारी दी.अतुल सावे ने बताया कि आरे के कायापलट के लिए वन और डेयरी और राजस्व विभाग की संयुक्त समिति बनाई गई है.इस समिति की कई बार बैठक भी हो चुकी है. समिति ने सर्वसम्मति से आरे जंगल का कायापलट करने का निर्णय लिया है. इसमें पूरे आरे जंगल का सौंदर्यीकरण, जगह -जगह सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे इसके साथ -साथ बड़ी संख्या में वृक्ष लगाएंगे जाएंगे।

सावे ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी काम किया जाएगा ताकि देश और विदेश से मुंबई आने वाले पर्यटक आरे में आए और यहाँ की जंगल को देख सके। आरे का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। सावे ने यह भी बताया कि आरे के कायापलट के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अतुल सावे के मुताबिक सरकार आरे क्षेत्र को पूरी तरह अवैध कब्जों से मुक्त कराने की तैयारी में है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि जंगल और हरित क्षेत्र को संरक्षित किया जा सके। प्रशासन का मानना है कि अवैध निर्माण हटाने से पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिलेगी। दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि आरे की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की योजना बनाई जा रही है। ये गार्ड चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे, जिससे पेड़ों की कटाई, अतिक्रमण और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। सरकार आरे को और अधिक हरा भरा बनाने के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाएगी। हजारों की संख्या में नए पेड़ लगाए जाएंगे, जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा





और मुंबई को "ग्रीन लंग्स" के रूप में नई पहचान मिलेगी। आरे को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की भी योजना है। प्राकृतिक वॉकिंग ट्रेल्स, इको-फ्रेंडली टूरिस्ट स्पॉट, व्यू प्वाइंट और बैठने की विशेष व्यवस्था, बच्चों और परिवारों के लिए सुरक्षित पिकनिक ज़ोन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### पर्यावरण और विकास का संतुलन

अतुल सावे ने कहा कि विकास कार्य पूरी तरह पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे, ताकि आरे की प्राकृतिक पहचान बरकरार रहे।आरे मिल्क कॉलोनी न केवल मुंबई की "हरित शान" के रूप में फिर से स्थापित होगी, बल्कि एक प्रमुख इको-टूरिज्म हब के रूप में भी उभर सकती है। अब सभी की नजरें सरकार के अंतिम फैसले और आगामी घोषणाओं पर टिकी हैं।

### संरक्षण और संवर्धन की तैयारी

आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएगी पारंपरिक कला, लोकनृत्य और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने, सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने और युवाओं को प्रशिक्षण देने जैसे कदमों पर विचार किया जा रहा है।

### आदिवासी संस्कृति से नहीं होगी कोई छेड़छाड़

आरे कॉलोनी में रह रहे हजारों आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान से कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। उल्टा उनकी परंपराओं, त्योहारों और लोक संस्कृति को संरक्षण और बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार की जाएगी। प्रस्तावित परियोजनाओं के साथ-साथ आदिवासी विरासत को सहेजने पर खास जोर दिया जाएगा।

### टी-20 विश्व कप 2026 जीतने के बाद फैंस से बोले सूर्य कुमार

# 'हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना'



**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को फैंस को टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद एक स्पेशल मैसेज शेयर है। भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरा बार खिताब अपने नाम किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने विश्व कप 2026 की ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर के फैंस को दिल से धन्यवाद दिया है। भारत इतिहास की पहली टीम बन गई है, जिसने टाइटल को रिटेन किया है। इससे पहले भारत ने 2007 और 2024 में टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीती थी। बीसीसीआई ने प्रशंसकों के लिए एक खास वीडियो जारी किया है, जिसमें भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पूरे सफर के दौरान मिले प्यार और दुआओं के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया है। कप्तान ने कहा कि यह ट्रॉफी सिर्फ टीम की नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की है। सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई द्वारा शेयर वीडियो में कहा, ''मेरे प्यारे टीम इंडिया के प्रशंसकों। आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया। आपका सपोर्ट और आशीर्वाद है तो ही हम हैं। ये वर्ल्ड कप ट्रॉफी पूरे भारत की है। हम जीते तो सिर्फ हमारा नहीं, उन बच्चों का सपना था जो रात-रात भर जागकर मैच देखते हैं। हम पर भरोसा बनाए रखने के लिए शुक्रिया। ट्रॉफी घर आ गई है।" सूर्यकुमार ने आगे कहा कि यह ट्रॉफी हर भारतीय की है और टीम की सफलता फैंस की वजह से ही संभव हुई। उन्होंने आगे कहा, 'यह उन बच्चों का सपना था जो हाथों में बल्ला और गेंद थामे एक सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हैं। यह उन फैंस के लिए था जो स्टेडियम भर देते हैं। और उन लाखों लोगों के लिए जो घरों से हमारा समर्थन करते हैं। आपकी दुआएं और बिना शर्त प्यार ने हमें ताकत दी है कि हम यह ट्रॉफी घर लौटा सकें। भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है यह एक भावना है और यह जीत आप सभी की है।" नॉकआउट मैचों में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया, जबकि फाइनल में टीम ने न्यूजीलैंड को धूल चटाई। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए, इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 159 रन ही बना सकी।

**भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा**

सूर्यकुमार ने कहा, '2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा।' उन्होंने कहा, 'हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।' रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, 'उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा।'

# साउथ अफ्रीका इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी बेवकूफ टीम : माइकल वॉन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम ने बीते 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जिसमें उसे 96 रनों से अपने नाम करने में कामयाब रही। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टूर्नामेंट में खेलने उतरी टीम इंडिया को ट्रॉफी जीतने के सफर तक सिर्फ एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं एक तरफ जहां भारतीय टीम के खेल की हर जगह तारीफ देखने को मिल रही है, तो वहीं इंग्लैंड टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को ये बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा है, जिसमें उनकी बौखलाहट एक बयान के जरिए सामने आई है और उसमें उन्होंने टीम इंडिया के कप जीतने को लेकर साउथ अफ्रीकी टीम को कोसा है।

इंग्लैंड टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने स्टिक टू क्रिकेट पॉडकास्ट में कहा कि मैं आपको इस टूर्नामेंट की सबसे बेवकूफ टीम के बारे में बताना चाहता हूं जो साउथ अफ्रीका की है। उनके पास सुपर-8 में वेस्टइंडीज की टीम से हुए मुकाबले में हारकर भारत को इस टूर्नामेंट से बाहर करने का शानदार मौका था। मैं सिर्फ इस बात को कह रहा हूं यदि वह ऐसा करते तो शायद टूर्नामेंट में किसी और टीम के पास ट्रॉफी उठाने का मौका होता। उन्होंने उस मैच को जीतकर भारतीय टीम के लिए रास्ता काफी आसान कर दिया। टीम इंडिया ने उसके बाद जिम्बाब्वे और फिर वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की और फिर उन्होंने इंग्लैंड को हराया।



वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद साउथ अफ्रीका को जिम्बाब्वे के खिलाफ भी मुकाबला खेलना था।

माइकल वॉन ने अपने बयान में कहा कि देखिए ऐसी चीजें होनी नहीं चाहिए और आम तौर पर होती भी नहीं हैं। मैं तो बस इतना कह रहा हूं कि अगर आप वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, तो सबसे अच्छा तरीका यह है कि सबसे अच्छी टीम को शुरू में ही बाहर कर दिया जाए।

बता दें माइकल वॉन के इस बयान से साफ हो गया है कि वह एक तरह से साउथ अफ्रीका को जानबूझकर वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला हारने के लिए कह रहे थे जो क्रिकेट भावना के बिल्कुल ही विपरीत है। टीम इंडिया ने जब सुपर-8 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला गंवाया था तो उनके लिए उस समय सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता थोड़ा कठिन हो गया था, जिसमें उनके लिए साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबले का परिणाम काफी अहम हो गया था।

# PSL से नाम वापस लेंगे गुडाकेश मोती



**नई दिल्ली।** गुडाकेश मोती पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) से अपना नाम वापस ले सकते हैं, उन्हें लाहौर कलंदर्स ने अपने दल में शामिल किया था। भारत से घर वापस लौटने के तुरंत बाद वेस्टइंडीज़ के बाएं हाथ के स्पिनर द्वारा लीग से बाहर होने का निर्णय सामने आया है। 1 मार्च को वेस्टइंडीज़ के विश्व कप से बाहर होने के बाद पूरी टीम पश्चिम एशिया में एयरस्पेस बंद होने के चलते कोलकाता में फंसी हुई थी। पता चला है कि लाहौर कलंदर्स मोती की जगह उनके जैसा ही विकल्प तलाश चुके हैं और वह श्रीलंकाई स्पिनर दुनित वेल्लालगे को अपने साथ जोड़ सकते हैं। श्रीलंकाई स्पिनर ने विश्व कप में गेंद के साथ अच्छा प्रदर्शन किया था और उन्होंने 7.22 की इकॉनमी से आठ विकेट हासिल किए थे। वेल्लालगे निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज़ी करने में भी सक्षम हैं। इस समय ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं जिससे यह पता चलता हो कि विश्व कप के बाद यात्रा संबंधी अव्यवस्था के चलते PSL में वेस्टइंडीज़ की उपलब्धता प्रभावित होती हो। विश्व कप दल से केवल मोती ही वेस्टइंडीज़ के ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें PSL के लिए साइन किया गया है। साउथ अफ़्रीका के खिलाड़ी भी सप्ताहांत तक स्वदेश नहीं लौट पाए थे लेकिन PSL में साउथ अफ़्रीका के दल से कोई भी खिलाड़ी नहीं है। लाहौर कलंदर्स इस समय गतविजेता है और उन्होंने पिछले चार में से तीन ख़िताब अपने नाम किए हैं। इनमें पिछले साल गद्दाफ़ी स्टेडियम में खेला गया रोचक फ़ाइनल भी शामिल है। अगर वेल्लालगे के जुड़ने की पुष्टि हो जाती है तो वह अपने T20I कप्तान दासुन शानका के दल में शामिल होंने, जिन्हें नीलामी में कलंदर्स ने ख़रीदा था। PSL 26 मार्च से शुरू होगा जिसमें पहला मुक़ाबला कलंदर्स और नई फ़्रैंचाइज़ी हैदराबाद किंग्समेन के बीच होगा।

# बांग्लादेश के खिलाफ पाक फिर 274 पर ढेर

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश तीन मैचों की सीरीज में आगे है। दूसरे वनडे मैच में भी पाकिस्तान टीम का बुरा हाल रहा। पहले बल्लेबाजी करने आई पाकिस्तान की पूरी टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 274 रनों पर ऑलआउट हो गई। सलमान आगा और माज सदाकत ने अर्धशतकीय पारी खेली, वहीं मोहम्मद रिजवान ने भी 44 रनों का योगदान दिया।

बांग्लादेश ने टीम में कोई बदलाव नहीं किया, जबकि पाकिस्तान ने लेग स्पिनर अबरार अहमद की जगह तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को उतारा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत ने धमाकेदार शुरुआत तो दिलाई लेकिन उनकी टीम के अन्य खिलाड़ी उनकी लीड को बरकरार नहीं रख सके और एक के बाद एक पवेलियन लौटते गए। ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। साहिबजादा फरहान और माज सदाकत ने पाकिस्तान को बहुत शानदार शुरुआत दिलाई, दोनों ने पहले विकेट के लिए 103 रनों की पार्टनरशिप की। फरहान ने 31 रन बनाए। शामिल हुसैन लगातार दूसरे मैच में फ्लॉप रहे। माज सदाकत ने तूफानी अंदाज में 46 गेंद खेलकर 75 रनों की पारी खेली। इसी बीच मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा के अनुभव ने पाक टीम को संकट से उबारा और चौथे विकेट के लिए 109 रनों की पार्टनरशिप कर दी। इस मैच में सलमान आगा का रन आउट विवाद का कारन बना। वो 64 के स्कोर पर रन आउट हो गए थे, जिसके बाद मोहम्मद रिजवान को भी बांग्लादेशी खिलाड़ियों से बहस करते देखा गया।



एक समय पाक टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे और वो आसानी से आखिरी के 12 ओवरों में 90-100 रन बना सकती थी। कहां एक समय 340 भी मुमकिन लग रहे थे, लेकिन यहां से बांग्लादेशी गेंदबाजों ने कहर बरपान शुरू किया और अगले 43 रनों के भीतर पाकिस्तान टीम के बाकी 7 विकेट भी गिर गए। रिशाद हुसैन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए, वहीं पिछले मैच में पंजा मारने वाले साढ़े 6 फुट के गेंदबाज नाहिद राणा को इस बार केवल एक विकेट से संतोष करना पड़ा। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 2, वहीं तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान ने भी एक-एक विकेट लेने में सफलता पाई।




# जुलाई में होगा अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 7

**नयी दिल्ली।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नज़ारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फ्रेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक़ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में ११ स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जो लीग की उस भूमिका को जारी रखेगा जहाँ अंतर्राष्ट्रीय सितारे और उभरते भारतीय एथलीट कंधे से कंधा मिलाकर मुक़ाबला करते हैं। आने वाले सीज़न के बारे में बात करते हुए, यूटीटी की सह-प्रवर्तक वीटा दानी ने कहा, "अल्टीमेट टेबल टेनिस धीरे-धीरे भारत के टेबल टेनिस इकोसिस्टम का एक प्रमुख स्तंभ बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने ज़मीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबलों तक, हर स्तर पर खेल के स्तर को ऊपर उठते देखा है। इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के बीच ज़्यादा पहचान, कड़ा मुक़ाबला और ज़्यादा आत्मविश्वास पैदा किया है। हमारा ध्यान एक विश्व-स्तरीय लीग बनाने पर बना हुआ है जो युवा एथलीटों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को जोड़े और खेल के दीर्घकालिक विकास में सहायता करे। भारतीय टेबल टेनिस ने हाल ही में जो प्रगति की है, उसे देखते हुए हमें उम्मीद है कि यूटीटी जैसी पहल भारत को टेबल टेनिस में ओलंपिक पदक दिलाने के बड़े लक्ष्य में योगदान देना जारी रख सकती है। " अपनी शुरुआत के बाद से,यूटीटी ने छह सफल सीजन आयोजित किए हैं, और खुद को भारत की सबसे लंबे समय तक चलने वाली सक्रिय खेल लीगों में से एक के रूप में स्थापित किया है। इस मुक़ाबले में अचंत शरत कमल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को आगे बढ़कर नेतृत्व करते देखा गया है, साथ ही इसने भारतीय सितारों की अगली पीढ़ी-जिसमें दिया चितले, मानव ठक्कर और मानुष शाह शामिल हैं-को आगे बढ़ने और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के ख़िलाफ़ मुक़ाबला करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया है।

# 'द हंड्रेड' के लिए अबरार को खरीदने पर BCCI ने कहा- विदेशी लीग में दखल नहीं दे सकते

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि जब 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने की बात आती है, तो क्रिकेट संस्था का इसमें कोई दखल नहीं होता। सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, जब उन्होंने अबरार पर 190,000 पाउंड खर्च किए। फ्रेंचाइजी की सीईओ और मैनेजमेंट की एक अहम हस्ती, काव्या मारन, इस इवेंट के दौरान नीलामी की मेज पर मौजूद थीं। गुरुवार को लंदन के पिकाडिली लाइट्स में उनके साथ हेड कोच डेनियल विटोरी भी थे, जहाँ सनराइजर्स लीड्स ने सफलतापूर्वक



ट्रेंट रॉकेट्स को पछाड़कर पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल कर लिया। यह कदम एक दुर्लभ घटना थी, क्योंकि कई सालों में यह पहला मौका था जब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से जुड़ी किसी फ्रेंचाइजी ने किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी को साइन किया था। इस फ़ैसले पर भारतीय फ़ैन्स के एक तबके की ओर से कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आईं, और कुछ लोगों ने आईपीएल में सनराइज़र्स हैदराबाद के बॉयकॉट की मांग की। इसके कुछ ही देर बाद, एक्स पर मौजूद 'सनराइज़र्स लीड्स' का अकाउंट एक्सेस से बाहर हो गया, क्यों कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर उसे सस्पेंड कर दिया गया था। शुक्रवार को एएनआई से बात करते हुए, शुक्ला ने कहा कि बीसीसीआई का अधिकार क्षेत्र आईपीएल तक ही सीमित है और वे 'द हंड्रेड' लीग में सनराइजर्स लीड्स के साथ जो कुछ भी हो रहा है, उसमें दखल नहीं दे सकते। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह पूरी तरह से फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है कि वे किस खिलाड़ी को साइन करना चाहते हैं और किसे नहीं। शुक्ला ने कहा, "हमारा अधिकार क्षेत्र आईपीएल तक ही सीमित है। इसके बाहर किसी लीग में वे जो कुछ भी करते हैं, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हम किसी विदेशी लीग में खिलाड़ी को साइन करने के उनके फैसले में कैसे दखल दे सकते हैं?

# भारतीय महिलाओं में क्रिकेट के प्रति बढ़ा क्रेज

**नई दिल्ली।** भारत ने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराते हुए विमेंस वर्ल्डकप जीत था। जिसके बाद से भारत में महिलाओं के बीच क्रिकेट खेलने की संख्या तेजी से बढ़ोत्तरी देखी गई है। एक नए सर्वे के मुताबिक 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। सर्वे में 10 हजार से ज्यादा महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में जहां सिर्फ 5% महिलाओं ने क्रिकेट खेलने की बात कही थी, अब यह आंकड़ा बढ़कर 10% हो गया है। युवा महिलाओं में बढ़ोतरी और तेज है। 15 से 24 साल की 16% लड़कियां क्रिकेट खेलती हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 6% था। इसी उम्र वर्ग की हर चार में से एक लड़की ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने की बात भी कही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हाल की सफलताओं का भी असर दिख रहा है। टीम ने हाल ही में अपना पहला वनडे वर्ल्ड कप जीता और ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी-20 सीरीज में हराया। सर्वे में यह भी सामने आया कि महिलाओं के बीच क्रिकेट अब पारंपरिक खेल कबड्डी से काफी आगे निकल गया है। 2020 में दोनों खेलों के बीच अंतर कम था, लेकिन अब क्रिकेट आगे है। ज्यादातर राज्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में तो यह आंकड़ा 1% से बढ़कर 10% तक पहुंच गया है।

साथ ही पुरुष और महिला खिलाड़ियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अब हर एक महिला खिलाड़ी पर तीन पुरुष खिलाड़ी हैं, जबकि 2020 में यह अनुपात एक के मुकाबले पांच था। करियर के रूप में खेल को देखने वाली 15-24 उम्र की 26% लड़कियां हैं, जो 2020 में 16% थीं। तमिलनाडु में यह आंकड़ा 27%, मध्य प्रदेश और मेघालय में 19-19% दर्ज किया गया।

# अश्विन और हरभजन सिंह का होगा आमना-सामना

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट के जारी सीजन के तीसरे मुकाबले में कोणार्क सूर्या ओडिशा और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। दोनों ही टीमों का एलएलसी के इस सीजन में ये पहला मुकाबला होगा, जिसको लेकर उनके आगाज पर सभी की नजरें रहने वाली हैं। अभी तक एलएलसी के इस सीजन में दो मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले मुकाबले में इंडिया कैप्टन्स की टीम ने 23 रनों से जीत हासिल की थी तो वहीं दूसरे मैच को इंडिया टाइगर्स की टीम 20 रनों से अपने नाम करने में कामयाब रही थी। ऐसे में तीसरे मैच में टॉस की भूमिका काफी अहम रहने वाली हैं। एलएलसी के तीसरे मुकाबले में कई दिग्गज खिलाड़ी जिन्होंने लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना जलवा दिखाया है वह इस मैच में खेलते हुए दिखाई देंगे। इसमें सदर्न सुपर स्टार टीम की कप्तानी जहां हरभजन सिंह संभालेंगे तो वहीं कोणार्क सूर्या ओडिशा टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी को रविचंद्रन अश्विन संभालते हुए दिखाई देंगे।

इसके अलावा अन्य बड़े खिलाड़ियों को लेकर बात की जाए तो उसमें मार्टिन गुप्टिल, दिनेश कार्तिक, रॉस टेलर का नाम शामिल है। कोणार्क सूर्या ओडिशा और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच में ये मुकाबला कोयंबटूर के श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस ग्राउंड पर खेला जाएगा, जिसमें टॉस भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे होगा तो वहीं मैच की शुरुआत शाम 7:30 पर होगी।

# पैरा जैवलिन चैंपियन सुमित ने जीता स्वर्ण

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं; यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो ऍफ़43/ऍफ़44/ऍफ़64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं। देखते हैं आगे क्या होता है।" टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69.25 मीटर का विजयी थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49.48 मीटर के साथ कांस्य पदक



अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, "इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज़' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी; मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69.25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है।" वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा, "मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था।मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं।"

# 50 ओवर के विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करेंगे बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बड़ा कदम उठाया है। जसप्रीत बुमराह जल्द ही अपनी रणनीति बदलने वाले हैं। अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज अब अपना ध्यान अगले बड़े लक्ष्य पर है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 विश्व कप पर फोकस कर रहे हैं। इस योजना के तहत बुमराह अगले 18 महीनों में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की तुलना में अधिक वनडे मैच खेलेंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बुमराह लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में खेलने के इच्छुक हैं। यह एक दीर्घकालिक लक्ष्य है। फिलहाल आईपीएल 2026 के समाप्त होते ही 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारियां पूरी रफ्तार से शुरू हो जाएंगी और बुमराह जो आईसीसी के इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए भारत की योजनाओं का अभिन्न अंग हैं, अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखेंगे। वनडे के अलावा बुमराह क्रिकेट में भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल पर नजर रखते हुए तेज गेंदबाज से उम्मीद की जाती है कि वह टेस्ट और वनडे दोनों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।



बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि हमेशा की तरह, बुमराह की फिटनेस भारत के किसी भी वैश्विक अभियान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को बहुत सावधानी बरतनी होगी और प्रारूपों को प्राथमिकता देनी होगी।



# रिलीज से पहले ही 'धुरंधर 2' का तूफान

इन दिनों अगर किसी फिल्म की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है तो वो है रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2', जो 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फैंस इतने ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं कि मेर्कस ने रिलीज से एक दिन पहले (18 मार्च) इस फिल्म के पेड प्रीव्यूज शोज भी रखे हैं और उसके लिए एडवांस बुकिंग जारी है। पेड प्रीव्यूज शोज की बुकिंग के जरिए ही 'धुरंधर 2' अपने पहले पार्ट के कलेक्शन से आगे निकल गई है।

सैकनिल्क के अनुसार 'धुरंधर 2' के पेड प्रीव्यूज शो के अब तक 4 लाख 77 हजार 981 टिकट बिक चुके हैं. ये आंकड़ा 13 मार्च सुबह 9 बजे तक का है. इसके जरिए फिल्म ने 24.46 करोड़ रुपये अपने नाम कर लिए हैं. वहीं अगर इसमें ब्लॉक सीट भी शामिल कर लें तो कमाई का ये आंकड़ा 29.4 करोड़ हो जाता है. यानी 'धुरंधर' के पहले पार्ट के ओपनिंग डे कलेक्शन से भी ज्यादा. 'धुरंधर' ने पहले दिन 28 करोड़ रुपये की कमाई की थी.'धुरंधर 2' के पेड प्रीव्यूज शो में अभी 5 दिन बाकी है और बुकिंग लगातार जारी है. ऐसे में ये फिल्म पेड प्रीव्यूज शोज के जरिए ही बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर देगी. ऐसा माना जा रहा है कि पेड प्रीव्यूज और ओपनिंग डे कलेक्शन को मिलाकर डे-1 पर फिल्म का टोटल कलेक्शन 100 करोड़ क्रॉस कर सकता है. अगर ऐसा होता है तो 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी. अब तक बॉलीवुड की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म साल 2023 में आई शाहरुख खान की 'जवान' है, जिसने पहले दिन 75 करोड़ रुपये अपने नाम किए थे।

# रिसेप्शन पार्टी में दिखे मलाइका और हर्ष



बॉलीवुड की ग्लैमरस डिवा मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वो एक्ट्रेस कृतिका कामरा और टीवी होस्ट गौरव कपूर की वेडिंग पार्टी में नजर आईं, लेकिन इस पार्टी की सबसे ज्यादा चर्चा किसी और वजह से हो रही है। दरअसल, इस इवेंट में मलाइका के साथ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता भी पहुंचे थे। हालांकि, दोनों एक ही पार्टी में मौजूद थे, लेकिन दिलचस्प बात ये रही कि उन्होंने कैमरों के सामने एक साथ पोज देने से दूरी बनाए रखी, जिससे सोशल मीडिया पर चर्चा और तेज हो गई।मुंबई में ऑर्गेनाइज इस स्टार-स्टडेड कृतिका कामरा और गौरव कपूर की वेडिंग रिसेप्शन में फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। पार्टी में मलाइका अरोड़ा हमेशा की तरह अपने ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं और उन्होंने रेड कार्पेट पर पैपराजी के लिए जमकर पोज दिए। वहीं दूसरी तरफ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता ने कैमरों से दूरी बनाकर रखी। बताया जा रहा है कि वो चुपचाप पार्टी में पहुंचे और पैपराजी से बचने के लिए मेन एंट्री की बजाय पीछे के रास्ते से अंदर जाते नजर आए।इस पूरे वाकये का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हर्ष मेहता कैमरों से बचने की कोशिश करते हुए जल्दी-जल्दी वेन्यू में एंट्री लेते हैं। हालांकि, पैपराजी की नजर से बच पाना उनके लिए आसान नहीं रहा और कैमरों में उनकी झलक कैद हो ही गई। दूसरी ओर मलाइका ने पूरे कॉन्फिडेंस के साथ रेड कार्पेट पर एंट्री ली और अपने स्टाइलिश सिल्वर आउटफिट में सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता उत्तराखंड के प्रसिद्ध आध्यात्मिक और पर्यटन स्थल ऋषिकेश में ट्रेकिंग ट्रिप पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पहाड़ों की मनमोहक वादियों और प्राकृतिक सुंदरता के बीच रोमांचक ट्रेकिंग का अनुभव लिया।

# ऋषिकेश में ट्रेकिंग ट्रिप पर पहुंचीं निकिता दत्ता

शेयर किए गए वीडियो में निकिता दत्ता आरामदायक ट्रेकिंग कपड़ों में नजर आ रही हैं और शांत माहौल में पहाड़ी रास्तों पर चलते हुए प्रकृति का आनंद लेती दिखाई देती हैं।

वीडियो में वह कभी ट्रेकिंग करते हुए तो कभी रास्ते में रुककर खूबसूरत नजारों को निहारती और आराम करती नजर आती हैं। अभिनेत्री का यह रिलैक्स और एडवेंचरस अंदाज सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। पोस्ट के साथ निकिता ने अपने प्रशंसकों के लिए एक दिलचस्प सलाह भी दी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा कि अगर आप एडवेंचर करना चाहते हैं और घरवालों को चिंता से बचाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने साथ ही ट्रिप पर ले जाएं। अभिनेत्री ने खासतौर पर ऋषिकेश में मौजूद सिंगटाली हाइक का जिक्र करते हुए कहा कि यहां आने वाले लोगों को इस ट्रेकिंग अनुभव को जरूर आजमाना चाहिए। उनके मुताबिक यह जगह प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए बेहद खास है। बता दें कि निकिता दत्ता आज भले ही फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी।

उन्होंने साल 2014 में फिल्म लेकर हम दिवाना दिल से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद 2015 में टीवी शो ड्रीम गर्ल्स से छोटे पर्दे पर शुरुआत की और 2016 में इक दूजे के वास्ते से उन्हें अच्छी पहचान मिली। बाद में उन्होंने गोल्ड, कबीर सिंह, द बिग बुल और डायबुक जैसी फिल्मों में काम किया। वह वेब सीरीज खाकीः द बिहार चेप्टर में भी नजर आ चुकी हैं। हाल ही में वह फिल्म ज्वेल थीफ में दिखाई दीं, जिसे नेटफलीक्स पर रिलीज किया गया था।

# वेब सीरीज संकल्प में नजर आएंगी रूप दुर्गापाल



छोटे परदे की अभिनेत्री रूप दुर्गापाल अब ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। जल्द ही अभिनेत्री आगामी वेब सीरीज संकल्प में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे अभिनेता मोहम्मद जीशान अय्यूब की पत्नी माधुरी के किरदार में हैं। रूप ने अपने को-स्टार जीशान के अभिनय की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जीशान बहुत ही शानदार अभिनेता है। एनएसडी से पढ़ाई करने और फिल्मों-वेब सीरीज में इतना अनुभव होने के कारण उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके सीन्स को देखने का नजरिया, भाषा पर अच्छी पकड़ और एनर्जी ने मेरे साथ के सीन को बेहतर बनाया। मैं हर दिन सेट पर उनके आने का इंतजार करती थी। अभिनेत्री ने आगे सीरीज की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि शानदार कलाकारों के साथ काम करना ही उन्हें इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए उत्साहित कर रहा था। अभिनेत्री ने कहा, जब सबके पास अच्छा काम होता है, तो सेट पर और बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

नाना पाटेकर सर और प्रकाश सर के साथ काम करना एक्टिंग, फिल्म बनाने और जिंदगी के कई पहलुओं को समझने जैसा था। मेघना मलिक से भी बहुत कुछ सीखा। हम लंच और डिनर के दौरान भी खूब बातें करते थे। वे न सिर्फ बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी हैं। उन्होंने आगे बताया कि सीरीज के लिए उन्हें ऑफर कैसे मिला था। उन्होंने बताया, साल 2019 तक मैंने टेलीविजन से आगे जाने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था, लेकिन कोविड के दौरान सब कुछ बदल गया। लोगों को जाते देखकर मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी बहुत छोटी है। कुछ भी कहा नहीं जा सकता। तब मैंने फैसला लिया कि अब उन चीजों को आजमाना है जिनसे पहले डर लगता था। उत्तराखंड के अल्मोड़ा की रहने वाली अभिनेत्री रूप ने सिल्वर स्क्रीन पर परफॉर्म करने के अलावा, थिएटर में भी काम किया, जो उनके लिए नया था। उन्होंने थिएटर को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, बिना कट, रीटेक के, महीनों रिहर्सल करके स्टेज पर परफॉर्म करना काफी अजीब था, लेकिन जिंदगी की अनिश्चितता ने मुझे हिम्मत दी। स्टेज पर खड़े होकर बिना किसी डर के परफॉर्म करना शानदार अनुभव था। इसी हिम्मत ने मुझे टीवी से आगे बढ़कर वेब सीरीज में आने की ताकत दी। अभिनेत्री का मानना है कि हर किसी का सफर अलग होता है और सब कुछ अपने सही समय पर ही होता है। उन्होंने कहा, शायद मेरा सफर ऐसा ही

# पर्पल बिकिनी में अवनीत कौर का सुपर बोल्ड अंदाज

अवनीत कौर टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अक्सर अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इस बार अवनीत ने पर्पल स्ट्रैपलेस बिकिनी टॉप और एनिमल प्रिंट सारोंग में समंदर किनारे से अपनी कुछ सुपर बोल्ड तस्वीरें शेयर की है। तस्वीरों में अवनीत कौर एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। वह समंदर के पानी में खड़े होकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। अवनीत ने मिनिमल मेकअप और खुले कर्ली बालों के साथ अपना लुक कम्प्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने हैवी गोल्डन कंगन और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ एक्सेसराइज किया है, जो उनके बीचवियर में एक 'बोहो-चिक' टच जोड़ रहा है। 24 साल की अवनीत कौर का यह बोल्ड अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कमेंट सेंशन में फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।



# प्रकाश झा ने कंफर्म किया 'राजनीति' का सीक्वल

साल 2010 में आई प्रकाश झा की फिल्म 'राजनीति' बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली पॉलिटिकल थ्रिलर मानी जाती है। करीब 16 साल बाद, इस फिल्म के चाहने वालों के लिए एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। निर्देशक प्रकाश झा ने कन्फर्म किया है कि वह इस पॉलिटिकल थ्रिलर के सीक्वल पर काम कर रहे हैं।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में प्रकाश झा ने फिल्म 'राजनीति 2' के स्टेटस को लेकर स्थिति साफ की। उन्होंने बताया कि फिल्म का सीक्वल फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। प्रकाश झा ने कहा, राजनीति की यात्रा तो अनवरत है, यह चलती ही रहती है। हमारे पास राजनीति 2 के लिए हमेशा से एक प्लान था। फिलहाल मैं इस पर सक्रिय रूप से काम कर रहा हूं। प्रकाश झा ने बताया कि पहली फिल्म की तरह इस सीक्वल में भी किरदार, घटनाएं और कहानी के कुछ हिस्से भारतीय महाकाव्यों और पौराणिक कथाओं से प्रेरित होंगे। प्रकाश झा ने खुलासा किया कि वह एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे थे जिसका नाम 'पांचाली' था, जो द्रौपदी के चरित्र से प्रेरित थी। फिल्म के सीक्वल की खबर आते ही सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर और कैटरीना कैफ के नाम ट्रेंड करने लगे हैं। हालांकि प्रकाश झा ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कास्टिंग का खुलासा नहीं किया है, लेकिन फैंस को उम्मीद है कि समर प्रताप सिंह (रणबीर) और इंदु (कैटरीना) की कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां खत्म हुई थी। इंटरव्यू के दौरान जब रणबीर कपूर के उस पुराने बयान का जिक्र हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि वे 'राजनीति' में अपने अभिनय से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे, इसपर उन्होंने कहा, एक अच्छा अभिनेता हमेशा अपने काम की समीक्षा करता है। उस समय उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया था, लेकिन समय के साथ नजरिया बदलता है और बेहतर करने की गुंजाइश हमेशा रहती है।



# ओटीटी सीरीज 'कप्तान' का पहला पोस्टर रिलीज

Amazon MX Player ने अपनी ओरिजिनल सीरीज 'कप्तान' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मुख्य भूमिका में साकिब सलीम नजर आ रहे हैं। सीरीज़ में साकिब समरदीप सिंह नाम के एक समर्पित पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले की आग और एक ईमानदार अफसर होने की जिम्मेदारी के बीच खुद को फंसा हुआ पाता है।

रॉ और दमदार बैकग्राउंड के साथ जारी किए गए इस पोस्टर में साकिब पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो इशारा करता है कि यह कहानी काफी निजी, तीखी और एक्शन से भरपूर होने वाली है। दर्शकों ने अब तक साकिब को पुलिस अधिकारी के रूप में नहीं देखा है, लेकिन यह पोस्टर साफ दिखाता है कि वह इस किरदार के जरिए अपने अभिनय के नए आयाम पेश करने के लिए तैयार हैं। 'कप्तान' में साकिब सलीम के साथ कविता कौशिक, सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अनुष्का कौशिक, पूजा गोर और विक्रम कोचर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। Amazon MX Player ने अपने 2026 कंटेंट स्लेट के दौरान साकिब सलीम की इस सीरीज़ 'कप्तान' की घोषणा की थी। हालांकि, निर्माताओं ने अभी इसकी रिलीज़ डेट का खुलासा नहीं किया है, लेकिन यह सीरीज़ भारत भर के दर्शकों के लिए फ्री में उपलब्ध होगी।




# 20 साल बाद लौटेगी खोसला फैमिली

करीब दो दशक पहले आई कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'खोसला का घोसला' ने अपनी हल्की-फुल्की कहानी, देसी ह्यूमर और दिल छू लेने वाले फैमिली ड्रामे से दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब इस कल्ट क्लासिक फिल्म की यादें एक बार फिर ताजा होने वाली हैं, क्योंकि मेकर्स ने इसके सीक्वल 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि लगभग 20 साल बाद एक बार फिर वही पुरानी खोसला फैमिली दर्शकों को हंसाने और मनोरंजन करने के लिए बड़े पर्दे पर लौट रही है।



2006 में रिलीज हुई पहली फिल्म 'खोसला का घोसला' की कहानी एक आम दिल्ली के मिडिल क्लास फैमिली के इर्द-गिर्द घूमती थी, जिसमें जमीन के विवाद और एक चालाक बिल्डर से जूझती खोसला फैमिली की मजेदार जुगत दिखाई गई थी। इस फिल्म ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया, बल्कि समय के साथ-साथ इसे कल्ट क्लासिक का दर्जा भी मिल गया। अब उसी कहानी को आगे बढ़ाने के लिए इसका सीक्वल तैयार किया जा रहा है, जिससे दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रहा है।फिल्म 28 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में एक बार फिर दिग्गज एक्टर अनुपम खेर और बोमन ईरानी अपनी यादगार भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके साथ ही रणवीर शूरे, तारा शर्मा और कई पुराने कलाकारों की वापसी भी तय मानी जा रही है। यही वजह है कि दर्शकों को इस बार भी वही पुराना स्वाद, देसी ह्यूमर और फैमिली ड्रामा देखने को मिलने की उम्मीद है, जिसने पहली फिल्म को इतना खास बनाया था।बताया जा रहा है कि इस बार की कहानी में खोसला फैमिली नई परिस्थितियों और नए परेशानियों से जूझता दिखाई देगा, लेकिन अंदाज वही पुराना रहेगा। कॉमेडी, इमोशन और चालाकी भरे प्लान इन सब कॉम्बिनेशन के बाद ये कहा जा सकता है कि ये फिल्म पुराने दर्शकों के लिए नॉस्टैल्जिया लेकर आएगी। फिल्म के सीक्लव पार्ट को प्रशांत भागिया ने डायरेक्ट किया है। इस प्रोजेक्ट की घोषणा सबसे पहले इसी साल जनवरी में की गई थी।

# ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट कर रहे बडे प्रोजेक्ट पर काम

बॉलीवुड प्रोड्यूसर-एक्टर कपल रवि दुबे और सरगुन मेहता अपनी प्रोडक्शन कंपनी ड्रीमियाटा इंटरटैनमेंट के जरिए लगातार अलग तरह के कंटेंट पर काम कर रहे हैं। यह जोड़ी अब एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गई है। ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट जल्द ही एक महत्वाकांक्षी पैन-इंडिया पंजाबी फिल्म बनाने जा रहा है, जिसमें सरगुन मेहता मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक इंटरव्यू के दौरान रवि दुबे ने कहा कि इस फिल्म की कहानी पंजाब की पृष्ठभूमि से निकलेगी, लेकिन इसे पूरे देश के दर्शकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। रवि दुबे ने कहा कि अभी प्रोजेक्ट से जुड़ी ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, लेकिन यह एक बड़ी पैन-इंडिया फिल्म होगी और इसमें सरगुन मेहता लीड रोल में दिखाई देंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर पूरी टीम बेहद उत्साहित है और इसे बड़े स्तर पर बनाने की योजना है।



रवि दुबे के मुताबिक उनकी टीम इस फिल्म के जरिए एक ऐसे जॉनर को सामने लाने की कोशिश कर रही है, जिसे भारतीय सिनेमा में अब तक पूरी तरह से एक्सप्लोर नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है और स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इसके साथ ही फिल्म के एसेट्स और म्यूजिक से जुड़े काम भी शुरू कर दिए गए हैं। रवि ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर टीम इतनी उत्साहित है कि कई बार रातों की नींद तक उड़ जाती है, लेकिन इस पूरी क्रिएटिव प्रक्रिया का वे भरपूर आनंद ले रहे हैं। साल 2025 ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट के लिए काफी सफल साबित हुआ। इस बैनर ने पंजाबी सिनेमा की चर्चित और सफल फिल्मों में से एक सुकुन 2 दर्शकों को दी।